* ओड़िशा संस्करण

31 अगस्त, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 311



रक्षा बंधन आज, सभी को शुभकामनाएं।





**FLORENCE**
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)




NURSING: ANM GNM, POST BASIC B.SC., BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG, X-RAY OPHTHALMIC, ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com


## आइएनडीआइए की दो दिवसीय बैठक आज से

# हम परिवर्तन के लिए एक साथ आये हैं: शरद पवार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/मुंबई।** विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (आइएनडीआइए) की दो दिवसीय बैठक गुरुवार से मुंबई में शुरू हो रही है। 31 अगस्त और 1 सितंबर को होने वाली इस बैठक में शामिल होने के लिए नेताओं का मुंबई पहुंचना शुरू हो गया है। उधर, बैठक से पहले बुधवार को एनसीपी प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता उद्धव ठाकरे ने संवाददाता सम्मेलन में बैठक के बारे में जानकारी दी। पवार ने कहा कि हम परिवर्तन के लिए एक साथ आये हैं। 28 पार्टियों का सम्मेलन गुरुवार से शुरू होगा। चुनाव में परिवर्तन के लिए विकल्प जरूरी है। हमारा भरोसा है कि देश को एक बढ़िया विकल्प मिलेगा।

- **आइएनडीआइए की वजह से रसोई गैस की कीमत कम हुई: उद्धव**

उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारा गठबंधन बनते ही सरकार ने गैस के दाम कम कर दिये हैं। देखते जाइये, आगे से फ्री सिलेंडर भी देंगे। नौ साल से इन्हें बहनों की याद नहीं आयीं, इस बार रक्षाबंधन का गिफ्ट दे रहे हैं। क्या पहले रक्षाबंधन नहीं मनाया गया था। उन्होंने कहा कि हमारी विचारधारा अलग-अलग जरूर है, हमारा उद्देश्य एक है, संविधान की रक्षा करना। हमारे पास प्रधानमंत्री बनाने के लिए कई चॉइस हैं, लेकिन भाजपा के पास मोदी के अलावा कोई विकल्प ही नहीं है। इस मौके पर कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा कि हमारे गठबंधन में 11 मुख्यमंत्री हैं। गठबंधन में शामिल पार्टियों को पिछले चुनाव में 23 करोड़ वोट मिले थे, जबकि भाजपा को 22 करोड़ वोट मिले थे। तब हम अलग-अलग थे, इसलिए भाजपा जीत गयी थी। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में गठबंधन के संयोजक, सीट शेयरिंग समेत अन्य मुद्दों पर बातचीत होगी। राजद प्रमुख लालू प्रसाद, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत कई नेता मुंबई पहुंच चुके हैं। वहीं, मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन का गुरुवार को मुंबई जाने का कार्यक्रम है। पवार ने कहा कि 28 दलों के 63 प्रतिनिधि बैठक में शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बैठक में होंगे शामिल



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी आइएनडीआइए की बैठक में शामिल होंगे। इससे पहले भी हेमंत विपक्षी गठबंधन की पटना और बंगलुरु की बैठक में शामिल हो चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री गुरुवार की सुबह मुंबई जायेंगे।

### भाजपा का पोस्टर: 2024! मैं वापस आऊंगा!




नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। मुंबई में विपक्षी गुट की बैठक से एक दिन पहले भाजपा ने बुधवार को एक पोस्टर ट्वीट किया। पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अर्नोल्ड श्वार्जनेगर स्टार 'टर्मिनेटर' फिल्म फ्रेंचाइज्जी के काल्पनिक साइबोर्ग कैरेक्टर के रूप में उसके प्रसिद्ध डायलॉग में एक बदलाव के साथ दिखाया गया है। एकजुट होकर लड़ने की विपक्ष की कोशिश पर कटाक्ष करते हुए पोस्टर में लिखा गया है, '2024! मैं वापस आऊंगा!' पोस्टर को भाजपा के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा किया गया है, इसके कैप्शन में लिखा गया है, 'विपक्ष सोचता है कि पीएम मोदी को हराया जा सकता है। सपने देखते रहो! टर्मिनेटर हमेशा जीतता है।'

### न्यूज रील्स

#### अधीर रंजन ने संसदीय समिति के सामने माफी मांगी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी विशेषाधिकार समिति के सामने पेश होकर माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि वे किसी की भावनाओं को आहत करना नहीं चाहते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी को लेकर उन्हें 11 अगस्त को मानसून सत्र के आखिरी दिन लोकसभा से निलंबित किया गया था। विशेषाधिकार समिति के सदस्य ने बताया कि अधीर रंजन चौधरी का सस्पेंशन हटाने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास किया गया है। बहुत जल्द इस प्रस्ताव को लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के पास भेजा जायेगा।

# जेनरल ने अपना टाइटल बदल खरीद ली आदिवासी की जमीन

## एसटी/एससी थाना में केस, जांच शुरू

**अजय शर्मा**

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी में गैर-आदिवासी द्वारा अपना उपनाम बदल कर आदिवासी की जमीन खरीदने का एक अनोखा मामला सामने आया है। सदर इलाके के बड़गाईं अंचल में यह सौदा हुआ है। सौदे की बाकायदा अनुमति भी दी गयी। जमीन बिकने के बाद आदिवासी परिवार को इसका पता चला।

- मामला बड़गाईं का, परेशान है पीड़ित

### शीला देवी ने उपनाम उराइन कर लिया

बड़गाईं अंचल में करीब 36 डिसमिल जमीन (खाता नंबर 60 प्लॉट नंबर 2306) शशि उरांव, सुकरा उरांव और मंगल उरांव की खतियानी जमीन है। खतियान फागू उरांव और ठीरू उरांव के नाम से है। सुकरा और मंगल ने उक्त जमीन बड़गाईं निवासी शीला उराइन (पति मनीराम उरांव) के हाथों बेच दी है। खरीदार तेली साहू समाज से आते हैं, लेकिन इन्होंने जमीन खरीदने के लिए अपनी पहचान छिपा ली।

### एसटी-एससी थाना में केस

25 अगस्त को शशि उरांव ने रांची के एसटी-एससी थाना में (कांड संख्या 63/23) दर्ज कराया है, जो भादवि की धारा 420, 341, 467, 468, 506 और एससी एसटी एक्ट के उल्लंघन के संबंध में है। इसमें खुद को ठीरू उरांव का परपोता बताते हुए आरोप लगाया गया है कि उनकी जमीन पर मनीराम साहू, धनीराम साहू, धूमेश्वर साहू, अनिल साहू, संदीप साहू, अजय साहू आदि ने कब्जा कर लिया है। दो माह पहले शशि उरांव अपनी मां और चचेरी भाभी के साथ अपनी जमीन पर गये, तो मनीराम साहू और अन्य ने जमीन खरीदने की बात कही और दस्तावेज दिखाया। इस दौरान उन सभी ने गाली-गलौज भी की। उन्होंने धमकी दी कि ज्यादा खोजबीन करने पर हत्या कर दी जायेगी। 22 अगस्त को सफेद रंग की हुंडई कार से धीरज साहू नामक एक व्यक्ति ने शशि उरांव के भाई विनोद उरांव को जबरन उठा लिया। उसे बूटी मोड़ स्थित वैक्सपॉल फैक्ट्री के बगल में सागर साहू के यहां ले जाया गया। वहां शराब पिला कर सादे कागज पर अंगूठा निशान लिया गया और 20 हजार रुपये उसकी जेब में डाल दिया गया। इसके बाद पूरे परिवार को फोन कर धमकी दी जाने लगी है।

# न्यायपालिका में भयंकर भ्रष्टाचार: गहलोत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज ज्यूडिशियरी में भयंकर भ्रष्टाचार हो रहा है। मैंने सुना है कि कई वकील तो जजमेंट लिखकर ले जाते हैं। वही जजमेंट आता है। ज्यूडिशियरी के अंदर यह क्या हो रहा है? चाहे लोअर ज्यूडिशियरी हो या अपर। हालात गंभीर हैं। देशवासियों को सोचना चाहिए। मुख्यमंत्री जयपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि भाजपा विधायक कैलाश मेघवाल ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पर जो आरोप लगाये हैं, वो सही हैं। मुझे मालूम पड़ा है कि उनके (अर्जुन राम मेघवाल) वक्त बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ था। उसे दबा दिया गया है। इन लोगों ने हाइकोर्ट से स्टे ले रखा है।


मीडिया मार्केटिंग इनिशियेटिव

# चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति द्वारा दुर्गा पूजा हेतु मनभावन पंडाल का हो रहा निर्माण, श्रद्धालुओं की सुरक्षा का रखा जाएगा खास ख्याल

राजधानी रांची के हृदयस्थली कहे जाने वाले अल्बर्ट ए क्का चौक मुख्य मार्ग पर विगत 1971 से आकस्मिक कारणों को छोड़कर यथासंभव और आकर्षक पूजा का आयोजन चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति करता रहा है। इसी के तहत दुर्गा पूजा और पंडाल निर्माण की शुरूआत क्लब के संस्थापक सदस्योंअध्यक्ष पदाधिकारी एवं सदस्यों के बीच यजमान के द्वारा भूमि पूजन के साथ प्रारंभ हुई चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष शहर वासियों एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को अपने पूजा पंडाल प्रारूप में देवलोक का प्रस्तुति करने जा रहा है बेहद ही आकर्षक रूप से पूजा पंडाल मनोरम लाइटिंग और नैनाभीराम मां का दरबार होगा कोलकाता से आए कारीगरों के द्वारा पूजा पंडाल का निर्माण होना है और पूजा पंडाल में लगने वाले आकर्षक लाइट भी पूजा पंडाल के प्रारूप देवलोक के तर्ज पर बेहद ही खास रूप से लगाई जानी है। इस देवलोक में मां दुर्गा और मां दुर्गा के दरबार में स्थापित प्रतिमाओं के अलावा अन्य भगवान की प्रतिमा बेहद ही संजीदगी के साथ आए श्रद्धालुओं के बीच प्रस्तुत रहेगी क्लब के अध्यक्ष पदाधिकारी सहित सभी सदस्य पंडाल निर्माण से लेकर मां के विसर्जन शोभायात्रा तक अपने अथक प्रयास से शहर वासियों को आकर्षक और भव्य पूजा का आयोजन के लिए कृत संकल्पित हो गया है।






**हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अलबर्ट एक्का चौक मुख्य मार्ग पर दुर्गा पूजा की तैयारी हो रही है।**

चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष शहर वासियों एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को अपने पूजा पंडाल प्रारूप में देवलोक का प्रस्तुति करने जा रहा है।
बता दें कि इस बार भी बेहद ही आकर्षक रूप से पूजा पंडाल की सजावट होगी जो मनोरम लाइटिंग से सुसज्जित होगा।
मां के दरबार को नैनाभीराम बनाने की तैयारी चल रही है।

**कोलकाता के कारीगर करेंगे पूजा पंडाल का निर्माण**

कोलकाता के कारीगर करेंगे पूजा पंडाल का निर्माण
होना है और पूजा पंडाल में लगने वाली आकर्षक लाइट भी पूजा पंडाल के प्रारूप देवलोक के तर्ज पर बेहद ही खास तरीके से लगाई जानी है। इस देवलोक में मां दुर्गा और मां दुर्गा के दरवार में स्थापित प्रतिमाओं के अलावा अन्य भगवान की प्रतिमा बेहद ही खूबसूरत तरीके से सजाई जायेगी जो श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित करेगी।

**क्लब के पदाधिकारियों की देख रेख में चल रहा कार्य**

क्लब के अध्यक्ष पदाधिकारी सहित सभी सदस्य पंडाल
निर्माण से लेकर मां के विसर्जन शोभायात्रा तक अपने अथक प्रयास से शहर वासियों को आकर्षक और भव्य पूजा का आयोजन के लिए कृत संकल्पित हैं।

**सुरक्षा का रहेगा खास प्रबंध**

पूजा पंडाल से लेकर उसके आसपास के क्षेत्रों में पूजा के दौरान आए श्रद्धालु और दर्शनार्थियों के सुरक्षा के लिए भी विशेष व्यवस्था समिति के द्वारा की जा रही है। जिसमें सीसीटीवी कैमरा विशेष तौर पर रखा गया है क्लब के पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा भी इस बात का खासा ध्यान रखा जाएगा।



**कुछ अहम बिंदु एक नजर में**

- शहर के मुख्य केंद्र अल्बर्ट एक्का चौक में चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के द्वारा इस वर्ष भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। यहां आने के बाद श्रद्धालुओं को लगेगा कि मानो ये सचमुच देव नगरी में पहुंच गए है।
- आकर्षक पंडाल को ऐसे डिजाइन किया जा रहा है, जैसे सभी चीजें वास्तविक लगें। समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि हम श्रद्धालुओं को कुछ ऐसा दिखाना चाहते हैं, जिससे उन्हें सचमुच लगे कि वे देव नगरी में है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पंडाल 80 फीट चौड़ा 60 फीट लंबा और 70 फीट चौड़ा होगा। मूर्ति और लाइटिंग अभूतपूर्व होगी।
- कोलकाता के मशहूर कलाकार कोलकाता में ही मूर्ति को अंतिम रूप देंगे। वहीं, कोलकाता की जानी मानी लाइटिंग टीम द्वारा विद्युत सज्जा की जाएगी।
- पंडाल के सबसे ऊपर भारत का नक्शा होगा और साथ में भारत का बड़ा झंडा।
- प्रवेश द्वार में ही विशाल शिवलिंग होगा। इस पर लगातार पानी गिरता रहेगा।
- पंडाल के अंदर बनारस की तर्ज पर गंगा आरती श्रद्धालुओं को भक्ति की गंगा में डुबो देगी।
- पंडाल के अंदर में मां दुर्गा का 5 फीट का मुख दिखेगा
- चारों तरफ लकड़ी के बटन और आंखों की दीवारें होंगी।
- पंडाल के सैलिंग में कमल का फूल होगा।






चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष का कहना है कि हम सभी सदस्य भूमि पूजन के साथ मां के आराधना के लिए बेहद ही तत्परता के साथ लग चुके हैं और हमारी ओर से कोशिश होगी कि प्रत्येक वर्ष की भांति जिस प्रकार शहर वासियों को चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के मनोरम पूजा पंडाल का अवलोकन का इंतजार होता है उस आशा पर हम सभी सदस्य गण खरे उतरने का प्रयास करेंगे।

**रमेश सिंह– अध्यक्ष, चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,300 रु./10 ग्राम
चांदी 79,000 रु./प्रति किलो



# कहीं यह लोकसभा चुनाव जल्द कराने की तैयारी का संकेत तो नहीं!

## ■ चंद्रयान 3 की सफलता और गैस की कीमत में कमी से राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज

## ■ पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी कमी के लगाये जाने लगे कयास

## ■ भाजपा दिख रही चुनाव मैदान में उतरने के मूड में, विपक्ष अब भी गठबंधन-गठबंधन खेल रहा

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में कोई कमी नहीं आयी है, लेकिन इसके बावजूद केंद्र सरकार ने घरेलू गैस की कीमत में दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी देने का निर्णय कर आम उपभोक्ताओं को बड़ा लाभ पहुंचाया है। उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को यह लाभ दो गुना होगा, यानी उन्हें हर सिलेंडर पर चार सौ रुपये की छूट मिलेगी। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार के पास पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी करने का विकल्प भी मौजूद है। यदि वह ऐसा करती है, तो इससे त्योहारी सीजन के बीच देश के मध्यवर्गीय आम उपभोक्ताओं को बड़ा लाभ पहुंचाया जा सकता है। इससे महंगाई के मोर्चे पर भी लड़ने में बड़ी मदद मिल सकती है। लेकिन अब राजनीतिक गलियारों और लोगों के मन में प्रश्न उठने लगा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में कोई गिरावट न होने के बाद भी सरकार ने गैस कीमतों में बड़ी सब्सिडी देने का विकल्प क्यों अपनाया। अगर गैस की कीमत कम हुई है, तो क्या पेट्रोल-डीजल के दाम भी कम होंगे। लेकिन असली सवाल यह नहीं है। बड़ा सवाल यह है कि कहीं लोकसभा चुनाव तो नजदीक तो नहीं आनेवाला। एक तरफ चंद्रयान 3 की सफलता, महंगाई से लड़ने का अस्त्र भी तैयार और धार्मिक मोर्चे पर जनवरी में राम मंदिर के उद्घाटन से क्या भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि केंद्र की मोदी सरकार जनवरी-फरवरी में लोकसभा चुनाव करा सकती है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि भाजपा दिसंबर में ही लोकसभा चुनाव करा सकती है। उन्होंने दावा किया कि भगवा पार्टी ने प्रचार के लिए सभी हेलीकॉप्टर बुक कर लिये हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के बाद बिहार के सीएम नीतीश कुमार के हालिया बयान से भी इन चर्चाओं में दम नजर आ रहा है। इन चर्चाओं ने विपक्षी पार्टियों के होश उड़ा दिये हैं, क्योंकि विपक्ष महंगाई को मुद्दा बना मोदी सरकार को लोकसभा चुनाव में घेरना चाहता है। अब अगर मोदी सरकार ने अपने भरे-पूरे तरकश से महंगाई नाशक एक तीर चलाया है, तो लोगों को महंगाई से राहत तो जरूर मिलेगी। लेकिन यह राहत विपक्ष की रातों की नींद उड़ाने के लिए काफी है। क्या होगा आइएनडीआइए का हाल मोदी के इस मास्टर स्ट्रोक से, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

### लोकसभा चुनाव कब होगा

लोकसभा चुनाव कब होंगे, इसे लेकर अलग-अलग संभावनाएं जतायी जा रही हैं। पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दिसंबर-जनवरी में लोकसभा चुनाव कराये जाने की बात कही थी। अब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी ऐसा ही कुछ दावा किया है। देखा जाये तो आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारियां जोरों पर हैं। लोकसभा चुनाव चाहें समय पर हों या उससे पहले, भगवा पार्टी अभी से एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। राजनीतिक हलकों में मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों के प्रचार पर जोर को भी इसी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। वैसे तो भाजपा नेता अक्सर कहते हैं कि उनका दल किसी भी वक्त चुनाव के लिए तैयार रहता है, लेकिन इन दिनों जिस तरह भारतीय जनता पार्टी में शीर्ष स्तर पर बैठकों का दौर चल रहा है, मंत्रियों और सांसदों को जिले-जिले भेज कर मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों का प्रचार किया जा रहा है और प्रचार का सारा जोर मोदी सरकार के नौ साल के नारे पर है, उससे संकेत हैं कि भाजपा किसी भी समय (समय से पूर्व या समय पर) लोकसभा चुनावों का सामना करने के लिए खुद को तैयार कर रही है, जबकि विपक्ष अभी एकजुटता की रट से आगे नहीं बढ़ सका है। मई के आखिरी सप्ताह में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा ने मीडिया के साथ जो संवाद किया, उसमें भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सरकार के नौ साल के कामकाज पर सारा जोर दिया और महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने जो प्रस्तुतिकरण (पीपीटी) दिखायी, उसमें विस्तार से मोदी सरकार के नौ सालों की उपलब्धियों की तुलना यूपीए सरकार के दस साल के कामकाज से करते हुए बताया गया कि कैसे मोदी सरकार ने नौ सालों में कितना बेहतर काम किया है। भाजपा ने अपने प्रचार के लिए जो नया नारा गढ़ा है, वह है सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण।

### महंगाई पर चोट करने के लिए तैयार मोदी सरकार

अब जैसे ही मोदी सरकार ने गैस के दामों में अप्रत्याशित कमी की है, उससे तो लोगों में मैसेज यही गया है कि मोदी सरकार अब महंगाई पर चोट करने के लिए तैयार है। केंद्र सरकार ने घरेलू गैस की कीमतों में दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी देने का निर्णय कर आम उपभोक्ताओं को बड़ा लाभ पहुंचाया है। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को यह लाभ दोगुना होगा, यानी उन्हें हर सिलेंडर पर चार सौ रुपये की छूट मिलेगी। वहीं अब मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल के दाम कम करने पर भी विचार कर सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंबे समय से तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई थीं। अंतरराष्ट्रीय कारणों से दबाव में आने के बाद तेल की कीमतों में कमी आयी और इस समय यह लगभग 80 डॉलर प्रति बैरल पर बनी हुई है। लेकिन तेल की कीमतों के कम होने के बाद भी तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं घटाये थे। इससे उन्हें यह लाभ हुआ कि वे अपनी बैलेंस शीट बेहतर कर सके। तेल कंपनियों की बैलेंस शीट इस समय बेहतर स्थिति में है। यही कारण है कि अब तेल कीमतों को कम करने पर भी विचार किया जा सकता है। सरकार के पास यह मजबूत विकल्प मौजूद है।



सिलेंडर के दाम कम करने से आम उपभोक्ताओं को सस्ती गैस मिलेगी। इसी प्रकार यदि तेल कंपनियां पेट्रोल-डीजल के दामों में कमी करती हैं, तो इससे आम उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी। पेट्रोल-डीजल ऐसी वस्तुएं हैं, जिनकी कीमतों का सीधा असर दूसरी वस्तुओं की कीमतों पर होता है। इनकी कीमतों में कमी आने से ट्रकों के जरिये होनेवाले माल भाड़े में कमी आती है और वस्तुएं सस्ती होती हैं। यानी यदि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी होती है, तो इससे अन्य वस्तुओं की कीमतें भी कम होंगी और आम उपभोक्ताओं को लाभ होगा। सरकार के लिए इस समय सबसे बड़ी चिंता महंगाई के मोर्चे पर निपटना है। लेकिन यदि सरकार पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों में कमी करती है और उसका दूसरी वस्तुओं पर भी असर पड़ता है, तो इससे महंगाई के मोर्चे पर बड़ी सफलता मिलेगी। इससे महंगाई को कम करने में मदद मिलेगी।

### क्या लोकसभा चुनाव में हावी रहेगा रेवड़ी कल्चर

हाल ही में हुए एक सर्वे में लोगों से यह प्रश्न किया गया था कि अगली बार चुनाव में वे सबसे बड़ा मुद्दा क्या देखते हैं। सर्वे में भाग लेनेवाले 72 प्रतिशत लोगों ने यह स्वीकार किया था कि महंगाई चुनाव में बड़ा मुद्दा साबित होनेवाला है। यानी यह संकेत मिलने लगे हैं कि महंगाई से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ रही है और चुनाव में यह बड़ा मुद्दा बन सकता है। वैसे देखा जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की बेहतर अर्थव्यवस्था के लिए कड़े कदम उठाने के पक्षधर रहे हैं। उन्होंने एक बार कहा था कि उनके उपाय उस काढ़े की तरह होते हैं, जो पीने में थोड़े कड़वे होते हैं, लेकिन उसका शरीर के स्वास्थ्य पर बेहतर असर पड़ता है। पीएम की बातों का असर सही होता हुआ भी दिखाई पड़ा, जब कोरोना काल के बाद दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं ढहने लगीं, जबकि उसी दौर में भारत बेहतर विकास करते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। आज जब केंद्र सरकार ने गैस सिलेंडर की कीमतों में दो सौ रुपये प्रति गैस सिलेंडर की सब्सिडी देने की घोषणा की, तो यह प्रश्न उठने लगा कि क्या केंद्र सरकार ने भी चुनाव जीतने के लिए अब लोकलुभावन घोषणाओं पर विश्वास करने का विकल्प ही सही समझा है। यह प्रश्न भी उठने लगा है कि 'मुफ्त रेवड़ियां' बांटने की जिस सोच को पीएम ने लाल किले से देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करनेवाला बताया है, अब वह स्वयं उसी रास्ते को अपनाने के लिए मजबूर हो गये हैं या फिर समय रहते सरकार ने लोगों को राहत पहुंचा कर महंगाई के मुद्दे को कमजोर करने की कोशिश की है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा के चुनावों में कांग्रेस ने मुफ्त रेवड़ियों का बड़ा मुद्दा उछाला था। उसने लोगों को सस्ता गैस सिलेंडर देने, बेरोजगारी भत्ता देने और महिलाओं को कई योजनाओं का लाभ देने की घोषणा की। माना जाता है कि इन चुनावों में कांग्रेस को इन घोषणाओं का लाभ मिला और उसने जीत हासिल कर ली। कांग्रेस ने इस जीत से उत्साहित होकर इस साल में होनेवाले मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों से पहले ही बड़ी-बड़ी मुफ्त घोषणाएं करनी शुरू कर दी हैं। इसमें प्रियंका गांधी के द्वारा मध्यप्रदेश में पांच सौ रुपये में सिलेंडर देना और महिलाओं को हर महीने 15 सौ रुपये की आर्थिक सहायता पहुंचाना भी शामिल है। माना जा रहा है कि भाजपा ने इन घोषणाओं का असर स्वीकार कर लिया है। उसने यह मान लिया है कि यदि उसे इस दौड़ में बने रहना है, तो उसे भी विपक्षी दलों की तरह मुफ्त की घोषणाएं करनी पड़ेंगी। इसी का असर हुआ कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गैस सिलेंडर की कीमतें 450 रुपये करने की घोषणा कर दी। लाडली बहनों को आर्थिक सहायता राशि भी बढ़ा कर 1250 रुपये कर दी गयी है और सत्ता में लौटने पर इसे बढ़ा कर तीन हजार रुपये तक करने का उन्होंने वादा भी कर दिया है। भाजपा इन घोषणाओं के जरिये कांग्रेस के दांव को भोथरा करने की योजना बना रही है।

### भाजपा को सता रही थी चिंता, लेकिन मोदी के पास हैं कई अस्त्र

जिस तरह 2022 के आखिर में हुए गुजरात, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली नगर निगम के चुनावों में दो जगह हिमाचल प्रदेश और दिल्ली नगर निगम में भाजपा की हार हुई, उससे पार्टी शीर्ष स्तर पर असहज हुई, लेकिन 2023 की शुरुआत में पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में भी भले ही कांग्रेस की करारी हार हुई, लेकिन भाजपा को जैसी उम्मीद थी, वैसे नतीजे नहीं आये। त्रिपुरा में उसकी सरकार जरूर बनी, लेकिन सीटें कम हुईं और स्थिरता के लिए उसे गठबंधन करना पड़ा। मेघालय में कोर्नाड संगमा की जिस पार्टी से गठबंधन तोड़ कर भाजपा राज्य की सभी सीटों पर अकेली चुनाव लड़ी, वहां उसकी सीटें और मत प्रतिशत दोनों कम हुए। सिर्फ नगालैंड में जरूर भाजपा अपनी सहयोगी एनडीपीपी के सहारे कुछ बेहतर प्रदर्शन कर सकी। हालांकि पूर्वोत्तर के नतीजों को भाजपा ने अपनी प्रचार और मीडिया रणनीति से एक बड़ी विजय के रूप में प्रचारित करके अपने पक्ष में जो माहौल बनाया था, मई में हुए कर्नाटक चुनावों में कांग्रेस के हाथों मिली करारी हार ने उसे बिगाड़ दिया। इसके बाद सरकार और पार्टी के शीर्ष स्तर पर देश के सियासी मूड और माहौल का आकलन शुरू हो गया। उधर भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी की छवि में लगातार सुधार और विपक्ष की राजनीति में कांग्रेस के मजबूत होने और सरकार के खिलाफ लगातार बढ़ती विपक्षी दलों की गोलबंदी ने भाजपा में शीर्ष स्तर पर माथे पर बल ला दिये हैं। दक्षिण से उत्तर की भारत जोड़ो पद यात्रा की कामयाबी के बाद से ही सितंबर में पश्चिम से पूरब तक की दूसरी भारत जोड़ो यात्रा की चलनेवाली चर्चा भी कर्नाटक के नतीजों के बाद भाजपा के रणनीतिकारों को सोचने पर मजबूर कर रही है। लेकिन मोदी तो मोदी हैं। उनके तरकश में हर वह तीर मौजूद है, जिससे वह विपक्ष को कमजोर कर सकते हैं। उन्होंने समय पर यह प्रमाणित भी किया है। भाजपा के पास महंगाई से निपटने के लिए अभी और भी अस्त्र मौजूद हैं। सस्ती गैस तो एक बानगी भर है। अभी बहुत से ऐसे मोर्चे हैं, जहां मोदी सरकार अपनी उपलब्धियों को गिनवाने में पीछे नहीं हटेगी। चंद्रयान 3 की सफलता ने मोदी सरकार को एक आत्मविश्वास भी दिया है। देश का भरोसा मोदी पर और प्रगाढ़ हुआ है। अभी जनवरी में राम मंदिर का उद्घाटन तो बाकी ही है। उसके बाद देश का माहौल क्या होगा, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं। देश राममय होगा। भाजपा को इसका पूरा लाभ भी मिलेगा। भाजपा तो चाहेगी ही कि चुनाव तब हो, जब देश का माहौल उसके पक्ष में अधिक हो और विपक्ष चारों खाने चित हो।

## बकोरिया कांड: क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ प्रोटेस्ट पिटीशन स्वीकार

**रांची (आजाद सिपाही)।** बहुचर्चित बकोरिया मुठभेड़ मामले में सीबीआइ द्वारा दायर की गयी क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ दाखिल प्रोटेस्ट पिटीशन स्वीकार कर ली गयी है। अब कोर्ट के सामने मृतक के परिजनों का बयान दर्ज होगा। इससे पहले 27 अगस्त को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआइ द्वारा दाखिल की गयी क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार किया था। फिर कथित मुठभेड़ में मारे गये मृतक उदय यादव के पिता जवाहर यादव ने प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल की थी। गौरतलब है कि झारखंड हाइकोर्ट ने 22 अक्टूबर 2018 को बकोरिया कांड की जांच सीबीआइ के हाथ में सौंपी थी। कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली की सीबीआइ ब्रांच ने बकोरिया मुठभेड़ की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज की थी।

## दुमका में ट्रक ने थाने के जीप चालक को रौंदा, मौत

**दुमका (आजाद सिपाही)।** जिले के रानेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुमका सिउड़ी मुख्य पथ के रानेश्वर बाजार के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुधवार अहले सुबह थाने के जीप चालक 54 वर्षीय अर्जुन पंजियारा की मौत हो गयी। थाना प्रभारी छटन महातो ने बताया कि चालक अर्जुन पंजियारा गश्ती टीम में शामिल था।

**समाहरणालय हजारीबाग**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**- निविदा संबंधी शुद्धि पत्र -**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में हजारीबाग जिलान्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं में संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रों एवं लघु आँगनबाड़ी केन्द्रों में उपस्थित होने वाले 03–06 वर्ष के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (Winter Uniform) की क्रयापूर्ति हेतु विज्ञापन संख्या– PR 304545 (Women, Child Development & Social Security) 23-24 (D) एवं निविदा संबंधी शुद्धि पत्र– PR 304964 (Women, Child Development & Social Security) 23-24 #D का प्रकाशन करते हुए दिनांक– 31.08.2023 को 12:00 बजे अपराह्न तक निविदा आमंत्रित की गई थी। प्राप्त निविदाओं को उक्त तिथि को ही 03:00 बजे अपराह्न में जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष निविदा खोला जाना था।

सरकार के संयुक्त सचिव, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के अधिसूचना संख्या– 4881 दिनांक– 28.08.2023 द्वारा दिनांक– 31.08.2023 (गुरूवार) को कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित किया गया है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि दिनांक– 31.08.2023 के स्थान पर दिनांक– 05.09.2023 निर्धारित की जाती है। निविदा उक्त तिथि को मध्याह्न 12:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे तथा 03:00 बजे अपराह्न में जिला स्तरीय क्रय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में निविदा खोला जायेगा।

पूर्व में प्रकाशित निविदा/शुद्धि पत्र इस हद तक ही संशोधित समझा जाय। शेष सभी नियम एवं शर्तें यथावत लागू रहेंगे।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग

PR 305937 Women, Child Development & Social Security (23-24)_D

**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- **298/RI/2023-24/RWD/KODERMA** दिनांक :- **30.08.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/KODERMA/12/SRPKG-03/2022-23 | (i) बंदरचौकवा से डगरनवाँ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 10.600 कि0मी0)<br>(ii) बिन्दा से सिमरिया भाया गोंदो अड़वार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.250 कि0मी0)<br>(iii) मदनपुर पी0डब्लू0डी0 रोड से बराकर भाया हरलाडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.650 कि0मी0)<br>(iv) कारीपहाड़ी से धुबाडीह पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 2.550 कि0मी0)<br>(v) भगतीयाडीह में अहमद हुसैन के घर से बासुदेव सिंह के घर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 1.000 कि0मी0) | 11,21,91,497.00 | ग्यारह करोड़ इक्कीस लाख एकावने हजार चार सौ सनतानवे रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **05.09.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **15.09.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **कोडरमा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **19.09.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (19.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **20.09.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **कोडरमा** के पक्ष में एवं **कोडरमा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**नोडल पदाधिकारी**
**ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल**

**PR 305881 (Rural Work Department)23-24*D**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Channel

आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.2 °c | 23.0°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.10 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.31 बजे |



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिया मंत्र

# हेमंत को सबक सिखाना है, जनता को झारखंड बचाना है : बाबूलाल मरांडी

**प्रदेश की जनता डुमरी की ओर देख रही**

**झामुमो बौखलाहट में उत्पात मचा रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने डुमरी उपचुनाव में बुधवार को ससारखो मंडल के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। श्री मरांडी ने फिर एक बार हेमंत सोरेन सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आखिर जनता झामुमो को वोट क्यों दे? इस ठगबंधन की सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में झारखंड की जनता के लिए क्या किया है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में राज्य में केवल लूट मची है। इस राज्य को हेमंत सरकार में दलाल, बिचौलिए चला रहे। उन्होंने कहा कि खान, खनिज, लोहा, कोयला, बालू, पत्थर के साथ गरीबों, आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही। और हेमंत सोरेन इन लुटेरों को पकड़ कर जेल नहीं भेज रहे। उनकी पैरवी करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे साबित हो चुका है कि मुख्यमंत्री लुटेरों के संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि यह झामुमो की पुरानी आदत है। अलग राज्य आंदोलन को भी नरसिम्हा राव से पैसे लेकर बेच दिया।



#### एनडीए की सरकार बनती है तो विकास होता है

उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए की सरकार बनती है तो विकास होता है जबकि कांग्रेस झामुमो राजद की सरकार बनती है तो भ्रष्टाचार और लूट मचती है। आज राज्य की कानून व्यवस्था चौपट है। बहन बेटियां सुरक्षित नहीं। उन्हें पेट्रोल से जलाया जा रहा, टुकड़ों में काट दिया जा रहा, पेड़ से लटका दिया जा रहा। और आज तक एक भी अपराधी को सजा नही हुई। पुलिस वसूली में लगी रहती है। हेमंत हैं तो अपराधियों को हिम्मत है।

कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने अलग राज्य बनाया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांवों में सड़कें पहुंचायी। आदिवासी मंत्रालय बनाये, संथाली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव, गरीब किसान, मजदूर, महिला सभी के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलायीं। जनधन खाता, किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, नल जल योजना, प्रति माह 5 किलो मुफ्त अनाज, आयुष्मान योजना से इलाज जैसे अनेक कल्याणकारी कार्य को धरातल पर उतारा। कहा कि आज आदिवासियों को सम्मान मोदी सरकार ने दिया। पहली बार आजाद भारत में 8 आदिवासी मंत्री बने। बिरसा मुंडा की जयंती जनजाति गौरव दिवस घोषित हुई और आदिवासी महिला, संथाल समाज की बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाया। कहा कि पिछले नौ वर्षों में मोदी सरकार ने राज्य में पांच मेडिकल कॉलेज दिये, देवघर में एम्स अस्पताल और हवाई अड्डा बना, कोरोना में टीका का दो मुफ्त डोज, बूस्टर डोज दिया। जनधन खाता में गरीबों को पैसे दिये और कोई भूखा नहीं सोये इसलिए प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त अनाज की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि आज गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपये की कमी करके मोदी सरकार ने देश की बहनों को रक्षा बंधन का बड़ा उपहार दिया है।

#### हेमंत सरकार ने चुनावी वादे नहीं किये पूरे

उन्होंने कहा कि दूसरी ओर हेमंत सरकार ने गरीबों के अनाज भी लूटवा दिये। प्रति वर्ष पांच लाख युवाओं की नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता सब झूठा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता झामुमो कांग्रेस और राजद के इस ठगबंधन को समझ चुकी है। इसलिए ये गठबंधन अब बौखलाहट में उत्पात मचा रहा। कहा कि लोग झामुमो छोड़ कर एनडीए गठबंधन में शामिल हो रहे। इसलिए बौखलाहट में डुमरी के मतदाताओं को डराया धमकाया जा रहा। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का काम है शांतिपूर्ण मतदान कराना। अगर पदाधिकारी पक्षपात करते पाये जायेंगे, उन्हें बक्शा नहीं जायेगा।

उन्होंने कहा कि जनता की उपस्थिति बता रही कि जनता ने एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को केला छाप पर बटन दबा कर आगामी 5 सितंबर को वोट देकर अपार मतों से जिताने का मन बना लिया है। उन्होंने गिरिडीह जिला की जनता से आह्वान किया कि डुमरी से एनडीए को रिकॉर्ड मतों से जीता कर हेमंत सरकार को सबक सिखायें।

# चौकीदार और मोहब्बत की दुकान खोलनेवालों से मुसलमान रहें सावधान : असदुद्दीन ओवैसी




**डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए एआइएमआइएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सभा को किया संबोधित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** एआइएमआइएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सरकार नहीं संभल रही है। महागठबंधन की सरकार में गरीबों, मुसलमानों व आदिवासियों पर जुल्म ढाया जा रहा है। उसका अधिकार छीना जा रहा है। ऐसे में सीएम के मुंह से विकास की बात हास्यास्पद लगती है। ओवैसी बुधवार को डुमरी विधानसभा उपचुनाव में अपनी पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल मोबिन रिजवी के समर्थन में केबी उच्च विद्यालय के मैदान में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

ओवैसी ने कहा कि हेमंत सोरेन अपनी सभाओं में कहते हैं कि उनके शासन में झारखंड में मॉबलिचिंग की एक भी घटना नहीं हुई है। यह सरासर झूठ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड को अल्पसंख्यकों के विकास के लिए 155 करोड़ रुपये दिये हैं, लेकिन राज्य सरकार अभी तक सिर्फ 5 करोड़ रुपये ही खर्च कर पायी है। इससे स्पष्ट है कि सीएम अल्पसंख्यकों के कितने हितैषी हैं। हेमंत सोरेन इस राज्य को गरीब बनाने पर तुले हुए हैं। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एआइएमआइएम प्रत्याशी की जीत जरूरी है। डुमरी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए भी यह आवश्यक है।

ओवैसी ने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करती है। वहीं, दूसरी ओर भाजपा कहती है कि हम चौकीदार हैं। यह सब झूठ की दुकान नहीं चलेगी। चौकीदार के नाक के नीचे चीन भारत की जमीन पर सैनिक उतार देता है और देश का चौकीदार सोया रहता है। उन्होंने कहा कि देश में तीसरे विकल्प की आवश्यकता है, जो मुसलमानों, आदिवासियों और दलितों के हितों की बात करे। सभा को मंसूर आलम, सफीरूद्दीन अंसारी, अब्दुल खालिद, फैयाज अहमद, सरफराज अंसारी, फखरूद्दीन अंसारी, दानिश अजीज, एजाज अहमद, महमूद आलम, अनवर हुसैन, नदीम खान, मौलाना अमजद आदि ने भी संबोधित किया।

# पलामू में प्रिंसिपल ने कतार में खड़ा कर 50 छात्रों की पिटाई की

**छात्र अपने परिजनों के साथ सतबरवा थाना पहुंचे, की शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सदर ब्लॉक की लहलहे पंचायत के बारी मोड़ पर भोगू गांव में संचालित एक निजी विद्यालय के प्रिंसिपल द्वारा करीब 50 छात्रों को कतार में खड़ा करके बेरहमी से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार रात कई छात्र अपने परिजनों के साथ सतबरवा थाना पहुंचे थे। वहां पर छात्रों ने थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी से प्रिंसिपल चंदन कुमार शर्मा की शिकायत की।

छात्रों पर किये गये अत्याचार की जानकारी मिलते ही सतबरवा पुलिस ने आरोपित शिक्षक चंदन कुमार शर्मा को पूछताछ के लिए थाना ले आयी है। पिटाई से घायल होनेवालों में यूकेजी से लेकर क्लास पांच तक के छात्र-छात्राएं शामिल है, जिनमें अभिषेक कुमार, अरुण सिंह, सुधांशु कुमार, अभिषेक कुमार टू, एलकेजी के छात्र सुधांशु, चंदन कुमार यादव, सूरज कुमार गुप्ता समेत कई छात्रों ने प्रिंसिपल के छड़ी से पिटाई के बाद अपनी पीठ और हाथ में पड़े निशान पुलिस को दिखाया है।

बताया गया कि करीब 50 की संख्या में खामडीह गांव के छात्रों को प्रिंसिपल साहब ने कतार में खड़ा करके इसलिए छड़ी से पिटाई की कि सभी छात्र सोमवार को स्कूल नहीं पहुंचे थे। छात्रों ने उन्हें बताया कि गांव में अंतिम सोमवारी के दिन कलश यात्रा निकली थी इसी दौरान सभी छात्र यात्रा में शामिल होने के करण स्कूल नहीं पहुंच सके थे।

छात्रों ने बताया कि प्रिंसिपल साहब यह कह कर और पीटने लगे कि हम किसी भगवान को नहीं मानते हैं। साथ ही छात्रों को यह भी हिदायत दी थी कि अगर अभिभावकों को बतायेंगे तब और पिटाई की जायेगी। शाम को डरे सहमे छात्रों ने अपने परिजनों को इस संबंध में बताया। इसके बाद आक्रोशित परिजन प्रिंसिपल की शिकायत लेकर थाना पहुंचे थे।

# मुख्यमंत्री हेमंत ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व की दी शुभकामनाएं



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास के पावन पर्व रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां लाये। आप सभी स्वस्थ रहें, सुखी रहें और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं।

# बीआइटी मेसरा का 33वां दीक्षांत समारोह 1 अक्टूबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीआइटी (बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) मेसरा, रांची का 33वां दीक्षांत समारोह 1अक्टूबर को मनाया जायेगा। राज्यपाल और बीआईटी मेसरा के कुलाधिपति दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसमें डॉक्टरेट, स्नातकोत्तर, स्नातक, डिप्लोमा समेत अन्य डिग्रियां दी जायेंगी। 1 अक्टूबर 2023 की सुबह 10:30 बजे उन छात्रों को डिप्लोमा मिलेगा, जिन्होंने 01 अक्टूबर 2022 से 16 अगस्त 2023 तक अपने संबंधित कार्यक्रमों में अर्हता प्राप्त की है। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने की सहमति दी है। यह जानकारी बीआइटी लालपुर में डॉ संजय कुमार झा (विभागाध्यक्ष, परीक्षा विभाग, बीआइटी मेसरा) ने दी।

# चार सार्जेंट मेजर और दस सार्जेंट का तबादला

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने चार सार्जेंट मेजर और दस सार्जेंट का तबादला किया है। इस संबंध में बुधवार को डीआइजी कार्मिक ने अधिसूचना जारी की है।

जारी अधिसूचना के अनुसार सार्जेंट मेजर अजीत कुमार झा को झारखंड जगुआर, सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार को गुमला जिला बल, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार को बोकारो जिला बल और सार्जेंट मेजर जोय प्रभाकर लकड़ा को बोकारो जिला में पदस्थापित किया गया है। इसी प्रकार सार्जेंट दीपक कुमार को गुमला जिला बल, सार्जेंट विमल कुमार चंद्रवंशी को पलामू जिला बल, सार्जेंट मेरी खलको को पलामू जिला बल, सार्जेंट पंकज कुमार भारती को गढ़वा जिला बल, सार्जेंट रविंद्र कुमार यादव को बोकारो जिला बल, सार्जेंट आकाशदीप को बोकारो जिला बल, सार्जेंट दीना हांसदा को बोकारो जिला बल, सार्जेंट सुरेन मुर्मू को बोकारो जिला बल, सार्जेंट पीयूष कुमार को गिरिडीह जिला बल और सार्जेंट मुकेश कुमार को लोहरदगा जिला बल में प्रतिनियुक्ति किया गया है।

# झामुमो विकास के मुद्दे पर नहीं, झूठ और आतंक के जोर पर लड़ रहा चुनावः सुदेश



**झामुमो के पॉलिटिकल डिक्शनरी में विकास शब्द है ही नहीं**

**झूठ बोलने में हेमंत सोरेन ने महारत हासिल कर ली है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा विकास के मुद्दे पर नहीं, झूठ और आतंक के जोर पर डुमरी उपचुनाव लड़ रहा है। झामुमो के पॉलिटिकल डिक्शनरी में विकास शब्द है ही नहीं। नवाडीह प्रखंड के अलग-अलग पंचायतों में जनसभा कर उन्होंने जोर देकर कहा कि डुमरी की जनता ने एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी को जिताने का फैसला ले लिया है।

झामुमो और उसके सहयोगी दल चाहे जितना जोर लगा लें यहां उन्हें मुंह की खानी पड़ेगी। डुमरी उप चुनाव का फैसला 2024 के चुनावों में हेमंत सोरेन की हार के लिए निर्णायक साबित होगा। बिरनी में उन्होंने कहा कि अपनी पहली चुनावी जनसभा में हमने कहा था कि सभी पंचायतों में जाऊंगा। यह चुनावी अभियान यहां की जनता जनार्दन को सुनने समझने और फिर अपनी कहने के लिए निरंतर आगे बढ़ रहा है। जनता से इसी सीधे जुड़ाव को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आतंक मचाने और गुंडागर्दी का सहारा लिया है। दरअसल यही उनका चरित्र रहा है। जबकि एनडीए अपने कार्यकर्ताओं और जनता के विश्वास पर चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो के सहयोगी दलों की जुबान पर सिर्फ और सिर्फ सुदेश महतो है। इसलिए कि सुदेश महतो विकास की बुनियाद पर राजनीति करता है और झारखंडी विचारों, विषयों, जनभावनाओं के साथ चलता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के हाथों में सत्ता की बागडोर है। मुख्यमंत्री ने अपने राजनीतिक जीवन में झूठ बोलने और प्रोपेगेंडा फैलाने में महारत हासिल कर ली है। झूठ का जाल बिछाकर और लोगों को गुमराह कर उन्होंने 2019 का चुनाव जीता था। और लगातार जनादेश का अपमान कर रहे हैं। हेमंत सरकार राज्य के किसी एक गांव का नाम बता दें, जिसका कायापलट किया है। आजसू प्रमुख ने नवाडीह प्रखंड के चपरी, गुंजरडीह, खरपीटो, पोटसो, सुरही, सहरिया, भेंडरा और बाराडीह में भी सभा कर जनता से भय, भूख और भ्रष्टाचार को प्रश्रय देने वाली सरकार के खिलाफ वोट करने और डुमरी को बदलाव का वाहक बनाने की अपील की।

#### पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों और इकाइयों में पदस्थापित रीडर की मांगी जानकारी

**रांची।** राज्य के सभी जिलों और इकाइयों में पदस्थापित रीडर की जानकारी पुलिस मुख्यालय ने मांगी है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों और इकाइयों में कितने रीडर पदस्थापित हैं और कब से पदस्थापित हैं, इसकी जानकारी मांगी है। इसके अलावा शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि और नियुक्ति की तिथि से संबंधित भी जानकारी उपलब्ध करने को कहा गया है।

पुलिस मुख्यालय से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार सीआइडी के डीजी, सभी जोनल आइजी, सभी डीआइजी, सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और सभी वाहिनी के कमांडेंट को इस संबंध में पत्र लिख कर जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है।

# हाइकोर्ट में छठी जेपीएससी मामले की हुई सुनवाई

**इस मामले में अंतिम अगली तिथि 16 सितंबर निर्धारित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में छठी जेपीएससी में आरक्षित कोटे के सफल अभ्यर्थियों की मेरिट को कंसीडर करते हुए उनका कैडर आवंटन सामान्य श्रेणी में किये जाने से संबंधित चंदन कुमार, गौतम कुमार, संजय कुमार महतो और कुमार अविनाश की अपील याचिका की सुनवाई हुई। हाइकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को मामले में बहस के लिए अंतिम अगली तिथि 16 सितंबर निर्धारित की है।

जेपीएससी ने कोर्ट को बताया कि मेरिट के आधार पर सामान्य श्रेणी में रखे गये आरक्षित कोटे के कैंडिडेट को वापस रिजर्व कैटेगरी में लाकर उनका कैडर आवंटन करने का झारखंड में रूल नहीं है। यदि आरक्षित श्रेणी के सामान्य श्रेणी में लाये गये कैंडिडेट को वापस आरक्षित श्रेणी में लाकर उनको आवंटित किया जाता है, तो रिजर्व कैटेगरी के 40 सफल अभ्यर्थियों की नौकरी चली जायेगी। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के कुछ आदेश का हवाला देते हुए कहा कि वे रिजर्व कैटेगरी से हैं, लेकिन मेरिट के आधार पर वे सामान्य कैटेगरी में माने गये हैं, उनका कैडर आवंटन उनके रिजर्व कैटेगरी में ही होना चाहिए।

जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने मामले की पैरवी की। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अजीत कुमार ने पैरवी की। राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी की।

दरअसल, यह मामला छठी जेपीएससी परीक्षा से जुड़ा है, जिसमें आरक्षित वर्ग के जो कैंडिडेट अपनी योग्यता के आधार पर सामान्य वर्ग में अपनी जगह बनाये थे, उन्हें सामान्य श्रेणी में ही कंसीडर करते हुए जेपीएससी के द्वारा कैडर आवंटित किया गया था, जबकि याचिकाकर्ता का कहना था कि कैडर आवंटन के लिए अपने चॉइस ऑफ सर्विस के लिए उनका कंसीडरेशन आरक्षित वर्ग में ही किया जाना चाहिए था। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने जून 2021 में जेपीएससी द्वारा रिजर्व कैटेगरी वाले अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर उनका कैडर आवंटन अनरिजर्व कैटेगरी में किये जाने को सही ठहराया था।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** दैनिक कार्य अव्यवस्थित रहेगा, विविध उलझनों का सामना होगा।

**वृष** रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** परिस्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण, धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।

**कर्क** रोजी-रोजगार में अनुकूल वातावरण, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**सिंह** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की लोकप्रियता बढ़ेगी और सत्ता-संगठन महत्वपूर्ण स्थिति बनाने में कामयाब होंगे।

**कन्या** नौकरी में उन्नति, बेरोजगारों को रोजगार के साधन उपलब्ध होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

**तुला** परीक्षा-प्रतियोगिता, उच्चशिक्षा से संबद्ध युवाओं को अनुकूल परिणाम मिलेंगे, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**वृश्चिक** नये उत्साह और उमंग की वृद्धि होगी, भूमि-भवन, वाहनादि के क्रय-विक्रय से लाभ होगा।

**धनु** बुद्धि-चतुरता-वाकपटुता से कठिन काम भी सहज ढंग से पूरे हो जायेंगे।

**मकर** रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में अच्छे समय का उपयोग करें, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कुंभ** किसी काम को उतावली से न करें, अनावश्यक उलझनों से कष्ट होने की संभावना।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

## सड़क दुघर्टना में मां और बेटा घायल



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के महावर मोड़ के सामने जीटी रोड पर हुई सड़क दुघर्टना में मां और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना बुधवार के दोपहर की है। ग्राम बरसोत बरही निवासी किरण देवी 22 पति निर्मल साव अपने दो बच्चों और भाई रोहित कुमार के साथ मोटरसाइकिल से बरसोत से अपने मायके विष्णुगढ़ जा रही थी। इसी दौरान महावर मोड़ पर पीछे से आ रहे ट्रक नंबर जेएच 10 सीके 1508 ने अपने चपेट में ले लिया। दुर्घटना में किरण देवी के दोनो पैर कुचला दिया। और उसके पुत्र आर्यन कुमार 3 साल का हाथ टुट गया। घटना के पश्चात दोनों को बरकट्ठा अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखकर बेहतर इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेजा। घटना के पश्चात परिजनों ने जीटी रोड जाम कर मुआवजा की मांग करने लगे। जीटी रोड लगभग पांच घंटे तक जाम रहा। इसके पश्चात बरकट्ठा थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने पीड़ित परिवारों के साथ बैठक कर इलाज के लिए ट्रक मालिक से पचास हजार रुपए नगद की सहायता राशि दिलवाए। जिसके बाद चार बजे जीटी रोड का जाम खुला।

### जिला स्तरीय माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

# अवैध खनन पर रोक के लिए दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय माईनिंग टास्क फोर्स की मासिक बैठक समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बालू, पत्थर, कोयला के अवैध खनन एवं व्यापार, परिवहन की रोकथाम सहित टास्क फोर्स की पिछली बैठक में दिये गये निर्देश के अनुपालन पर गहन समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने एनजीटी (माननीय हरित न्यायाधिकरण) के आदेश के आलोक में अवैध बालू खनन और परिवहन की रोकथाम हेतु विभिन्न स्थलों एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में अस्थाई चेक नाका के माध्यम से अवैध परिवहन रोकथाम करने के संदर्भ में अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी से चेकनाका स्थल के अलावा तस्करी के अन्य मार्गों का चिन्हितीकरण कर संयुक्त रूप से सघन जांच का निर्देश दिया। विभिन्न अंचलों अंतर्गत यथा मेरु, झुमरा, बोंगा, नरकी में अवैध रुप से स्थापित क्रशरो के विरुद्ध टास्क फोर्स के सदस्यो को निरंतर कारवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही ध्वस्त किए जा चुके



क्रशरों, बंद खादानो में पुनः खनन माफिया गतिविधि संचालित करने की संभावना के बाबत जानकारी संग्रहित करने, सतर्कता बरतने का भी निर्देश दिया। मौके पर पुलिस कप्तान चोथे मनोज रतन ने भू-माफिया, दलालों और फजीर्वाड़ा करने वालों को चिन्हित कर विधि सम्मत कार्रवाई सहित सीसीए तड़ीपार के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्देश थाना प्रभारियों को दिया। साथ ही उन्होंने जमीन के संबंध में विवाद और फजीर्वाड़ा के क्रम में अपराधिक घटनाओं को कम करने के लिए बिचौलियों का मनोबल तोड़ने के लिए कार्रवाई करने पर बल दिया। साथ वन क्षेत्र में अतिक्रमण व अवैध कब्जा पर वन विभाग, अंचलाधिकारी से समन्वय बनाकर अतिक्रमन मुक्त करने के लिए माफियाओं पर नियंत्रण व कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया।

### दिये गये कई निर्देश

मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी और मोटर यान निरीक्षक द्वारा खनिजों के पकड़े गये वाहनो पर खनन अधिनियम के तहत दंड अधिरोपण हेतू की गई कार्रवाई की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु जिले के सभी थाना प्रभारी व संबंधित सीओ को समन्वय बनाकर अवैधकर्ताओ पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही ईचाक में पुनः खनन/क्रशर शुरू करने के मामले पर सजग रहने, डाडी में फायर क्ले चोरी कर उपयोग न हो यह सुनिश्चित करने, ईचाक में बुशर के लिए बिजली चोरी करने के मामले पर एसडीओ को नियमित निरीक्षण करने, फर्जी चलाने का सत्यापन चेक पोस्ट पर करने का निर्देश संबंधितों को दिया गया। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी को हर कार्रवाई के बाद रेफर किये गये वाहनों से जुमार्ना वसूलने, भूमि संबंधी मामलों को संवदेनशीलता के साथ और विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की रक्षा करने में सभी अंचलाधिकारियों की महत्वपूण भूमिका है। उन्होंनें सभी अंचलाधिकारियों को अपना कार्य अच्छे तरीके और संवेदनशीलता से करने की ताकिद की। साथ ही उन्होंने अनुमण्डल पदाधिकारी को संबंधित अंचलों के साथ समन्वय करते हुए अभियान की समीक्षा और नेतृत्व करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त के आलावा एसडीओ सदर विधा भूषण, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, एसडीओ बरही पूनम कुजूर, डीएफओ, जिला खनन पदाधिकारी, डीएसपी सदर समेत सभी सीओ और थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### जुलाई माह में की गयी टास्क फोर्स की कार्रवाइयां

खनन अधिकारी ने जानकारी दी कि जुलाई माह में विभिन्न विभागों द्वारा कुल 31 कारवाई करते हुए 81 अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को जब्त किया गया है। खनन विभाग द्वारा 7 बालू लदे वाहनों वाहनों से 1.20 लाख रुपए का जुमार्ना वसूला गया है। जबकि परिवहन विभाग द्वारा 14 वाहनों से परिवहन नियमो के उल्लंघन मामले में 2 लाख रुपए, 7 वाहनों पर तिरपाल नहीं ढक कर परिवहन मामले में 14 हजार और 7 ओवरलोड वाहनों से 2.15 लाख रूपए का दण्ड की वसूली की गयी है। जबकि विभिन्न अंचलों के द्वारा 17 बालू, कोयला आदि खनिज लदे वाहनों मालिक/ड्राइवर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। वन विभाग के पश्चिमी वन प्रमंडल द्वारा जुलाई माह में 30 टन एवं 100 बोरा कोयला दो 14 ट्रक जब्त करते हुए 3 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। पूर्वी वन प्रमंडल द्वारा 100 सीएफटी पत्थर जब्त किया गया है।

### बड़कागांव विधानसभा का कोई भी क्षेत्र सड़कविहीन नहीं रहेगा, : अंबा प्रसाद

# 6 करोड़ की लागत से होगा दो सड़कों का निर्माण, मिली मंजूरी


**विकास के मामले पर रोल मॉडल बड़कागांव विधानसभा**

आजाद सिपाही सवांददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड क्षेत्र के दो अति महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा मंजूरी मिली है जिसमें प्रखंड क्षेत्र के भगवानबागी से लकुरा गांव होते हुए बचवरिया तक 2.7 किमी तथा चंदौल पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय से मुरकटी मुख्य पथ तक की 2.2 किमी सड़क का निर्माण शामिल है। स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि क्षेत्र के खराब पड़े सड़कों के मरम्मत कार्य और अधिक से अधिक नये सड़कों की स्वीकृति प्रदान करने को लेकर संबंधित विभाग से लगातार संपर्क मे रह कर कई सड़कों की निर्माण को लेकर स्वीकृति हासिल करायी गयी है। कोई भी क्षेत्र सड़क विहीन नहीं रहेगा। उक्त दोनों सड़कों के निर्माण में लगभग 6 करोड़ की लागत आयेगी और विधानसभा क्षेत्र वासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि विकास के मामले पर बड़कागांव विधानसभा पूरे राज्य में रोल मॉडल बन रहा है।

## कुएं से युवक का शव मिला, हत्या के आरोपी धराये



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के नवादा स्थित चरनखिया में एक पुराने कुएं से मो० आजाद अंसारी का शव बरामद किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक राजधनवार के लालबाजार का निवासी है। पुलिस द्वारा हत्या के आरोप में विष्णुगढ़ प्रखण्ड के नवादा निवासी शब्बीर अंसारी, तनवीर अंसारी, बेटी शहादा खातून एवं भतीजा खादिम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी विष्णुगढ़ थाना पुलिस के सहयोग से राजधनवार व बगोदर पुलिस की संयुक्त छापेमारी में हुई। इस संबंध में राजधनवार थाने में मामला दर्ज किया गया है। बताया गया कि आरोपी शब्बीर अंसारी की बेटी शहादा का ससुराल राजधनवार के लालबाजार के बगल के बिशुनपुर में है। मृतक आजाद पर आरोपित की पुत्री को प्रताड़ित का आरोप उसके ससुराल वालों ने लगाया। आरोपी के द्वारा बताया गया कि काफी कोशिशो के बावजूद भी आजाद द्वारा विवाहिता को परेशान किया जाता था। इससे तंग आकर विवाहिता ने अपने मायके में परिजनों संग मिलकर आजाद को रास्ते से हटाने की साजिश रची। योजना के तहत विवाहिता ने 24 अगस्त को मो०आजाद को नवादा आने को कहा। मृतक आजाद अपनी बुलेट मोटरसाइकिल लेकर नवादा पहुंचा, उसी दिन विवाहिता भी बस से मायके पहुंच गयी। विवाहिता के परिजन ने आजाद को कब्जे में लेकर उसी रात हत्या कर दी। शव को पत्थर से बांध कर कुएं में डाल कर उसकी बुलेट को बगोदर के हेसला में ले जाकर छोड़ दिया गया। शिकायत करने पर राजधनवार पुलिस उसकी खोज में जुटी। बुलेट को हेसला से बरामद किया गया व दबिश देने पर पुलिस की गिरफ्त में आए विवाहिता के मायके वालों की निशानदेही पर शव को कुएं से बरामद किया गया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## उपायुक्त ने डोमचांच प्रखंड व अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बुधवार को डोमचांच प्रखंड व अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने प्रखंड व अंचल कार्यालय समेत सभी विभागों का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड समन्वयक 15वें वित आयोग, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा बीपीओ कार्यालय मे अनुपस्थित पाये गये। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी क्षेत्र भ्रमण में गये है। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को निर्देश दिये कि कार्यालय के सभी कर्मी समय पर कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। प्रखंड के दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले आमजनों की समस्याओं का समाधान करेंगे। सभी कर्मी कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी से राशन कार्ड धारी के बारे में जानकारी ली और कहा राशन से संबंधित मामलों का निस्तारण अपने स्तर से करेंगे। उपायुक्त ने सीएम प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने बच्चों से बात चीत की और बच्चों से उनके पाठन पठन की जानकारी ली और शिक्षा व्यवस्था के बारे में जाना। रेफरल अस्पताल डोमचांच का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार सिन्हा, एपीआर अविनाश कुमार, थाना प्रभारी डोमचांच व अन्य मौजूद रहे।

## हाइवा से हो रही कोयले की अंधाधुंध ढुलाई



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी प्रखण्ड के चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से टंडवा पॉवर प्लांट सहित अन्य स्थानों पर भारी वाहनों से कोयले की ट्रांसपोर्टिंग लगातार जारी है चुंकि जोरदाग से लबनिया मोड़ तक की सड़क आम जनता के आवागमन के लिए था जिसे कंपनी के द्वारा महीनों से कोयले की ढुलाई के लिए लगातार उपयोग में लाया जा रहा है। भारी वाहनों के परिचालन से आम जनता व ग्रामीण त्रस्त हैं व लोग सर पर कफन बांध कर आवागमन करने को विवश हैं। ट्रांसपोर्टिंग के दौरान देर रात भारी वाहनों की कानफोड़ू ध्वनि ने आम जनता का नींद छीन लिया है। कोयले की ट्रांसपोर्टिंग के कारण पिछले दिनों कई दुर्घटना भी हो चुकी है जिससे दर्जनों लोग घायल भी हुए हैं। कोयले की ट्रांसपोर्टिंग शुरू होने के समय अधिकारीयों ने आम जनमानस से वादा किया था की कुछ समय बाद कम्पनी कोयले की ट्रांसपोर्टिंग के लिए अपना अलग सड़क बनायेगी लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है कंपनी के ढुलमुल रवैया से ग्रामीण अब बेहद परेशान व चिंतित हैं। व प्रक्रियाधीन है। बहुत जल्द कंपनी का अपना ट्रांसपोर्टिंग सड़क भी होगो और यह परियोजना आम जनता के सहयोग से ही लगातार सफलता के नये मानदंड स्थापित कर रहा है वहीं स्थानीय विस्थापितों व प्रभावित ग्रामीणों के लिए कई योजनाएं भी चलाई जा रही है जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है साथ ही कंपनी ग्रामीणों को साथ लेकर कार्य कर रही है।

## हाथियों ने, घर के साथ-साथ फसल को किया बर्बाद



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत अंतर्गत ग्राम पचरुखी तिलैया और रौसा में बीते रात लगभग 30 की संख्या में हाथियों ने काफी उत्पात मचाया। घर में रखे अनाज, मक्का के फसल और धान का बीचडा को चट कर दिया। वहीं श्यामलाल, मुन्नीलाल, अनिल,रामदेव के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं महादेव, महेश, श्यामसुंदर, केसोलाल, प्रेम, मुनीलाल, किशन, सोहन, रामजी, गोविंदटुडू,श्याम बिहारी कीस्कु, अजीत, शीतल, मोहन, सीताराम, जगदीश, सानू, तुलसी, दिनेश का फसल हाथियों ने बर्बाद कर दिया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने मुखिया रीता और जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया को दी।

## ओणम त्योहार पर रंगोली प्रतियोगिता



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बासोडीह बाजार स्थित सत टेरेसा इंग्लिश स्कूल में मंगलवार को ओणम त्योहार के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें विद्यालय के छह ग्रुप ने भाग लिया। सभी ग्रुपों के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कलाकृतियां रंगोली के रूप में बनाया जिसमे प्रिंस की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## नये पंचायत भवन निर्माण को लेकर मुखिया ने सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र के पाण्डु के पंचायत भवन एनटीपीसी के केरेडारी कोल माइंस के विस्थापित क्षेत्र में होने के कारण ध्वस्त करने को लेकर अधिसूचना हजारीबाग जिला उपायुक्त के द्वारा जारी किया गया है इस संदर्भ में पाण्डु पंचायत की मुखिया सकीबा खातून ने पंचायती राज निदेशक को लिखित ज्ञापन सौंपी है वहीं पाण्डु पंचायत भवन को हटाने संबंधीत अनापति देने के संबंध में पाण्डु पंचायत की जनता का आमसभा पंचायत भवन में बीते 1 अप्रैल 2023 को सर्व समिति से निर्णय लिया गयो जिसमें पाण्डु पंचायत भवन को ध्वस्त करने के पूर्व नए पंचायत भवन का निर्माण कराई जाय तथा पाण्डु पंचायत भवन का निर्माण पंचायत क्षेत्र के अंदर हीं कराई जाये पाण्डु पंचायत अंतर्गत सभी गांव विस्थापित क्षेत्र में नही है सो पंचायत क्षेत्र में ही पंचायत भवन का निर्माण कराई जाये पाण्डु पंचायत में प्रखंड क्षेत्र का एक मात्र उर्दू विधालय संचालित था उक्त स्कूल अधिग्रहण क्षेत्र में होने के कारण ध्वस्त कर दिया गया जिसकी पुनर्निर्माण कराई जाये साथ हीं हिंदी विधालय को भी अधिग्रहण क्षेत्र में होने के कारण ध्वस्त कर दिया गया उक्त हिंदी स्कूल का भी पुनर्निर्माण पंचायत के अंदर हीं कराई जाये ज्ञापन की प्रति उपायुक्त हजारीबाग मुख्यमंत्री ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड सरकार, प्रधानमंत्री भारत सरकार, पंचायती राज विभाग हजारिबाग, ग्रामीण विकास विभाग हजारिबाग, अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग को दी गयी है। मौके पर मुखिया सकीबा, मोहम्मद, संजय, संजर, मोहम्मद जिबरेल, रियाज, सफर, मोहम्मद, मोहम्मद, मोहम्मद, मोहम्मद समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा वाहिनी की बहनों ने जवानों को बांधी राखी



**मरकच्चो/ जयनगर।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की बहनों ने राष्ट्र समाज की सेवा में लगे सरकारी कर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन उत्सव मनाया। इस दौरान मरकच्चो थाना में थाना अध्यक्ष लव कुमार, एस आई उत्तम कुमार वैध, गोविंद सिंह, संजय शर्मा आदि को रक्षा सूत्र बांधी व मिठाई खिलाई। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका कृति सुमन द्वारा यह संदेश दिया गया कि पुलिसकर्मी, स्वास्थ्य कर्मी, प्रेस कर्मी सदैव हमारी रक्षा और सेवा में तत्पर रहते हैं।

## सीसीएल में सीएनसी ऑपरेटर, मशीनिंग टेक्नीशियन के 20 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण का अवसर

आजाद सिपाही संवाददाता



**निःशुल्क आवेदन फार्म सीएसआर विभाग महाप्रबंधक कार्यालय होनहे से प्राप्त तथा जमा कर सकते है।**

**टंडवा।** सीसीएल की आम्रपाली-चन्द्रगुप्त परियोजना क्षेत्र के प्रभावित विस्थापित युवाओं के लिये सीएसआर के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त करने का सुनहरा अवसर आया है।जीएम अमरेश कुमार सिंह के प्रयास से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिये हमेशा की तरह प्रतिबद्धता दिखाते रहे है। इसी संदर्भ में सीएनसी ऑपरेटर, मशीनिंग टेकनीशियन का सीसीएल सीएसआर के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। यह टाटी सिल्वे रांची, झारखण्ड सरकार टूल रूम में एक साल प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान रहने, खाने, कोर्स किट ड्रेस आदि का वहन सीसीएल सीएसआर के तहत किया जायेगा।एक अभियर्थी पर औसतन खर्च ढाई लाख है। जीएम अमरेश कुमार सिंह ने बताया की इस प्रशिक्षण की शुरूआत इंडस्ट्री के डिमांड के अनुसार किया गया है। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी युवाओं संबन्धित इंडस्ट्री में रोजगार से जोड़ने का प्रावधान है। और सभी विस्थापित प्रभावित सभी बेरोजगार युवा इस योजना का लाभ उठा सकते है,कुल सीट 20 है। कोर्स का नामः सीएनसी ऑपरेटर, मशीनिंग टेकनीशियन अवधि 01 वर्ष है। इसके निःशुल्क आवेदन फार्म सीएसआर विभाग महाप्रबंधक कार्यालय होनहे से प्राप्त तथा जमा कर सकते है बताया गया।

## दीवार गिरने से दबकर मजदूर की हुई मौत



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र मरकच्चो के मरकच्चो बाजार मुहल्ला में बुधवार को लगभग 12 बजे दिन दीवार गिरने से उसके मलबे से दबकर एक मजदूर की मौत हो गयी। मजदूर की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक मरकच्चो कुम्हर टोली निवासी छोटेलाल यादव (52 वर्ष) घर से कुछ ही दूरी पर मरकच्चो बाजार मुहल्ला में अनील मोदी के मकान में निर्माण कार्य में शामिल था। छोटेलाल यादव सुबह खाना खाने के बाद मजदूरी करने गया। इसी बीच पीलर का नीव काटने के दौरान बगल का दीवार गिर गया। जिससे दबकर उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही पत्नी केशिया देवी और इकलौते बेटे विवेक (12 वर्ष) व 5 लड़कियों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। सूचना पाकर मरकच्चो थाना पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया है।

# डीलरों की मनमानी अब नहीं चलेगी : वीणा देवी

**डीलरों को एफसीआई गोदाम से कम अनाज नहीं दी जाती है, लाभुक डीलरों से कम अनाज ना लें**

आजाद सिपाही संवाददाता





**हजारीबाग।** सदर प्रमुख वीणा देवी ने कहा कि डीलरों को एफसीआई गोदाम से कम अनाज नहीं दिया जाता है। उपभोक्ता किसी भी हाल में डीलर से पांच किलो से कम अनाज ना लें, जरूरत पड़ी तो सम्पर्क करें। बताया कि सदर प्रखंड क्षेत्र में कम अनाज देने की अफवाह डीलरों द्वारा फैलाई गयी है, जो बिलकुल गलत है। चूंकी पूर्व में जिन-जिन डीलरों द्वारा मात्रा से अधिक उठाव एफसीआई गोदाम से किया गया था। उन्हीं डीलरों को पूरा हिसाब कर अनाज दिया गया है। चूंकी वैसे डीलर को कम अनाज दिया गया है, जिनको पूर्व में अधिक अनाज ले चुका है। उन्हीं को कम मात्रा में अनाज मिला है। जन वितरण उपभोगताओं को डरने की कोई बात नहीं है। सभी को पूरा अनाज लेना है। यदि कोई डीलर कम अनाज देता है तो सीधे मुझ से तथा एमओ सदर, एसडीओ हजारीबाग, उपायुक्त को शिकायत करें। डीलरों की मनमानी अब नहीं चलेगी।

## शिक्षा विभाग ने सीआरपी तनवीर अख्तर का बादम से तलसवार संकुल किया तबादला

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के अनुशंसा पर हजारीबाग जिला शिक्षा विभाग ने संकुल साधन सेवी तनवीर अख्तर को बादम संकुल से हटाकर तलसवार संकुल भेज दिया गया है। उक्त संबंध में झारखंड शिक्षा विभाग हजारीबाग लेटर पैड में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जारी ज्ञापन संख्या 1123 तिथि 29 अगस्त 2023 पत्र जारी कर आदेश निर्गत किया गया है। उक्त मामला उर्दू कन्या मध्य विद्यालय बादम से जुड़ा है । स्कूल में विधि व्यवस्था चरमरा जाने के खिलाफ ग्रामीणों के द्वारा 21 अगस्त सोमवार को वरीय पदाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक के पास शिकायत की गई थी। जिस पर चुरचू प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जांच की गयी रिपोर्ट आगे अग्रसरित की गयी थी। स्थिति को देखते हुए बड़का गांव प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के अनुशंसा पर कार्रवाई की गयी है।बताते चलें कि बादम संकुल साधन सेवी तनवीर अख्तर की पत्नी इसी संकुल में संचालित उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में सहायक अध्यापिका के रूप में पदस्थापित है। बायोमेट्रिक में उपस्थिति दर्ज कराने के उपरांत कई शिक्षिकाएं स्कूल से 2 घंटे तक नदारत हो जाने के कारण स्कूल में बच्चों की पठन-पाठन प्रभावित हो जाने का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया गया था। जिसे शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की है।

# मां गंगे की भव्य महाआरती हुई संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे, ॐ नमः शिवाय के लगाये जयकारे**



**हजारीबाग।** सावन के पवित्र महीने पर सनातन धर्म के लोगों के द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस बीच हजारीबाग शहर के पश्चिमी शिव मंदिर में मलकेश्वर नाथ शिव मंदिर के समीप मां गंगा विराजमान है। जहां पर स्थानीय शिव भक्तों के विशेष सहयोग से मां गंगे की भव्य महाआरती संपन्न हुई। श्रद्धालुओं के द्वारा हर-हर गंगे, ॐ नमः शिवाय की जयकारों की गूंज मन्दिर प्रांगण में गूंजती रही। भव्य महाआरती के समापन के उपरांत महाप्रसाद का भोग लगाया गया। जिसमें खीर, लड्डू, बुंदिया, फल, मिठाई शामिल थे। इसके बाद महाप्रसाद को श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया। रात्रि के समय में कीर्तन मंडली के द्वारा शिव मंदिर के समक्ष भजन कीर्तन प्रस्तुत की गयी। जिसका आनंद सभी शिव भक्तों ने लिया। आयोजक मंडली ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से मां गंगे की आरती भव्य रूप से संपन्न हुई। मां गंगे की आरती में शिवपुरी क्षेत्र के तमाम शिव भक्तों का विशेष सहयोग रहा। भगवान भोलेनाथ, मां गंगे का आशीर्वाद तमाम भक्तों पर इसी प्रकार से बनी रहे। इस भव्य आयोजन के सफल होने के पश्चात शिव मंदिर के प्रधान सेवक सन्तोष के द्वारा पुरे मुहल्ला वासियों को धन्यवाद किया गया।

## डीडीसी ने पंचायत ज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने प्रखंड जयनगर के पंचायत जयनगर पूर्वी में पंचायत ज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। संबंधित एजेंसी को पंचायत ज्ञान केंद्र में आवश्यक सामग्रियों का अधिष्ठापन करते हुए एक सप्ताह के अंदर संचालन कराने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही निमार्णाधीन आगनबाड़ी केंद्र पेठिया बागी का भी निरिक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मुखिया एवं संबंधित एजेंसी के साथ अन्य कर्मियों उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 31 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



# उपायुक्त ने एनटीपीसी परियोजना में आ रही समस्याओं को लेकर की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त आवास स्थित गोपनीय कार्यालय में मंगलवार की देर शाम उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में एनटीपीसी परियोजना में आ रही समस्याओं को लेकर बैठक की गयी।

बैठक में मुख्य रूप से एनटीपीसी थर्मल पावर नॉर्थ कर्णपुरा में कोल कन्वेयर बेल्ट निर्माण को लेकर आ रही बाधाओं को दूर करने और एनटीपीसी केरेडारी कोल परियोजना अंतर्गत सीएचपी (कोल हैंडलिंग पाइपलाइन) कॉरिडोर निर्माण हेतु ग्राम उरदा में मुआवजा से संबंधित समस्याओं को दूर करने समेत कई अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, सभी संबंधित परियोजनाओं के महा प्रबंधक, अंचल अधिकारी टंडवा विजय कुमार दास, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# रामगढ़ में कुकर्मी पिता को सुनायी गयी 13 साल की सजा

- 13 साल की सजा के साथ लगाया 80 हजार का जुर्माना
- पीड़ित बेटी ने अपने ही पिता के खिलाफ दर्ज करायी थी वेस्ट ओपी में मामला दर्ज
- एडीजे-1 ने सुनाया फैसला, प्रभारी लोक अभियोजक ने पीड़िता का रखा पक्ष




आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** अपने ही बेटी के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने के मामले में रामगढ़ व्यवहार न्यायालय की एडीजे-1 शेषनाग सिंह की अदालत ने कुकर्मी पिता को सजा सुनायी है। कोर्ट ने आरोपी को 10 साल की सजा सुनायी है। साथ 80 हजार रुपया जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि पीड़िता को मिलेगा।

**क्या है मामला:** जानकारी के अनुसार 16 मई 2022 को फिरोज अहमद की 13 वर्षीय बेटी ने अपने पिता के खिलाफ ही बेस्ट बोकारो ओपी में आवेदन देकर पिता पर संगीन आरोप लगायी। पुलिस ने आवेदन पर मांडू (बेस्ट बोकारो ओपी) थाना कांड संख्या 88/2022 मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। साथ ही आरोपी फीरोज खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता ने आवेदन में बताया कि मेरे पिता मेरे साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास लगातार कर रहे है। जिसके बाद केस अनुसंधानकर्ता राजेश राय ने पूरे मामले की जांच पड़ताल कर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट किया। जिसके बाद एडीजे-1 शेषनाग सिंह के कोर्ट में पूरे मामले की बहस हुई। मामले में कुल 7 गवाहों ने आरोपी के खिलाफ गवाही दी। इस दौरान पीड़िता के तरफ से प्रभारी लोक अभियोजक आलोक कुमार ने बारीकी और तथ्यों के आधार पर कोर्ट के समक्ष पीड़िता का पक्ष रखा। जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी को 10 साल की सजा सुनायी। साथ ही 80 हजार का जुर्माना लगाया।

# रामगढ़ कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति ने निर्माणाधीन महिला छात्रावास का कार्य रोका



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति ने महाविद्यालय रामगढ़ में 2 कड़ोड 38 लाख के लागतसे सरकार निमार्णाधीन महिला छात्रावास कार्य रोक दिया है। समिति का आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने कहा कि जब तक प्राचार्य के साथ बात ना हो तब तक कार्य प्रारंभ नहीं करना है। बिल्डिंग बनाने के संबंध में नहीं कॉलेज को किसी प्रकार की जानकारी है ना ही किसी भी अन्य व्यक्ति को ठिकेदार अपना मनमौजी से कार्य को कर रहे हैं। इसी को देखते हुए आदिवासी छात्र संघ पूर्व विनोबा भावे संयोजक शशि करमाली के नेतृत्व में कार्य को स्थगित किया गया है। विरोध करने वालों में शशि करमाली ,गगन करमाली , जय करमाली, प्रमोद मुंडा, शशी बेदिया,अमृत महली, पप्पू महली, श्रवण महतो, दीपू महतो उपस्थित थे।

# समाजसेवियों ने बासल थाना के नये प्रभारी विकास आर्यन का किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** बासल थाना के नये प्रभारी विकास आर्यन का बुधवार को समाजसेवियों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व पार्षद सह समाजसेवी झरी मुंडा व समाजसेवी नंदकिशोर मुंडा ने बासल के नये थाना प्रभारी विकास आर्यन को पुष्प गुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही पदभार ग्रहण करने व अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर दोनो समाजसेवियों ने थाना प्रभारी के साथ बासल क्षेत्र में आए दिन हो रहे एक्सीडेंट, फोरलेन में खड़ी गाड़ियों और बासल थाना क्षेत्र में कैसे शांति बहाल हो आदि मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को हर संभव सहयोग करने की भी दोनो ने बात कही। थाना प्रभारी का स्वागत करने वालो में झरी मुंडा, नंदकिशोर मुंडा सहित पवन कुमार मुंडा, विकास मुंडा आदि शामिल थें।

## श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन

# बच्चे हर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करें: हरजाप सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय समूह राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता चार सदनों के बीच में हुआ। जिसमें साहेबजादा अजीत सिंह, साहेबजादा जुझार सिंह, साहेबजादा जोरावर, साहेबजादा फतेह सिंह शामिल थे। यह प्रतियोगिता कक्षा (6 to 8) तथा (9 to12) के बीच हुआ। प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने काफी उत्साहित होकर भाग लिया और तरह-तरह की रंग बिरंगी राखियां भी बनायी। साथ में थाली तथा कार्ड भी बनाया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक राखियां बनायी। इस अवसर पर प्राचार्य हरजाप सिंह ने बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की और भविष्य मे बेहतर करने की कामना की। कार्यक्रम में अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थें।

# परवरिश स्कूल में रक्षाबंधन उत्सव पर पेड़- पौधों को बांधी राखी



**कुजू (आजाद सिपाही)।** परवरिश एजुकेयर स्कूल, कुजू में रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पेड़ - पौधों को राखी बांधकर रक्षा करने का वचन लिया। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और युवा मन में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करने के उद्देश्य शामिल रहा। वही, स्कूल के सहायकों से मिले स्नेह और देखभाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राखी बांधा। साथ ही, शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने पर्यावरण की रक्षा व पोषण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रतीक, पेड़ों और गमले में लगे पौधों की शाखाओं पर प्यार से रंग-बिरंगी राखियाँ बाँधी। समारोह के दौरान जीवित प्राणियों की देखभाल करने की शपथ लेते हुए प्रकृति के संरक्षक बनने का संकल्प लिया। मौके पर प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी ने सार्थक उत्सव में सक्रिय रूप से विद्यार्थियों को शामिल होता देखकर खुशी व्यक्त की। वही, निदेशक शैलेन्द्र कुमार व प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने रक्षाबंधन उत्सव के मौके पर पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर जारी पहल की सराहना की। बच्चों को पारंपरिक से परे सोचना सिखाया और उन्हें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। अनूठे रक्षाबंधन उत्सव ने न केवल छात्रों और प्रकृति के बीच के बंधन को मजबूत किया, बल्कि दूसरों के अनुसरण के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण भी स्थापित किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-कर्मचारी और विद्यार्थी गण शामिल रहे।

# रक्षाबंधन पर सज-धज कर तैयार हैं मिठाइयों की दुकानें



आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र में भाई बहन के धागों का त्यौहार रक्षाबंधन पर कई दुकानों में एक से बढ़कर एक राखी का दुकान सजाया गया है वहीं रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित केसरी मिष्ठान भंडार में 32 किस्म के मिठाई बनाया गया है जिसमें काफी स्वादिष्ट मिठाइयां बनी है उन्होंने बताया कि राखी त्यौहार को लेकर प्रत्येक वर्ष एक से बढ़कर एक कई अलग-अलग तरह के मिठाई बनाकर दुकान में सजाया जाता है रक्षाबंधन को लेकर काफी भीड़भाड़ रहती है और मिठाई की मांग काफी रहती है होटल संचालक मिथिलेश केसरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर तीन दर्जन से अधिक किसके स्वादिष्ट मिठाई उचित दर पर ग्राहकों को दिया जाता है जिसमें रजरप्पा के ग्रामीण क्षेत्र से काफी संख्या में मिठाई की खरीदारी करने आते हैं उन्होंने बताया कि उचित मूल्य पर मिठाई बेचकर मैं संतुष्ट रहता हूं और ग्राहकों की संतुष्टि से ही मेरा दर्जनों के मिठाई के बिक्री होती है सभी गुणवत्तापूर्ण मिठाइयां बनाई जाती है जो की बंगाल से पहुंचे कारीगर होटल पर ही बनाते हैं जिसमें मुख्य रूप से काजू बर्फी, बेसन लड्डू खोवा बर्फी बेसन लड्डू मोतीचूर लड्डू, बादाम बर्फी मिल्क केक, गुलाब जामुन, डोडा बर्फी, राजभोग गोपाल भोग, केसर भोग चॉकलेट बर्फी सहित 32 प्रकार से अधिक तरह के हमारे होटल में मिठाई बनाया जाता है उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन पर भाई अपने बहन की लंबी उम्र की कामना के लिए उनके कलाई पर रक्षा सूत्र बांधते हैं और दीघार्यु होने की कामना करते हैं।

# गायत्री शक्तिपीठ मंदिर भुरकुंडा में प्रखंड स्तरीय गोष्ठी का हुआ आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में बुधवार को शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें परम पूज्य गुरुदेव युगऋषि वेदऋषि तपोनिस्ट पंडित राम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीय माता संक्षय संरक्षण में आयोजित गोष्ठी में शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए त्रिलोचन साहू तथा उसके सहयोगी प्रशांत कुमार द्वारा गुरु जी का संदेश मौजूद लोगों को सुनाया गया। मौके पर हजारीबाग उपजोन प्रभारी रघुनंदन साहू, रामगढ़ शक्तिपीठ के सहायक प्रबंधक ट्रस्टी महेश मिश्रा व जिला समन्वयक राजकुमार स्वर्णकार ने अपने विचार रखें। इस प्रखंड स्तरीय गोष्ठी में भुरकुंडा, पतरातू, सौंदा, बरकाकाना, सहित आसपास के दर्जनों गायत्री परिवारों ने हिस्सा लिया। मौके पर रामपुकार शर्मा, सरस्वती देवी, भोलानाथ गोस्वामी, बद्री प्रसाद, राजेंद्र ठाकुर, समाजसेवी विनोद सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# डीलर ने 10 किलो अनाज कम दिया कार्डधारियों ने किया विरोध

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उरैली पंचायत के खुटेहरा और धरधारा उरैली गांव के सरकारी जन वितरण प्रणाली की दुकान में घोर अनियमितता बरती जा रही है। डीलर की मनमानी से कार्डधारी काफी परेशान है। इस संबंध में कार्डधारियों का आरोप है कि खुटेहरा का डीलर राधा देवी के पति अनुज पासवान द्वारा खाद्यान्न वितरण अपने मनमर्जी से चलता है। डीलर द्वारा जिला से आवंटन काटे जाने का बहाना बनाकर प्रत्येक लाभूक को निर्धारित मात्रा से। 10 किलो अनाज कम दिया जा रहा था। इसकी शिकायत कार्डधारियों ने स्थानीय मुखिया संजय सिंह तथा एम ओ अर्जुन कुमार से किया गया। कार्डधारियों की शिकायत पर जांच करने पहुंचे एम ओ अर्जुन कुमार ने बताया कि कार्डधारियों द्वारा लगाया गया आरोप सही पाया गया है। डीलर के पति अनुज पासवान के द्वारा कम आनाज वितरण किया जा रहा था। जबकि राधा देवी अनुपस्थित थी। इसके अलावे धरधरा के डीलर संतोष सिंह के विरूद्ध भी कार्डधारियो ने अभद्र व्यवहार करने तथा कम अनाज देने का आरोप लगाया है।

# जेएसपी पतरातू में राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** जेएसपी कैंपस स्थित ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बुधवार को मिनी मैराथन रन फॉर फ्यूचर (भविष्य की दौड़) का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नवम से द्वादश तक के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मिनी मैराथन में छात्र-छात्राओं को विद्यालय के खेल मैदान से शुरू होकर जेएसपी कैंपस के विभिन्न मार्गों से होते हुए लगभग पांच किलोमीटर की दूरी तय करनी थी। इस मैराथन में छात्राओं की ओर से श्वेता कुमारी नवमी कक्षा की प्रथम, मनीषा कुमारी दशमी कक्षा की द्वितीय और रक्षा कुमारी एकादश कक्षा की तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं छात्रों की ओर से शुभ कुमार यादव नवमी कक्षा का प्रथम, सुमित सिंह दसवीं कक्षा का द्वितीय, और वरुण कुमार दसवीं कक्षा का तृतीय स्थान पर रहे। इसके साथ ही ओपी जिंदल विद्यालय में आगामी रक्षाबंधन त्यौहार को देखते हुए छठी से आठवीं कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के बीच ओपन हाउस राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जेएसपी फाउंडेशन पतरातू ने आशा दी हॉप पतरातू केंद्र के दो बच्चों के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिन्होंने स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा जमशेदपुर में आयोजित शिविर में भाग लिया था। जिसमें अभिषेक कुमार ने 400 मीटर में स्वर्ण पदक और रजत पदक जीता था। 100 मीटर और दूसरे बच्चे जुनेद बाबू ने 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता था। जेएसपी फाउंडेशन ने रामगढ़ जिला फुटबॉल लीग के फाइनल में जगह बनाने वाली जेएसपी फाउन्डेशन गर्ल्स फुटबॉल टीम को हरी झंडी दिखाते हुए उन ग्रामीण बच्चो का हौसला बढ़ाया, जिसमें जेएसपी फाउण्डेशन गर्ल्स फुटबॉल टीम उपविजेता रही थी। इस मौके पर लड़कियों की फुटबॉल टीम को पोषण सहायता भी प्रदान किया गया।

# मानदेय को लेकर एकजुट हुए चुरचू प्रखंड के कृषक मित्र



**चरही (हजारीबाग) (आजाद सिपाही)।** कृषक मित्र महासंघ प्रखण्ड चुरचू की बैठक मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय मे हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड के पुर्व उप प्रमुख चोलेशवर महतो एंव संचालन प्रखंड सचिव मो० तामीर अंसारी द्वारा किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत एवं सशक्त बनाने और आन्दोलन की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। झारखंड सरकार हम कृषक मित्रो के साथ सौतेला व्यवहार कर रही हैं, कृषक मित्र संघ अपनी मानदेय की मांग को लेकर झारखंड सरकार को घेरने एवं आर-पार की आन्दोलन करने पर विचार बना चुकी है। मौके पर मो० तामीर अंसारी, नरेश कुमार महतो, रोहित महतो, अशोक कुभ महतो, सुरेश महतो अशोक प्रसाद, एरिक तिग्गा, लक्ष्मीकांत करमाली, रंजीत मराण्डी, जीवन हेम्ब्रोम, कामेश्वर जी, नरेश यादव, पुनित राम, राजेन्द्र साव, नुनू प्रसाद, श्यामलाल महतो, संतोष बास्के, कृषक मित्र उपस्थित थे।

# गुरुचट्टी कुशवाहा समाज के द्वारा बुढ़वा महादेव में 24 घंटे का अखंड हरिकृतन का हुआ आयोजन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पूरे राज्य में विख्यात महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में गुरूचट्टी कुशवाहा समाज के ओर से सावण माह के पवित्र माह के पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। या अखंड हरी कीर्तन बुधवार को 10:51 सुबह से स्टार्ट किया गया जो की पूर्णिमा के पति वार दिन को 10:51 में समाप्त किया जाएगा। उपस्थित अखंड हरिकीर्तन करने वाले ग्रामीणों ने बताया कि यह परंपरा हमारे पूर्वजों के द्वारा पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से किया जा रहा है जीसका अनुपालन आज के युग में भी हमलोग कर रहे है। आगे उन्होंने बताया कि 100 वर्ष पहले जब बारिश नहीं होने के कारण खेती नहीं हो पा रही थी तब जाकर हमारे पूर्वजों ने 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन कर भगवान भोलेनाथ से बारिश की कामना किया तत्पश्चात अच्छी बारिश हुई और समस्त बड़कागांव कर्णपुरा क्षेत्र में खेती भी हो पायी। जिसके बाद से इस परंपरा को आज तक चलाया जा रहा है। और प्रत्येक वर्ष 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया जाता है ताकि समस्त बड़कागांव कर्णपुरा क्षेत्र में सुख समृद्धि व शांति बना रहे। मौके पर मुख्य रूप से बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता, बुधिनथा महतो, प्रभु दयाल महतो, द्वारिका महतो,बंधु महतो, नरसिंह प्रसाद,सुखदेव महतो,अरुण महतो, बिगलकिशोर महतो, सत्याजीत विद्या अलंकार, रविन्द्र महतो, श्रीवास्तव कुमार सहित समस्त गुरुचट्टी कुशवाहा समाज के लोग उपाथित थे।

# होंगे कामयाब

कोटा में रविवार को दो और छात्रों ने खुदकुशी कर ली। इसके साथ इस साल कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों की संख्या 23 हो गई है, जो बहुत ही गंभीर मसला है। कोटा ही नहीं, पूरे देश में खुदकुशी करने वाले छात्रों की संख्या बढ़ रही है। साल 2020 में 12500 से अधिक, तो 2021 में 13,000 छात्रों ने आत्महत्या की। ये आंकड़े नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के हैं। ऐसा नहीं है कि महामारी बनती इस समस्या के कारण हमें नहीं पता। सब जानते हैं कि किस तरह से पैरंट्स अपने सपने बच्चों पर थोपते हैं। उन्हें आईआईटी, एनआईटी या मेडिकल में ही बच्चों का सुनहरा भविष्य दिखता है, जिसे साकार करने के लिए कई अभिभावक कर्ज भी लेते हैं। मां-बाप के सपनों से दबा स्टूडेंट जब कोचिंग संस्थानों में पहुंचता है तो उस पर तैयारी और टेस्ट का प्रेशर डाल यह कहकर भी डराया जाता है कि जेईई या नीट दुनिया की सबसे मुश्किल परीक्षाएं हैं। कोचिंग संस्थानों पर ऐसे आरोप भी लगते रहे हैं कि वे प्रशासन की ओर से बनाए गए नियमों पर पूरी तरह अमल नहीं करते। कोटा के संस्थानों पर भी ऐसे इल्जाम लगे हैं। दरअसल, बच्चों को मनोवैज्ञानिक दबाव से बाहर निकालने के लिए कोटा प्रशासन ने तकरीबन साल भर पहले एक गाइडलाइन जारी की थी, जिसे एक भी कोचिंग संस्थान ने पूरी तरह फॉलो नहीं किया है। पुणे स्थित कंसल्टेंसी फर्म इनफिनियम ग्लोबल रिसर्च का अनुमान है कि इस साल के आखिर तक कोचिंग इंडस्ट्री का कारोबार 58,000 करोड़ रुपये से भी ज्यादा होगा। यानी कोचिंग संस्थान चाहें तो बच्चों की मेंटल हेल्थ सुधारने के लिए पहल कर सकते हैं। वे ऐसे छात्रों की मॉनिटरिंग भी कर सकते हैं, जिनका टेस्ट स्कोर कम हो और जो अक्सर क्लास से गायब रहते हों। ऐसा भी नहीं है कि कोटा के कोचिंग संस्थानों की ओर से इस तरह की पहल नहीं हुई है, लेकिन स्पष्ट है कि ये नाकाफी साबित हो रहे हैं। दूसरी तरफ भरोसेमंद शैक्षणिक संस्थानों का भी मसला है। देश में कुल 23 आईआईटी और लगभग इतने ही मेडिकल कॉलेज हैं। इन्हीं के लिए सब तैयारी करते हैं। सबका इन्हीं पर भरोसा है, लेकिन सबको तो इनमें एडमिशन मिल नहीं सकता। जितने स्टूडेंट्स इसमें दाखिले के लिए परीक्षा देते हैं, हर साल उनमें से औसतन 2 फीसदी ही पास होते हैं। ऐसे में सरकार को या तो खुद या प्राइवेट सेक्टर की मदद से और भी भरोसेमंद संस्थान बनाने होंगे। नौकरी देने वाले प्राइवेट सेक्टर को भी छोटे इंजीनियरिंग कॉलेजों में हायरिंग के लिए जाना होगा क्योंकि वहां भी टैलंटेड स्टूडेंट्स हैं। मगर इन सबसे पहले पैरंट्स को अपने बच्चों की काबिलियत पहचाननी होगी और उसी के अनुरूप आगे बढ़ने में उसकी मदद करनी होगी। कोटा में आज जो हो रहा है, उसे रोकने के लिए पैरंट्स, कोचिंग संस्थान और सरकारी मशीनरी सबको मिलकर काम करना होगा।

**राजस्थान के एजुकेशन हब माने जाने वाले कोटा में सुसाइड करने वाले बच्चों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इस साल कोटा में सुसाइड करने वाले बच्चों की संख्या 23 हो गई है। तैयारी करने वाले बच्चों का ऐसा सुसाइड करना बेहद गंभीर मसला है।**

## सूर्य मंदिर में विधायक फंड से निर्मित स्विमिंग पूल का विधायक सरयू राय ने किया उद्घाटन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सावन महीने के अंतिम दिन सिदगोड़ा टाऊन हॉल परिसर में विधायक निधि से निर्मित स्विमिंग पूल का उद्घाटन विधायक सरजू राय के द्वारा किया गया। बुधवार को उद्घाटन समारोह के दौरान जेएनएससी के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार भाजमो महिला जिला अध्यक्ष मंजू सिंह सहित शामिल रहे। मौके पर विधायक सरयू राय नर कहा यह स्वीमिंग पूल यहाँ के नागरिकों को समर्पित है। 12 वर्ष उम्र तक के बच्चे यहां अत्यंत न्यूनतम शुल्क देकर तैराकी सीख सकेंगे। साथ ही जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भाग लें सकेंगे। इसके लिए अभिभावकों को यहां अपने बच्चों का रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। तैराकी सीखने आने वाले बच्चों के लिए क्लॉथ चैंजिंग रूम व कपड़े रखने का दराज भी बनाया गया है। विधायक श्री राय ने कहा स्वीमिंग पूल को बेहतर ढंग से संचालित करने व रख रखाव में जो भी लागत आएगा बच्चों से सिर्फ वही फीस के रूप में लिया जाएगा। श्री राय ने कहा 5 सितंबर से स्वीमिंग पूल के लिए रेजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होगा और 15 सितंबर तक चलेगा। 16 सितंबर से तैराकी सिखाने का बैच प्रारम्भ कर दिया जाएगा। स्वीमिंग पूल के लिए बची हुई अन्य तैयारियाँ भी कर ली जाएंगी। पानी को प्रतिदिन बदल कर साफ और स्वच्छ रखा जाएगा। अनुभवी कोच के द्वारा तैराकी की प्रशिक्षण दी जायेगी। विधायक राय ने बताया यह स्वीमिंग पूल राज्य का पहला स्वीमिंग पूल होगा जिसे सरकारी संस्थान द्वारा संचालित किया जायेगा। अब तक शहर के नागरिक इसके लिए सिर्फ टाटा स्टील द्वारा संचालित स्विमिंग पूल पर ही आश्रित थे। उन्होंने कहा इसके अलावा यहां एक बड़ा स्वीमिंग पूल बनाने का भी प्रस्ताव दिया गया। अंतराष्ट्रीय मानक के अनुरूप हाल्फ ओलंपिक साईज का स्वीमिंग पूल का निर्माण किया जायेगा। बहुत जल्द इसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाने की उम्मीद है। झारखंड सरकार का पर्यटन एवं खेल कूद विभाग इसके लिए फंड मुहैया करवायेगा। विधायक राय ने कहा टाऊन हॉल से लेकर सूर्य मंदिर यह पूरी तरह से राज्य सरकार की संपत्ति है। राज्य सरकार ने इसे अपने कब्जे में लिया है। परिसर का जिम्मा जिला के उपायुक्त को दिया है। जिसे जमशेदपुर अक्षेस इसका पूरा प्रबंधन कर रहा है। इसका बेहतर विकास किया जायेगा जो भी परेशानी आयेगी उसका समाधान निकाला जायेगा। अभी इस मामले मे टाटा स्टील के भरोसे हैं। लेकिन सूर्य मंदिर परिसर का प्रबंधन व संचालन सरकार करेगी। इसकी सफलाता के लिए जनसहयोग की भी आवश्यकता है। राय ने कहा शंख मैदान के बगल में एक कबड्डी कोर्ट व वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। नौजवान व लड़कियाँ अभ्यास कर सकेंगे। टाऊन हॉल के नीचे 2 बड़े बड़े कमरे हैं। इन कमरों में टेबल टेनिस कोर्ट व विलयार्ड बनाकर इंडोर गेम के लिए तैयार किया जायेगा। उन्होंने कहा यहां 2 बड़े तलाबों का विकास बच्चों के मनोरंजन के उपयुक्त बनाया जा रहा है। बच्चों के मनोरंजन के लिए पैडल से चलने वाले 2 सीटर वोट की व्यवस्था की जा रही है। राय ने कहा इस परिसर को पूरी तरह से क्रीड़ा उद्यान के रूप में विकसित हो जायेगा। यहाँ विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी संजय कुमार, प्रशिक्षु विशेष पदाधिकारी संतोषी मुर्मू, सहायक अभियंता संजय कुमार, कनीय अभियंता नीतेश कुमार, भाजमो के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, संजीव आचार्य, मंजु सिंह, कुलविंदर सिंह पन्नु, पी विजय कुमार, विजय नारायण, विनोद राय, दुर्गा राव, किरण सिंह, शिवानी सिंह सहित अन्य मौजुद रहे।

**अभिमत**

**आजाद सिपाही**

**मंत्रियों, वरिष्ठ नीति निर्माताओं और बहुपक्षीय एजेंसियों ने स्पष्ट तौर पर भारत की जी20 स्वास्थ्य प्राथमिकताओं का समर्थन किया है, जो सभी की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और उनकी क्षमताओं की जटिलताओं पर प्रकाश डालता है। इस प्रक्रिया में, हम इस बात पर एक व्यापक सहमति बनाने में सफल रहे हैं कि भविष्य की स्वास्थ्य आपात स्थितियों को रोकने, इसके लिए तैयार रहने और इसका मुकाबला करने के लिए सामूहिक वैश्विक कार्रवाई ही आगे का रास्ता है और महामारी से उबरने की प्रक्रिया न्यायसंगत होनी चाहिए।**

# भारत की जी-20 की अध्यक्षता में एक समावेशी वैश्विक स्वास्थ्य संरचना की आधारशिला रखी गयी



**डॉ. मनसुख मांडविया**





भारत नई दिल्ली में 18वें जी20 राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। इस परिदृश्य में हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि वास्तव में समावेशी और समग्र सार्वभौमिक स्वास्थ्य संरचना के निर्माण के लिए ग्लोबल साउथ और ग्लोबल नॉर्थ को जोड़ने वाले सेतु की आधारशिला रखी जा चुकी है, जब भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर में आयोजित स्वास्थ्य मंत्रिस्तरीय बैठक में कहा, 'हमें अपने नवाचारों का जनकल्याण के लिए उपयोग करना चाहिए। हमें वित्तपोषण के दोहराव से बचना चाहिए। हमें प्रौद्योगिकी की न्यायसंगत उपलब्धता की सुविधा प्रदान करनी चाहिए।'

यह देखकर खुशी होती है कि शक्तिशाली अंतरराष्ट्रीय मंच के सदस्यों ने महामारी के वर्षों के दौरान और उसके बाद से अर्जित सामूहिक ज्ञान के आधार पर कार्य करने के लिए एक लंबा सफर तय किया है - वास्तविक स्वतंत्रता तभी शुरू होती है, जब पूरी मानवता के स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता नहीं किया जाता है। यदि कोई वायरस तबाही मचाने का फैसला करता है और हम इसका मुकाबला करने के लिए तैयार नहीं हैं, तो समाज किसी भी स्तर की आर्थिक खुशहाली का आनंद नहीं ले सकता है। यह बात, भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत महत्वपूर्ण स्वास्थ्य प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श की अंतर्निहित अवधारणा रही है।

> **जी-20 देशों ने यह सुनिश्चित किया है कि दुनिया डिजिटल-विभाजन को पाटने के लिए, एक विभाजित डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था से वैश्विक डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर आगे बढ़ेगी।**

मंत्रियों, वरिष्ठ नीति निर्माताओं और बहुपक्षीय एजेंसियों ने स्पष्ट तौर पर भारत की जी20 स्वास्थ्य प्राथमिकताओं का समर्थन किया है, जो सभी की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और उनकी क्षमताओं की जटिलताओं पर प्रकाश डालता है। इस प्रक्रिया में, हम इस बात पर एक व्यापक सहमति बनाने में सफल रहे हैं कि भविष्य की स्वास्थ्य आपात स्थितियों को रोकने, इसके लिए तैयार रहने और इसका मुकाबला करने के लिए सामूहिक वैश्विक कार्रवाई ही आगे का रास्ता है और महामारी से उबरने की प्रक्रिया न्यायसंगत होनी चाहिए।

स्वास्थ्य पर कुछ महत्वपूर्ण वैश्विक कार्रवाइयों में शामिल हैं, चिकित्सा उपाय प्लेटफार्म के सिद्धांतों और संरचना पर आम सहमति बनाना, जो टीकों, उपचार, निदान और अन्य समाधानों तक पहुंच से जुड़ी मौजूदा असमानताओं में कमी ला सकता है और जिन्हें स्वास्थ्य संकटों से निपटने में प्रभावी उपाय माना जाता है; डिजिटल स्वास्थ्य पर एक वैश्विक पहल, जो देशों की डिजिटल स्वास्थ्य पहल की प्रगति की इस प्रकार सहायता करे कि अपने विशिष्ट संदर्भ में अन्य देशों के लिए समाधान अपनाने में अंतर को कम किया जा सके; इस बारे में अपनी समझ विकसित करना कि जलवायु और स्वास्थ्य एक-दूसरे को कैसे प्रभावित करते हैं, ताकि विशिष्ट समाधानों को प्राथमिकता दी जा सके; और पारंपरिक औषधियों के हमारे भंडार से जानकारी प्राप्त करना, ताकि हमारे भविष्य का स्वास्थ्य हमारे अतीत के ज्ञान से लाभ उठा सके।

**प्रतिरोधी चिकित्सा उपाय प्लेटफॉर्म की आवश्यकता :** दुनिया भर में कोविड-19 टीकाकरण और नैदानिक चिकित्सा ने हमारी निहित असमानताओं को उजागर किया है, जिन्हें हमें दूर करना होगा। आपस में अत्यधिक जुड़ी हुई दुनिया में, किसी देश में रोगाणुओं का खतरा, पूरी दुनिया के लिए खतरा है और हमें सिद्धांतों तथा एक वैश्विक संरचना पर सहमत होना चाहिए, जो टीकों, नैदानिक परीक्षणों, दवाओं और अन्य समाधानों तक न्यायसंगत और समय पर पहुंच में सभी देशों को सक्षम बना सके।

> **जी-20 देशों ने विशेष रूप से विकासशील देशों में टीकों, चिकित्सीय और नैदानिक उत्पादों की क्षेत्रीय विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के साथ-साथ सामूहिक रूप से अनुसंधान एवं विकास के एक इकोसिस्टम को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है, ताकि स्वास्थ्य-आपातकालीन स्थितियों में बाजार की विफलताओं से बचा जा सके।**

ऐसा वैश्विक प्लेटफार्म समावेशी होना चाहिए, जिसका अर्थ है कि यह उन देशों को ध्यान में रखता है, जो समाधान तक पहुंच में बाधाओं का सामना करते हैं; कुशल होना चाहिए, जिसका अर्थ है कि यह मौजूदा क्षमताओं और नेटवर्क पर तेजी से आगे बढ़ता है; कार्यकुशल और अनुकूल होना चाहिए; जिसका अर्थ है कि इसमें बदलती जरूरतों और वैज्ञानिक प्रमाणों के अनुसार तेजी से अनुकूलन करने के लिए अंतर्निहित लचीलापन है; और जवाबदेह होना चाहिए; जिसका अर्थ है कि एक पारदर्शी संरचना में स्पष्ट और साझा जिम्मेदारी है। इसे शीघ्रता से किफायती चिकित्सा समाधान उपलब्ध कराने चाहिए। जी20 के माध्यम से, हमने डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व में ऐसे प्लेटफार्म को लागू करने के परामर्श के लिए एक अंतरिम व्यवस्था के निर्माण पर बिना किसी देरी के अपनी प्रतिबद्धता जताई है, जहां निम्न और मध्यम आय वाले देशों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व हो, ताकि अगली स्वास्थ्य आपात स्थिति से मुकाबले के लिए हम पूरी तरह तैयार रहें।

जी-20 देशों ने विशेष रूप से विकासशील देशों में टीकों, चिकित्सीय और नैदानिक उत्पादों की क्षेत्रीय विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने के साथ-साथ सामूहिक रूप से अनुसंधान एवं विकास के एक इकोसिस्टम को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है, ताकि स्वास्थ्य-आपातकालीन स्थितियों में बाजार की विफलताओं से बचा जा सके।

**डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल का शुभारंभ :** सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में, डिजिटल स्वास्थ्य सबसे शक्तिशाली उपायों में से एक के रूप में उभरा है। महामारी के दौरान हमने भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिजिटल उपकरणों की परिवर्तनकारी क्षमता का अनुभव किया है। कोविड-19 के दौरान,

> **पिछले साल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के जामनगर में पारंपरिक चिकित्सा के डब्ल्यूएचओ-वैश्विक केंद्र का उद्घाटन किया और दुनिया के लिए हमारे प्राचीन आरोग्य ज्ञान के दरवाजे खोले। स्वास्थ्य में साक्ष्य-आधारित पारंपरिक और पूरक चिकित्सा की संभावित भूमिका की पहचान करते हुए हम जी-20 में सदस्य देशों के साथ उस विरासत को आगे ले जा रहे हैं।**

डिजिटल जनकल्याण उपायों के रूप में परिकल्पित को-विन और ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म पूर्ण रूप से गेम-चेंजर साबित हुए, जिसने एक अरब से अधिक लोगों तक, जिनमें सबसे कमजोर समुदाय भी शामिल थे, टीकों और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के तरीके को पूरी तरह से लोकतांत्रिक बना दिया। भारत पहले से ही एक राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम - आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) तैयार कर रहा है, जो मरीजों को उनके मेडिकल रिकॉर्ड का संग्रह करने, मेडिकल रिकॉर्ड तक पहुंच प्राप्त करने और उचित उपचार व अनुवर्ती चिकित्सा सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ मेडिकल रिकॉर्ड साझा करने का अधिकार देता है।

120 से अधिक देशों ने अपनी राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य नीतियां या रणनीतियां विकसित की हैं, जो कम आय वाले देशों सहित दुनिया भर में

> **कोविड-19 के दौरान, डिजिटल जनकल्याण उपायों के रूप में परिकल्पित को-विन और ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म पूर्ण रूप से गेम-चेंजर साबित हुए, जिसने एक अरब से अधिक लोगों तक, जिनमें सबसे कमजोर समुदाय भी शामिल थे, टीकों और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के तरीके को पूरी तरह से लोकतांत्रिक बना दिया।**

डिजिटल स्वास्थ्य उपकरणों की जरूरत को दर्शाती हैं। लेकिन कुछ समय पहले तक, देशों के पास डिजिटल स्वास्थ्य पहल पर ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए कोई आम प्लेटफार्म और भाषा नहीं थी, जबकि वे ऐसा करना चाहते थे। डिजिटल स्वास्थ्य में इस तरह से अलग-अलग से कार्य करने का मतलब है कि समान उत्पाद का कई रूपों में दोहराव होना है। भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत 19 अगस्त को डिजिटल स्वास्थ्य पर डब्ल्यूएचओ के नेतृत्व वाली वैश्विक पहल (जीआईडीएच) के लॉन्च के बाद इस स्थिति में बदलाव होना निश्चित है। इस पहल पर जी-20 देशों के सर्वसम्मत समर्थन ने यह सुनिश्चित किया है कि दुनिया, निर्णायक रूप से देशों के बीच बढ़ते डिजिटल-विभाजन को पाटने के लिए, एक विभाजित डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था से वैश्विक डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था की ओर आगे बढ़ेगी।

इस पहल का उद्देश्य देशों को उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटल स्वास्थ्य प्रणालियों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में सहायता करना और मरीजों को गोपनीयता और नैतिकता के उच्चतम सम्मान के साथ जन-केंद्रित दृष्टिकोण के आधार पर स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच की सुविधा प्राप्त करने में मदद करना है। इस तरह की संरचना को साधन प्रदान करने चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दुनिया भर में लोगों को दी जाने वाली डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एक निश्चित मानक पूरा कर रही हैं; देशों की डिजिटल स्वास्थ्य यात्रा को समझने और साझा करने के लिए एक मंच बनाया जा रहा है तथा उनकी जरूरतों को इस तरह से उजागर किया जा रहा है कि एक देश दूसरे देश से सीख सकें और सभी के लिए स्वास्थ्य की इस यात्रा की दूरी कम की जा सके।

**जलवायु और स्वास्थ्य को प्राथमिकता :** सभी क्षेत्रों में जलवायु संबंधी जागरूकता होने के बावजूद, मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और पौधों के स्वास्थ्य को कवर करने वाले वन-हेल्थ परिदृश्य में जलवायु, स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करती है तथा इनका आपसी संबंध क्या है, को अभी तक पूरी तरह से समझा नहीं जा सका है। भारत की अध्यक्षता ने पहली बार जी-20 के माध्यम से इन अदृश्य कड़ियों को सुलझाने की आवश्यकता को स्वीकार किया है, ताकि हम समाधानों को प्राथमिकता दे सकें। जी-20 देशों ने निम्न कार्बन उत्सर्जन, उच्च-गुणवत्ता वाले स्थाई और जलवायु सहनीय स्वास्थ्य प्रणालियों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्धता जताई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारा स्वास्थ्य क्षेत्र ऐसे समय में पीछे न रह जाये, जब सभी क्षेत्र नेट-जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। हमारे परिणाम दस्तावेज में, जी-20 देशों ने वन-हेल्थ दृष्टिकोण के माध्यम से जीवाणु-रोधी प्रतिरोध (एएमआर) से निपटने का भी वादा किया गया है।

**पारंपरिक चिकित्सा की भूमिका :** ऐसे समय में जब दुनिया भर में समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने वाली एकीकृत चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांति हो रही है, तो हमारा मानना है कि शक्तिशाली पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को पुनर्जीवित करना और जी-20 जैसे वैश्विक समूहों के माध्यम से मानवता को उनके अप्रयुक्त लाभों की पेशकश करना हमारी जिम्मेदारी है। पिछले साल, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के जामनगर में पारंपरिक चिकित्सा के डब्ल्यूएचओ-वैश्विक केंद्र का उद्घाटन किया और दुनिया के लिए हमारे प्राचीन आरोग्य ज्ञान के दरवाजे खोले। स्वास्थ्य में साक्ष्य-आधारित पारंपरिक और पूरक चिकित्सा की संभावित भूमिका की पहचान करते हुए हम जी-20 में सदस्य देशों के साथ उस विरासत को आगे ले जा रहे हैं।

एक कालातीत श्लोक के अनुसार, 'आरोग्यम परमं भाग्यम, स्वास्थ्य सर्वार्थ साधनम', जिसका अर्थ है 'निरोगी होना परम भाग्य है और स्वास्थ्य से अन्य सभी कार्य सिद्ध होते हैं।', महामारी के अनुभव के बाद, जी-20 में हमने इस पर ध्यान दिया है और निर्णय लिया है कि अब कार्रवाई करने का समय आ गया है।

**(लेखक : केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न

# जिले में योग्य लाभुकों को हर हाल में मिले योजनाओं का लाभ : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले के डीसी रविशंकर शुक्ला ने कई विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा कर निर्माण कार्य में प्रगति लाने व निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिए। बुधवार को रविशंकर शुक्ला ने कहा शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को हरहाल में सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। आंगनवाड़ी केंद्र,विद्यालय व उप स्वास्थ्य केंद्र के सरकारी भवन में संचालित पेयजल, शौचालय व विधुत आपूर्ति से संबंधित समस्याए है उसपर बिंदुवार चर्चा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर केन्द्रो में सुविधा सुदृढ़ करने के के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। कृषि व सहकारिता विभाग की समीक्षा के क्रम में अभियान चलाकर किसानो का इ-के-वाई-सी कराने व मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजनाओं का लाभ प्रदान करने व लाभुकों को सहायक कृषि उपकरणो का वितरण करने का निर्देश दिए।

डीसी ने कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री रोजनगर सृजन योजना अंतर्गत आवेदन प्राप्त कर अधिक से अधिक लाभुकों को लाभ प्रदान करने व पूर्व से प्राप्त लंबित आवेदक को नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निदेश दिए। डीसी ने कहा समन्वय समिति बैठक के एजेंडा को प्रतिदिन के कार्यों के साथ ही पूर्ण कराएं। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, परियोजना निदेशक आई टी दी ए संदीप कुमार दूरईबुरु, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य विभागीय पदाधिकारी व सभी कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहें।

## पेयजल की समस्या से जूझ रहे मानगो वासी, मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मानगो पोस्ट ऑफिस रोड के रहने वाले लगभग 10 हजार परिवार में इन दोनों पियजल की समस्याओं को लेकर जूझ रहे हैं। इधर रक्षाबंधन की त्यौहारी को लेकर स्थानीय लोगों में कॉफी रोष देखने को मिल रहा है। बुधवार को स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पूर्व डीआईजी सह भाजपा नेता राजीव रंजन सिंह को दी। जानकारी मिलते ही उन्होंने क्षेत्र का भ्रमण किया। साथ ही स्थानीय लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर मानगो विकास समिति के अध्यक्ष ओंकारनाथ सिंह ने बताया क्षेत्र में 10 बस्ती ऐसा है जहां 10 हजार परिवार पानी की समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया पेयजल साक्षरता विभाग और नगर निगम के लापरवाही से क्षेत्र की जनता पानी की समस्या झेल रही है। इसके लिए कई बार पूर्व डीसी ने आश्वासन दिया लेकिन अब तक कोई समस्या का समाधान नहीं निकला। क्षेत्र की जनता जाए तो किसके पास जाएं। वही पूर्व डीआईजी सह भाजपा नेता राजीव रंजन सिंह ने बताया मानगो पोस्ट ऑफिस रोड में पियजल की समस्या काफी लंबे समय से चल रहा है। उन्होंने बताया सरकार होल्डिंग टैक्स में बताशा बृद्धि की है लेकिन लोगों को मूलभूत सुविधा नहीं मिल रही है। इसके लिए क्या स्थाई व्यवस्था होना है सरकार को स्पष्ट होकर सोचना चाहिए। श्री सिंह ने बताया इसके लिए पीयजल विभाग और नगर निगम को पत्र लिखकर जल्द समाधान की मांग करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के लोग मौजुत रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### राजकीय मध्य विद्यालय केतार में रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित



**केतार (आजाद सिपाही)।** राजकीय मध्य विद्यालय केतार में रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय में पढ़ने वाले सभी हिंदू, मुस्लिम बहनों ने भाइयों को कलाई पर राखी बांधी और एक-दूसरे को मिठाइयां खिला कर भाई-बहन होने का फर्ज निभाया। प्रधानाध्यपक देवेंद्र कुमार ने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम करने से विद्यालय में आपसी भाईचारा के दिशा में अच्छा संदेश जाएगा। मेरा प्रयास रहेगा कि इस तरह का कार्यक्रम हर वर्ष हो। मौके पर प्रबंध समिति अध्यक्ष उपेंद्र बैठा, प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार, संतोष कुमार, राजनाथ राम, राजकुमार पाठक, राजू कुमार सिंह, प्रेम कुमार, धनंजय कुमार, अजय कुमार, मनोरंजन कुमार, सुधा कुमारी उपस्थित थे।

### लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय में किया हंगामा, डीलर पर लगाया तीन माह का राशन नहीं देने का आरोप



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के रक्सी पंचायत में पीडीएस डीलर द्वारा कार्डधारी लाभुकों को तीन माह का राशन वितरण नही करने पर सैकड़ों लाभुको ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय मे बीडीओ से शिकायत करने और डीलर पर कानूनी कार्रवाई कराने की मांग पर प्रखंड कार्यालय में हंगामा किया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने लाभुकों की समस्या से अवगत होने के बाद बताया कि बीडीओ सेविका चयन कराने के लिए चुनाव कराने गए हैं, वहीं लाभुकों को बीडीओ से बातचीत कर प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि डीलर द्वारा खाद्यान्न गोदाम से जून, जुलाई और अगस्त माह का राशन उठाव कर लिया गया है। इसके बाद गांव के ही मानिंद ज्याउद्दीन खान, विनोद प्रजापति, लाभुक मुन्नी कुंवर, आरती देवी, सुघरी कुंवर, सीमा देवी, मालती देवी, कौशल्या कुंवर, सोमारू प्रजापति, ह्रदय प्रजापति, राजेंद्र बैठा, इम्तेयाज अंसारी, मोती घासी, सत्तार अंसारी इत्यादि लाभुक रक्सी गांव वापस लौटकर डीलर समौती देवी के घर राशन लेने पहुंचे तो डीलर रक्सी गांव से गायब हो गई और फोन पर लाभुकों से कहा कि दूसरे दिन राशन वितरण करेगी। लाभुकों ने बताया कि डीलर समौती देवी महिला डीलर होने का दुरुपयोग कर पुरूष लाभुकों को डराती और धमकाती हैं। लाभुकों ने बताया कि डीलर समौती देवी की मनमानी से वे सभी परेशान हैं। इसलिए डीलर समौती देवी से उक्त सभी लाभुकों ने राशन का आवंटन गणेश माझी को देने के लिए बीडीओ से मांग की है। इस बिषय में पूछे जाने पर डीलर ने बताया कि अगस्त माह का राशा बाकी है, जो कुछ लाभुकों को राशन मिल चुका है और बाकी लाभुक को रक्षाबंधन के बाद मिल जाएगा।

### कूड़ेदान में नवजात के शव पाये जाने को लेकर अस्पताल उपाधीक्षक ने पांच कर्मियों से मांगा स्पष्टीकरण

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडलीय अस्पताल के कूड़ेदान में नवजात के शव पाए जाने को लेकर उपाधीक्षक डॉ गोखुल ने कड़ा एक्शन लिया है। उपाधीक्षक ने डॉ रामानुज प्रसाद सहित पांच कर्मियों से इस संबंध में 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है। उपाधीक्षक ने स्पष्टीकरण में कहा है कि उक्त मामले में संबंधित वस्तुस्थिति की जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। तय समय के अंदर स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने की स्थिति में समझा जाएगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है। जिसके बाद आपलोगों को दोषी मानते हुए नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। जिसके लिए आपलोग स्वयं जिम्मेवार होंगे। उपाधीक्षक ने कहा है कि चार माह के खराब बच्चे को प्रसव गृह के कूड़ेदान में रख दिया गया, जो अत्यंत ही नियम के प्रतिकूल व खेदजनक है। जिन लोगों से स्पष्टीकरण मांगा गया है उनमें मंगलवार रात 8 बजे ड्यूटी में मौजूद डॉ रामानुज प्रसाद, एएनएम फूलकुमारी तिर्की, एएनएम बिम्पी कुमारी, सफाईकर्मी मीना कुमारी और सफाईकर्मी वीरेंद्र राम के नाम शामिल हैं। इसके पूर्व थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने अस्पताल पहुंचकर इस मामले की जांच की। जांच के दौरान अस्पताल में मौजूद डॉ रामानुज प्रसाद से पूछताछ की। साथ ही मरीज से भी पुलिस ने मामले की जानकारी ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच जारी है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार की रात्रि 8 बजे प्रसव कक्ष के डस्टबीन में एक नवजात का शव पाया गया था। जिसके बाद यह खबर समाचार पत्रों की सुर्खियां बन गयी थीं। मामला सामने आने के बाद आनन-फानन में अस्पताल पहुंच कर उपाधीक्षक डॉ गोकुल प्रसाद ने मामले की जानकारी ली थी।

**लापरवाही :** प्रसव के दौरान नवजात बच्ची व गढ़वा सदर रेफर के बाद महिला की मौत

# मझिआंव रेफरल अस्पताल में परिजनों ने किया हंगामा

**परिजनों ने ड्यूटी में तैनात नर्स पर प्रसव के दौरान लापरवाही बरतने का लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** मझिआंव रेफरल अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात नर्स की लापरवाही से प्रसव के दौरान बरडीहा थाना के लेभरी गांव निवासी प्रदीप प्रजापति की नवजात बच्ची की मौत हो गई। जबकि प्रदीप की पत्नी सुनीता देवी (20 वर्ष) को गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां पर उसे बेड पर लिटाते ही इलाज के पूर्व ही उसकी भी मौत हो गई।

इस दौरान परिजनों ने अस्पताल में रो रो कर अपना बुरा हाल कर लिया और मझिआंव रेफरल अस्पताल की नर्सों को जच्चा बच्चा की मौत का जिम्मेवार बताया और मझिआंव की नर्सों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार मंगलवार को रात्रि में 9:30 बजे प्रदीप प्रजापति ने अपनी पत्नी सुनीता देवी को प्रसव पीड़ा होने पर मझिआंव रेफरल अस्पताल में भरती कराया था। इस बारे में प्रदीप ने जानकारी देते हुए कहा कि भरती कराने के बाद ड्यूटी पर कार्यरत नर्स द्वारा कहा गया कि स्थिति ठीक है। इसके बाद नर्स द्वारा रात्रि में ही तीन बार छोटे से कागज की टुकड़े पर तीन बार में दस इंजेक्शन अस्पताल के बाहर की दवा दुकान से मंगाया, और उसे इंजेक्शन पर इंजेक्शन देते रहे, जिसके कारण मेरी पत्नी की स्थिति नाजुक हो गई। मैंने उनसे गढ़वा सदर अस्पताल में रेफर करने के लिए कहा लेकिन उनके द्वारा कहा गया कि मेहनत हम करें और फल कोई दूसरा खाये। इसके बाद बुधवार को सुबह साढ़े आठ बजे प्रसव के दौरान ही उन नर्सों ने मेरी बच्ची को मार दिया। प्रदीप ने रोते हुए कहा कि अगर ये नर्स डॉक्टर को बुलाकर दिखातीं और दवा लिखवातीं तो बच्ची की मौत नहीं होती। इधर बच्ची की मौत होते ही परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और अपनी पत्नी को गढ़वा सदर अस्पताल ले गए जहां पर उसकी भी मौत हो गई।

इस संबंध में ड्यूटी पर कार्यरत नर्स ममता जौनी ने कहा कि सब कुछ ठीक था, इसलिये रेफर नही किये। उनसे जब दवा, इंजेक्शन के बारे में यह पूछा गया कि अस्पताल से बाहर से क्यों मंगवाये थे तो उनके द्वारा कहा गया कि ताकत एवं डिलीवरी के लिए मंगवाये थे। जब उनसे यह पूछा गया कि क्या इस दवा को मरीज के रजिस्टर में अंकित किया गया है या नहीं, तो उनके द्वारा कहा गया कि नहीं, हम लोग मरीज की स्थिति देखते हुए बाहर से दवा मंगवाते हैं।



### किसी भी नर्स ने महिला की डिलीवरी या उसके खराब कंडीशन के बारे में मुझे सूचना नहीं दी : डॉ मनीष सिंह

इस संबंध में रात्रि ड्यूटी पर कार्यरत चिकित्सक डॉ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि किसी भी नर्स द्वारा उन्हें महिला की डिलीवरी या उसके खराब कंडीशन के बारे में सूचना नहीं दी गई है। अगर उन्हें बताया जाता तो वे खुद जाकर उसे देखते और दवा लिखते। उन्होंने कहा कि वे कोई दवा नहीं लिखे हैं। चिकित्सक ने बताया कि महिला वार्ड में पुरुष चिकित्सक के जाने पर महिला के परिजन कई बार एतराज कर चुके हैं, इसलिए जबतक किसी नर्स द्वारा यह नहीं बताया जाता कि स्थिति नाजुक है, तबतक महिला वार्ड में चिकित्सक नहीं जाते हैं। जब नर्स द्वारा खराब कंडीशन में कहा जाता है तब चिकित्सक अपनी देखरेख में डिलीवरी कराते हैं। उन्होंने कहा कि नर्स द्वारा बिना उनसे पूछे दवा लिखा गया है तो यह गलत बात है। उन्होंने जच्चा बच्चा की मौत पर अफसोस जताया। इस संबंध में जब अस्पताल से बाहर से दवा मंगाने के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी तरह की दवायें उपलब्ध हैं। बाहर से कोई दवा नहीं मंगाना है, लेकिन नर्स बाहर से मरीज के परिजनों से क्यों दवा मंगाती हैं इसका जबाब तो वही दे सकती हैं।

## कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी ने मेराल में बहनों के बीच बाटी राखी व मिठाई

**6 दिसंबर को 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह को लेकर गांव-गांव में बहनों का रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है : जिला प्रबंधक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कन्या विवाह एण्ड विकास सोसाइटी गढ़वा जिला के मेराल प्रखंड के तेनार पंचायत भवन में मुखिया, बीडीसी, वार्ड सदस्य एवं ग्रामीणों के बीच सोसाइटी की तरफ से राखी एवं मिठाई का वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों बहनों को राखी एवं मिठाई दी गयी। इस दौरान जिला प्रबंधक अयूब खान उर्फ बबन ने कहा कि संस्था के सचिव विकास कुमार माली के निर्देश पर राखी त्यौहार को लेकर जिले के विभिन्न पंचायत में घर-घर जाकर राखी व मिठाई देकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में संस्था ने आज बुधवार को मेराल प्रखंड के तेनार पंचायत में जाकर लोगों के बीच राखी व मिठाई का वितरण किया गया है।

बताया कि संस्था के द्वारा इसी को देखते हुए रक्षाबंधन के अवसर पर घर घर में जाकर राखी व मिठाई दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आसपास के गांव में जाकर संस्था के द्वारा राखी व मिठाई का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य है कि बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या को रोकना है। उन्होंने कहा कि इसी को देखते हुए 6 दिसंबर को 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जाएगा। इसी को लेकर संस्था के द्वारा गांव-गांव में जरूरतमंद बहनों का रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह में कन्याओं को विदाई सामग्री देकर विदाई कराई जाएगी।

इस अवसर पर संस्था के राजू सिंह, बब्लू सिंह पूर्व मुखिया पति मुकेश मेहता, रंजीत कुमार, हरि ओम आदि लोग उपस्थित थे।

## आरके पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन त्योहार मनाया गया

**पर्व- त्यौहार हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं : अलखनाथ पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में भाई-बहन के प्रेम, रक्षा और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि पर्व-त्यौहार हमारी सभ्यता व संस्कृति के परिचायक हैं। ये हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं। रक्षा बंधन सबसे उत्तम त्यौहारों में से एक है। हमें न केवल अपनी बहनों बल्कि समस्त मातृशक्ति का सम्मान करने की शपथ लेनी चाहिए। उन्होंने बहन की रक्षा के साथ-साथ समाज, देश, पर्यावरण और संस्कृति की रक्षा के महत्व को बताया। उन्होंने सभी लोगों को इस पावन पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। स्कूल के विद्यार्थियों ने एक-दूसरे की कलाई पर राखी बांधकर इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। छात्रों ने राखी बंधवाकर बहनों का सम्मान एवं रक्षा का वचन दिया। छात्रों ने भाई-बहन के प्रेम, विश्वास के पवित्र बंधन की गरिमा बनाए रखने का प्रण भी लिया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने असेंबली में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने रक्षाबंधन के गीत गाए और आकर्षक राखी व पोस्टर भी बनाए।

मौके पर अनुप कुमार पाण्डेय, नन्दलाल गुप्ता, गीता पाण्डेय, श्वेता पाण्डेय, रश्मि शुक्ला, शिखा रानी, सनोज यादव, शिवदेव सिंह, डीके झा, आशीष कुमार, विकास तिवारी, अहमद राजा व स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## मोदी सरकार ने गैस के दाम में कटौती कर देश को बड़ा तोहफा दिया है : जिलाध्यक्ष




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि मोदी सरकार ने गैस के दाम में कटौती कर देश को बड़ा तोहफा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को अपना परिवार मानते हैं। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा बंधन त्योहार पर देश की बहनों को गैस सिलेंडर के दामों में उज्ज्वला योजना के लाभुकों को चार सौ एवं अन्य सभी लाभुकों को दो सौ रुपए की कटौती कर लाभ दिया है इसके लिए गढ़वा जिले के तमाम लोगों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सदैव जनहित के लिए संकल्पित होकर काम करती रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आने वाले दिनों में पचहत्तर लाख महिलाओं को मुफ्त नये गैस कनेक्शन भी देगी। साथ में पाईप और चूल्हा भी दिया जाएगा। गैस की कीमत घटने से करोड़ों उपभोक्ताओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लगातार जनहित में काम कर रही है। मोदी सरकार ने देश में रहने वाले हर व्यक्ति के लिए योजना लाने का काम किया है। केंद्र की भाजपा सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में मोदी सरकार ने सुशासन लाने का काम किया है। उन्होंने गरीबों के लिए अन्न योजना, नल जल योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, जैसे अनेकों योजनाएं चलाई है, जिसका सीधा लाभ आम गरीब आदमी को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर बांटकर महिलाओं को घर में स्वच्छ भोजन बनाने की सुविधा प्रदान की। मौके पर जिला महामंत्री संतोष दूबे, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, नवीन जायसवाल, अविनाश पासवान, संजय जायसवाल, राम उनय तिवारी, राजकुमार सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### जीएन कॉन्वेंट स्कूल में रक्षासूत्र बनाओ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कोन्वेंट स्कूल में भाई बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन के पावन पर्व के अवसर पर विद्यालय में रक्षासूत्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर की गयी। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व मुख्य भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक होता है। रक्षा बंधन के दिन सभी बहने अपने भाइयों के कलाई पर राखी बाँधती हैं और मिठाई खिलाकर लम्बी आयु एवं सुख समृद्धि की कामना करती हैं वहीं भाई अपनी बहन को उपहार देते हैं तथा उसकी रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम के अंत में क्लास 4,5,6,7 के छात्र-छात्राओं के बीच रक्षाबंधन कार्यक्रम चलाया गया और बहनों ने आरती उतार कर सभी को टॉफी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को नीलम केशरी के निर्देशन में आयोजित किया गया, जबकि सुनीता, रिजवाना शाहीन सरिता दुबे ने सहयोग प्रदान किया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक राखियां बनाई तथा चयनित छात्र-छात्राओं को निदेशक द्वारा पारितोषिक एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### बीएसकेडी पब्लिक स्कूल ने सीआरपीएफ कैंप में रक्षाबंधन कार्यक्रम का किया आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को बीएसकेडी पब्लिक स्कूल के द्वारा सीआरपीएफ कैंप गढ़वा के प्रांगण में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने सीआरपीएफ कैंप में उपस्थित वीर जवानों के कलाइयों पर राखियां बांधी एवं उनकी लंबी उम्र की प्रार्थना की। सीआरपीएफ कैंप में उपस्थित बहादुर सिपाहियों के द्वारा विद्यालय की छात्राओं को विभिन्न तरह के दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले प्रशिक्षण व अनुशासनात्मक कार्य प्रणाली से की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यालय की प्राचार्य अन्नपूर्णा सिंह ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम हमारे वीर जवानों के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम है। आज हम अपने विद्यालय के माध्यम से वीर भाइयों के समक्ष उनकी कलाइयों पर रक्षाबंधन के पवित्र रक्षा सूत्र बांधने जैसे कार्यक्रम का आयोजन कर पा रहे हैं। कार्यक्रम के समापन में सीआरपीएफ अधिकारियों की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की छात्राओं और शिक्षिकाओं को उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य अन्नपूर्णा सिंह, शिक्षक राजीव रंजन चौधरी, जूही दुबे, सरिता कुमारी लक्ष्मी कुमारी आदि शामिल थे।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर वॉलीबॉल फाइनल प्रतियोगिता में 214 बटालियन रही विजेता



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज पलामू करिपुबल के निर्देशन अनुसार 172 बटालियन सीआरपीएफ कैम्प में 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अंतर बटालियन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 112 बटालियन एवं 214 बटालियन की टीमों के बीच खेलाया गया जिसमें 214 बटालियन के तीन विजेता रही इस कार्यक्रम के दौरान विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को 172 बटालियन के कमांडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह द्वारा सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। मौके पर खेल को बढ़ावा देने के लिए एक शपथ भी दिलाई गई। प्रतियोगिता में रेंज पलामू परिचालन सीआरपीएफ की 11, 112 134 ,172 व 214 बटालियन की टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अमरेंद्र कुमार सिंह, उप कमांडेंट यू आर रामेश्वरम, डॉक्टर शैंकी चंडोक, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** राष्ट्रीय खेल दिवस पर गढ़वा जिला मुख्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

# प्रतियोगिता में कुश्ती, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**कुश्ती में बालक-बालिका पहलवानों का 4/4 वेट कैटेगरी में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म शती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस 2023 को गढ़वा जिला मुख्यालय में खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपराह्न 3:45 में डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र एथलेटिक्स कुश्ती और वॉलीबॉल के खिलाड़ी राम साहू इंडोर स्टेडियम कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र में असेंबल हुए और जिला खेल पदाधिकारी गढ़वा उमेश लोहरा एवं गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के प्रशासनिक सचिव ओम प्रकाश तिवारी के द्वारा एवं साथ में सभी प्रशिक्षकों के द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और सभी खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद के खेल जीवन को आदर्श मानते हुए आत्मसात करने एवं खेलों में आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न खेलों में कुश्ती, बॉलीबॉल, एथलेटिक्स केंद्र के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुश्ती में बालक-बालिका पहलवानों का 4/4 वेट कैटेगरी में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालक कुश्ती 45 केजी भार वर्ग में प्रियांशु राज- प्रथम, आदित्य कुमार सिन्हा-द्वितीय, 50 केजी भार वर्ग में बादल कुमार - प्रथम, मुन्ना कुमार -द्वितीय, 55 केजी भार वर्ग में आयुश कुमार सिंह- प्रथम, मुन्ना कुमार रवि - द्वितीय, 65 केजी भार वर्ग में अभिजित कुमार सिंह-प्रथम, धीरज कुमार -द्वितीय। बालिका कुश्ती 40 केजी भार वर्ग में सोनम कुमारी-प्रथम, खुशी कुमारी - द्वितीय, 45 केजी भार वर्ग में अनिता कुमारी-प्रथम, सुप्रिया कुमारी- द्वितीय, 50 केजी भार वर्ग में सोनाली कुमारी- प्रथम, मानसी कुमारी -द्वितीय, 60 केजी भार वर्ग में अनुराधा कुमारी -प्रथम, नेहा कुमारी - द्वितीय। वहीं एथलेटिक्स बालक में 800-मीटर बालिका में 600-मीटर का एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परिणाम इस प्रकार से रहे- बालक 800 मीटर में विशाल पाल-प्रथम, अमित कुमार-द्वितीय, बालिका 600 मीटर में संध्या कुमारी -प्रथम, लक्ष्मी कुमारी-द्वितीय जबकि वॉलीबॉल प्रतियोगिता टीम ए और बी के बीच खेला गया और इसका परिणाम इस प्रकार रहा- टीम-ए विजेता, टीम-बी उपविजेता रही।

कार्यक्रम में वालीबाल संघ के सचिव शाहगढ़वा जिला ओलंपिक संघ के प्रशासनिक सचिव ओम प्रकाश तिवारी, वालीबाल संघ कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार एवं सदस्य शंभू चौबे, कुश्ती प्रशिछक ललन पहलवान, वॉलीबॉल प्रशिक्षक प्रभात रंजन तिवारी, एथलेटिक्स प्रशिक्षक रमाशंकर सिंह, गढ़वा जिला कुश्ती संघ के सचिव चंद्र बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष किशोर कुणाल, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी प्रियंका कुमारी, दीपक कुमार, कुश कुमार ललन कुमार के साथ ही सैकड़ों की संख्या में डे बोर्डिंग के खिलाड़ी उपस्थित थे।

### सामुदायिक पारा शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष ने आमरण अनशन का किया समर्थन



**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य सामुदायिक पारा शिक्षक संघ गढ़वा जिलाध्यक्ष घनश्याम ठाकुर ने रांची राजभवन के पास चल रहे जेटेट उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों के आमरण अनशन कार्यक्रम का समर्थन किया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि झारखंड प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के तहत नियुक्त पारा शिक्षकों सहित सभी जेटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों कि नियुक्ति का अधिकार है। उन्होंने जेटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की निर्विवाद नियुक्ति नियमावली बनाकर शीघ्र नियुक्त करने का झारखंड सरकार से आग्रह किया है।

## सड़क दुर्घटना में टुंडाहुटु विद्यालय के प्रधानाध्यापक की मौत, शिक्षकों में शोक

चंदवा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के टोंटी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय टूणडाहुटु के प्रधानाध्यापक जॉन क्रिस गिद का चंदवा एन एच 22 स्थित पुल के समीप दो बाइक के आमने सामने की टक्कर में मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक गिद बुधवार को स्कूल में बच्चों को पढाई पूरी कर रक्षा बंधन की छुट्टी को लेकर बाइक जे एच 0 1 सी ई 2821 से घर जा रहे थे कि चंदवा भुसाड पुल के समीप विपरीत दिशा से आपाची बाईक जे एच 19 सी पर सवार दो लोगों ने सीधी टक्कर मार दी, जिससे शिक्षक गिद की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि आपाची सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। शिक्षक की मौत के बाद पंचायत के पंसस मो होजैफा, मुखिया शांति देवी के अलावा शिक्षक अशोक राम सहित कई शिक्षकों ने शोक व्यक्त किया है।

## दुर्गापुर से छड़ चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। दुगार्पुर से छड़ लोडेड सहित ट्रक चोरी मामला में सेन्हा थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के मदद से दुगार्पुर पुलिस ने चोरी का छड़ बरामद करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि पश्चिम बंगाल राज्य के आसनसोल कॉक ओभेन के वर्द्धमान जिला अंतर्गत दुगार्पुर थाना कांड संख्या 166/23 दर्ज कर दुगार्पुर पुलिस का कारवाई जारी था। उसी दौरान ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया, जिसके निशानदेही पर चोरी का समान बंसरी रोड स्थित मनान अंसारी के मकान से दुगार्पुर पुलिस ने बरामद किया चोरी का समान बरामद होते ही सेन्हा निवासी नैमुल अंसारी के पुत्र नईम अंसारी, हसीब अंसारी का 40 वर्षीय पुत्र मनान अंसारी तथा टंगराटोली निवासी सुरेश महतो के 28 वर्षीय पुत्र राजेश महतो को गिरफ्तार कर पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गयी है। वही दुगार्पुर पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि कांड संख्या 166/23 के आलोक में धारा 406,407,420 तथा 120 बी भादवि के तहत सेन्हा से दो संलिप्त आरोपी को चालक के निशानदेही पर नैमुल अंसारी कर 50 वर्षीय पुत्र नईम अंसारी, मनान अंसारी और लोहरदगा थाना क्षेत्र के राजेश महतो को चोरी का छड़ खरीद बिक्री के मामले में गिरफ्तार कर दुगार्पुर ले जाया जा रहा है। साथ ही बरामद छड़ को भी दुगार्पुर पुलिस साथ में ले गयी। छपेमारी में सेन्हा थाना में पदस्थापित एस आई गणेश कुमार यादव और पशिचम बंगाल के दुगार्पुर पुलिस टीम में एसआई लिटन मंडल दल बल के साथ शामिल थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैंक अधिकारियों के साथ हुई बैठक



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय लोहरदगा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा आगामी 09 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल की अध्यक्षता में विभिन्न बैंक अधिकारियों के साथ बैठक हुई। पीडीजे राजेंद्र बहादुर पाल ने सभी बैंक के अधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में वादों के निष्पादन के दिशा में प्रयास करने की बात कही ताकि अधिक से अधिक संख्या में आम लोग राष्ट्रीय लोक अदालत से लाभान्वित हो सके। बैठक में बैंक से संबंधित अधिकारियों ने कहा कि अब तक डालसा के सहयोग से 4500 से ज्यादा नोटिस पक्षकारों को निर्गत किये जा चुके हैं। प्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक वादों के निष्पादन के लिए पूर्ण प्रयास करने का आश्वासन दिया।

## रक्षाबंधन आज, बहनों ने खरीदी भाइयों के लिए राखी



सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सावन पूर्णिमा के अवसर भाई बहन का पवित्र त्योहार रक्षा बंधन पर राखी खरीदने के लिये प्रखंड क्षेत्र के दुकानों में बहनों का सभी जगह भीड़ देखा जा रहा है। इस वर्ष सावन पूर्णिमा बुधवार रात्रि से लेकर गुरुवार सुबह तक ही है। जिसे रक्षा बंधन का शुभ मुहूर्त गुरुवार सुबह में 7 बजकर 7 मिनट तक है। वैसे गुरुवार को उदीयमान तिथि होने के कारण बहने दिन भर अपने भाइयों के कलाई पर राखी बाँध सकती हैं।

## पूर्व विधायक ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन



मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड के डोंकी गांव में छत्तर बाबा पहाड़ी के नीचे हर वर्ष की भांति पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह भाजपा नेता रघुपाल सिंह ने संयुक्त रूप से पिता काटकर किया। वहीं प्रमुख प्रतिमा देवी जिप सदस्य बलवंत सिंह रघुपाल सिंह पंचायत समिति सदस्य सुषमा देवी ने भी संबोधन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम मंडली में पलामू जिला के लोक गायक ब्यास प्रेम कुमार गिरी, और व्यास श्यामलाल दास ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत किया मौके पर महेंद्र सिंह, बबन पासवान, संदीप उरांव विकास कुमार सिंह, दिनेश प्रसाद, अरूण ठाकुर अंकित सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## चेहल्लुम मेला, खेल प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया जायेगा: ऐनुल अंसारी



कुडू/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। चहल्लुम कमेटी के अध्यक्ष ऐनुल अंसारी ने बताया कि आपसी इत्तेहाद और भाईचारा एवशौहार्द के साथ चहल्लुम कमेटी चंडू चौक जिमा के तत्वाधान में एक दिवसीय मेला सह अस्त्र शस्त्र नुमाइशी खेल प्रतियोगिता का आयोजन चंडू चौक जिमा के मदरसा कासमीया मैदान में दिनांक 09/09/2023 दिन शनिवार को समय 2: बजे अपराह्न से किया जा रहा है। मेला के आयोजन को लेकर कोई कोताही नहीं की जायेगी। इस मेला के शोभा बढ़ाने के लिए हमारे जिले वरीय और सम्मानित अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में सामिल होंगे।

## जय श्रीराम समिति ने दुर्गा मंदिर में भव्य महाआरती और भंडारे का आयोजन किया



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शहर के कृषि बाजार निकट रियाडा स्थित मनोकामना दुर्गा मंदिर व हनुमान मंदिर में जय श्रीराम समिति के बैनर तले नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में मंगलवार की संध्या भव्य महाआरती व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के पदाधिकारी, सदस्यों के अलावा सनातन धर्म के सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए। समिति द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जिले के अलग-अलग मंदिरों में महाआरती सहित धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है, जिसके तहत महाआरती व भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों में धार्मिक भावना जागृत होती है। मौके पर आरएसएस के जिला प्रचारक दीपक, जय श्रीराम समिति जिला संरक्षक सुषमा सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद, मनोज साहू, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला महामंत्री अजय साहू, बिक्की कसेरा, अनुज कुमार, जिला कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, विनोद प्रसाद, अशोक साहू, नीरज साहू सहित सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे शामिल हुए।

# दुमका में कराटे चैंपियनशिप कल से, राज्यभर के खिलाड़ी लेंगे भाग

### प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लातेहार के कराटेकार गये दुमका

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** 1 सितंबर से 3 सितंबर तक दुमका में आयोजित होने वाले झारखंड सब जूनियर कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने को लेकर लातेहार जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले 9 खिलाड़ियों का समूह बुधवार को रवाना हुआ। खिलाड़ियों के रवाना होने के पूर्व लातेहार जिला कराटे एसोसिएशन के द्वारा अध्यक्ष मदन लाल के द्वारा एक साधे समारोह का आयोजन रेलवे क्लब में किया गया जहां खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने को लेकर जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर के साथ-साथ प्लस टू विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सुनीता टोप्प्पो शामिल हुई। चैंपियनशिप खेलने जा रहे कराटे खिलाड़ी संदीप कुजूर, सूरज टोप्पो, दीनानाथ खरवार, रमनदीप टोप्पो, भूपेंद्र सिंह सूर्योदय कुमार सिंह अभिषेक बोदरा, रोशनी कुमारी समेत अन्य खिलाड़ियों को बेहतर खेल की शुभकामनायें अतिथियों ने दिया। जिला परिषद की सदस्य संतोषी ने कहा कि हमारे प्रखंड क्षेत्र में हर खेल की प्रतिभावान खिलाड़ी मौजूद है और उन प्रतिभावान खिलाड़ियों को लगातार निखारने का काम किया जा रहा है जिसका परिणाम है कि आज हमारे क्षेत्र के खिलाड़ी राज्य स्तर के साथ-साथ देश स्तर पर भी हमारे प्रखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और आगे भी बेहतर करें यही शुभकामनाएं खिलाड़ियों के लिए है साथ ही साथ उन्हें बेहतर सुविधा मुहैया कराई जाए इसका भी पूरा प्रयास किया जायेगा। मौके पर कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष मदनलाल जनरल सेक्रेटरी जंग बहादुर कोच संगीत टोप्पो, गौतम सिंह समेत काफी संख्या में खिलाड़ी और अन्य लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त ने पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन कि अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल संचालन/अनुश्रवण से संबंधित जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित की गयी।

बैठक में मुख्य रूप से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन वितरण, विद्यालय में खाद्यान्न की प्रत्येक माह ससमय उपलब्धता, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत विद्यालयों में पोषण वाटिका (किचन गार्डेन) की स्थापना, विद्यालयों में कार्यरत रसोईया सहित अन्य विषयों की जानकारी लेते हुए विषयवार समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

साथ ही उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याहन भोजन) योजना की समीक्षा करते हुए जिले का अच्छादन दर बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक और उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया की प्राथमिक कक्षाओं के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पोषणयुक्त भोजन मिले इसे सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सरकार के द्वारा छात्रों के लिए चलायी जा रही। सभी योजनाओं का लाभ उन्हें मिले। इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारी और कर्मी सजगता के साथ काम करें। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार शेखर कुमार, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, कई प्रखंडो से शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 3 सितंबर को लोहरदगा आयेंगे बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण पर स्थित सभा भवन में भारतीय जनता पार्टी किस्को मंडल की बैठक प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें में मुख्य रूप से प्रभारी बालकृष्णा सिंह और राकेश प्रसाद मौजूद रहे। इधर बैठक में 03 सितंबर को झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के लोहरदगा आगमन संकल्प यात्रा को लेकर चर्चा करते हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने को लेकर प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया। मौके पर बालकृष्णा सिंह ने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी करने का निर्देश देते हुए कहा कि 1 से 15 सितंबर तक हर घर से मिट्टी संग्रह किया जायेगा। साथ ही प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनायी जायेगी। वहीं 3-13 अक्टूबर तक प्रखंड के सभी गांव की मिट्टी को अमृत कलश को एकत्रित कर उसका एक कलश बनाया जायेगा, ब्लॉक में सामूहिक रूप से सांस्कृतिक सामाजिक कार्यक्रम किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से मुन्नीलाल उरांव, प्रकाश नायक, मौलाना जियाउल हक, मो सनाउल्लाह, कैलाश सिंह, पंचम लोहरा, सुरेश लोहरा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हरे-भरे वातावरण के निर्माण में ग्रामीणों की भूमिका अहम : एपीसीसीएफ

- वन विभाग के द्वारा नंदिनी डैम जंगल में वृक्ष रक्षाबंधन मनाया गया
- एपीसीसीएफ, डीएफओ, रेंजर और वनकर्मियों ने वृक्षों में रक्षासूत्र बांधकर दिया संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** वन प्रमंडल लोहरदगा के द्वारा बुधवार को भंडरा प्रखंड के नंदिनी डैम के जंगल मे वृक्ष रक्षाबंधन का कार्यक्रम किया गया। मौके पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कैम्पा रांची संजीव कुमार, लोहरदगा डीएफओ अरविंद कुमार, रेंजर अरुण कुमार समेत अन्य वनकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से पेड़ पर वृक्ष रक्षाबंधन किया। लगभग 100 की संख्या में ग्रामीणों ने वृक्ष को रक्षासूत्र बांधकर इसके संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर एपीसीसीएफ संजीव कुमार ने कहा कि हरा भरा वातावरण के निर्माण में ग्रामीणों की भूमिका अहम है। हमसब मिलकर आज वृक्षो को रक्षासूत्र बांधकर यह संकल्प लें कि ये पेड़ हमारे भाई बहन के समान है और इसकी रक्षा करना हमारा दायित्व बनता है। हमे जंगलो को उजड़ने से बचाना होगा। वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार द्वारा कहा गया कि हम सभी को वृक्षो की रक्षा करनी चाहिए तभी वृक्ष हमारी रक्षा करेंगे। वृक्ष के कारण ही हमारा जीवन संभव है। वृक्ष हमे ऑक्सीजन देती है जिससे हमारा शरीर में वायु का संचार होता है। यदि ये नही होंगे तो पृथ्वी पर जीवन असंभव हो जायेगा। इस मौके पर फोरेस्टर जया उरांव, वनपाल, किशोर नंद कुमार, उप वन अधिकारी लोहरदगा, वनरक्षी कमला लकड़ा, अनिता लकड़ा, पंकज सिंह, चंद्रशेखर महतो, राजेंद्र उरांव, प्रदीप साहू समेत बड़ी संख्या में भंडरा क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद थे।

# पढ़ाई और खेल को अपनी जीवन शैली में उतार कर मेहनत करें, कामयाबी अवश्य मिलेगी : उप प्रमुख

### किस्को उप प्रमुख गीता देवी ने बांटे स्कूली बच्चों और खिलाड़ियों के बीच दर्जनों फुटबॉल

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड उप प्रमुख गीता देवी के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले स्कूली बच्चों के बीच फुटबॉल वितरण किया गया। बता दें कि उप प्रमुख गीता देवी के द्वारा अपने निजी खर्च से फुटबॉल वितरण ए एफसी नारी, एस्टूडेंट क्लब नारी जुनियर क्लब नारी, मासूम क्लब दुरहुल हुटाप, रेजिंग स्टार फटयाटोली, लिटिल स्टार, आर्यन क्लब, अता पब्लिक स्कूल नवाडीह मिशन सहित अन्य स्कूलों में फुटबॉल वितरण किया गया। मौके पर उप प्रमुख गीता देवी ने विद्यार्थियों और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद के साथ-साथ नियमित रूप से स्कूल आकर पढ़ाई करें सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि खेल कूद से शारीरिक और मानसिक विकास होती है, खेलकूद सेहत के लिए अति आवश्यक है। उप प्रमुख ने कहा कि यदि खेल को खेल के भावना से खेला जाये तो निश्चित रूप से प्रखंड और जिला स्तर और राज्य स्तरीय तक जा सकते हैं और सफलता हासिल कर सकते हैं। आगे उप प्रमुख गीता देवी ने स्कूली बच्चों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा की पढ़ाई जीवन को सुदृढ़ बनाने हेतु अति आवश्यक है। वहीं खेल को लक्ष्य निर्धारित करने से गरीबी को मात दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई और खेल दोनों को अपने जीवन में शामिल कर प्रदर्शन करें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। मौके पर अन्य लोग मौजूद थे।

## 24 कराटेकारों की टीम आज चैंपियनशिप के लिए दुमका होगी रवाना

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा जिला कराटे संघ से कराटेकारों का एक टीम दुमका के लिए 31 अगस्त को रवाना होगा। इसकी जानकारी देते हुए लोहरदगा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सेंसाई जगनंदन पौराणिक, उपाध्यक्ष सेंसाई कयूम खान व सचिव रेंसी श्रवण साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि दुमका में 1 से 3 सितंबर तक स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन आफ झारखंड के बैनर तले तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का आयोजन होगा। लोहरदगा से जाने वाली टीम संघ के सचिव रेंसी श्रवण साहू, प्रशिक्षिका सेंसाई सूर्यवती देवी, टीम मैनेजर शिल्पा खेस के साथ जायेंगे। टीम में शामिल कराटेकार द डोजो बीआईडी, जेएमएस इंग्लिश मीडियम स्कूल हरमू, स्काई अप पब्लिक स्कूल कुम्हारिया, लिवेंस अकादमी लोहरदगा के है।

## इश्तेहार वारंटी सहित तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

कुडू - लोहरदगा(आजाद सिपाही)। कुडू पुलिस ने एक इश्तेहार वारंटी सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विश्वजित सिंह ने बताया कि कुडू थाना कांड संख्या 79/23 धारा 336, 307, 506, 34 भादवी के अभियुक्त बढकी चापी निवासी कमलू महतो पिता स्व महिपाल महतो व रितेश महतो पिता कमलू महतो और कांड संख्या 66/18 जीआर 466/17 धारा 392/34 भादवी के इस्तेहार वारंटी थाना क्षेत्र के कोलसिमरी निवासी राजेन्द्र महली पिता फगुवा महली को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेजा गया है।

## बरवाडीह के पहले होटल एंड रेस्टोरेंट हिल व्यू का हुआ उद्घाटन



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बुधवार को बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के स्टाफ सिटी मॉल में होटल हिल व्यू एंड रेस्टोरेंट की विधिवत शुरूआत की गयी। जिसका उद्घाटन स्टार सिटी मॉल की संस्थापक कांति देवी और अनिल सोनी के साथ जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा सयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। होटल एंड रेस्टोरेंट के उद्घाटन के बाद जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि हमारा प्रखंड क्षेत्र पर्यटक नगरी के रूप में अपनी पहचान रखता है और ऐसे में एक ही स्थान में होटल और रेस्टोरेंट की शुरूआत होना पर्यटन क्षेत्र और पर्यटकों के विकास में काफी कारगर साबित होगा। हिल व्यू के निदेशक धनंजय सोनी ने कहा कि बरवाडीह प्रखंड को व्यवसाय के क्षेत्र में आगे ले जाना हम सब का लक्ष्य है। इस दौरान मौके पर रवि कुमार चंद्रवंशी मैनेजर आशीष कुमार सेफ पीयूष, अरविंद, उपेंद, अमरेश, संजय दास, बॉबी, सतेंद्र, अमित उपाध्याय समेत काफी संख्या में होटल एंड रेस्टोरेंट कर्मी मौजूद थे।

## दून सेंट्रल एजुकेशन एकेडमी बालूमाथ में मनाया गया रक्षा बंधन



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बहनों ने भाइयों के कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र बालूमाथ दून सेंट्रल ऐजुटकेशन एकेडमी में बुधवार को रक्षा बंधन बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूली छात्राओं ने छात्रों को मंगल तिलक कर उनकी लंबी आयु की कामना की। वहीं निबंध, चित्रांकन आदि सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। मौके पर दून सेंट्रल ऐजुटकेशन एकेडमी के शिक्षक, शिक्षिकाऐ मौजूद रहे। उधर मूरत यादव सरस्वती शिशु मंदिर बालूमाथ में रक्षा बंधन का उत्सव मनाया गया। बहन माही कक्षा तीन के सभी भैया को तिलक और मिठाई खिला कर राखी बांधी। बहन सानिया, सुधा, प्रिया, सुहानी गुडिया, अंजली, रुनझुन, शीला, निकिता भैया प्रियांशु, अनमोल, आयुष, बीटू प्रशन, सक्षम, अंशु आदि भईया बहनों ने भाग लिया।

## पुलिस ने एनडीपीएस के फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



बारियातू(आजाद सिपाही)। स्थानीय पुलिस ने बुधवार को बालुभांग पंचायत के हेरहनहोपा ग्राम से NDPS के 14 साल से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया। प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि बालुमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार सिंह को गुप्त सुचना मिली थी के बालूमाथ थाना कांड संख्या 43/09 के? अभियुक्त भुनेसर यादव, उर्फ भूनस यादव, उम्र 60 वर्ष पिता वितन यादव, ग्राम हेरहनहोपा थाना बारियातू जिला लातेहार घर पर रह रहा है सुचना पर थाना स्तरीय टीम गठित किया गया और छापामारी अभियान चला कर वारंटी को घर से गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी, पुलिस अवर निरिक्षक बिंन्देश्वर महतो, पुलिस सहायक अवर निरिक्षक बालेश्वर गंझु, मिथलेश सिंह के अलावा थाना के कई सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## डॉक्टर सुरेश कुमार का स्थानांतरण बालूमाथ के लिए नुकसानदेह



बालूमाथ(आजाद सिपाही)। बालूमाथ के चिकित्सा जगत में डॉक्टर सुरेश कुमार का स्थानांतरण बालूमाथ के लिये अपूरणीय क्षती है। लगभग 20 वर्षो तक बालूमाथ की सेवा करने वाले डॉ सुरेश कुमार का स्थानांतरण कोडरमा हो गया है। सुरेश कुमार को आज विद्या कोचिंग सेंटर बालूमाथ में एक सादे समारोह में विदाई दी गयी। शिक्षक अवनिकांत पाठक और निर्मल सिन्हा ने अंग वस्त्र प्रदान कर डॉक्टर सुरेश जी का स्वागत किया। बच्चों ने इस विदाई की घड़ी में नम आंखों से सर को विदा किया। इसके पहले निर्मल सिन्हा ने सर के सादा जीवन और उच्च विचार की काफी सराहना की। वहीं विद्या कोचिंग सेंटर के बच्चों और शिक्षकों ने डॉक्टर सुरेश सर के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कैरो प्रखंड की पंचायतों में नाडेप टैंक निर्माण में मुखियाओं की चांदी ही चांदी



कैरो/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। राज्य सरकार गांव-गांव में कूड़े का सही प्रबंधन हो और बीमारियों से छुटकारा मिले इसे लेकर नाडेप टैंक बनाने का कार्य कराया जा रहा है। लेकिन लोहरदगा जिले के कैरो प्रखण्ड क्षेत्र में बन रहे नाडेप न सिर्फ घटिया दर्जे के है बल्कि इसके निर्माण में नियमों को ताक पर रख दिया गया है। क्षेत्र में सैकड़ों नाडेप का निर्माण किया जा चुका है। लेकिन निर्माण की गुणवत्ता निम्न स्तर की और तय मानकों के अनुरूप न होने से उक्त परियोजना में भारी भ्रष्टाचार का मामला नजर आ रहा है। इस संबंध में जांच पड़ताल करने के बाद जो जानकारी प्राप्त हुई है, कि सरकार को लाखो रुपये की घोट दी जा रही है। एक नाडेप का निर्माण के लिए 18 से ज्यादा दिये जा रहे है, जिससे बेहतर नाडेप का निर्माण हो सके लेकिन इसके निर्माण में तय मानकों को दरकिनार कर अपने तरीके से निर्माण कराया गया है। इधर गुड़ी पंचायत के गुड़ी गांव स्थित विद्यालय के चाहरदीवारी से सटाकर बिना दीवार जोड़े ही नाडेप का निर्माण कार्य करा दिया गया, जो बिल्कुल रास्ता किनारे स्कूल है आप इसे देखकर अंदाजा लगा सकते है एक जगह तो घर का दरवाजा में बना दिया है कि बाकी नाडेप का निर्माण किस प्रकार कराया गया।

# बकाया भुगतान की मांग को लेकर डीसी के पास पहुंचा संवेदक संघ




**कहा- परिवार व बच्चों के भूखों मरने की आ गई है नौबत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** अपने किए गए कार्यों के बकाया भुगतान को लेकर जिला संवेदक संघ ने उपायुक्त से मुलाकात की और उन्हें मांग पत्र सौंपा। दिए गए मांग पत्र में संघ ने कहा कि गुमला जिला के संवेदकों के द्वारा किए गए विकास कार्यों का भुगतान काफी दिनों से लंबित है । विशेषकर ए सी ए एवं डी एम एफ टी मद के कार्यों में सभी संवेदको के काफी भुगतान रुका हुआ है । पूर्व उपयुक्त के द्वारा एस सी ए , मद के बकाऐ भुगतान को परियोजना पदाधिकारी गुमला के द्वारा कराने हेतु ज्ञापांक 561 दिनांक 23 6 23 को प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के लिए विमुक्त राशि से संवेदकों के द्वारा एस सी ए भद से किए किए गए कार्यों का भुगतान व समायोजन हेतु आदेश पारित किए थे । परंतु परियोजना पदाधिकारी गुमला से संपर्क स्थापित करने पर यह महसूस रहा है कि हमें परियोजना पदाधिकारी गुमला के द्वारा हम संवेदकों का भुगतान होना काफी कठिन प्रतीत हो रहा है । डी एम एफ टी मद मे भी भुगतान हेतू वीपत्र पारीत होने के बाद भी भुगतान में काफी कटौती कर भुगतान किया जा रहा है । जो संवेदकों के लिए काफी मानसिक तनाव का विषय है । संवेदकों ने उपायुक्त से आग्रह किया कि संवेदको के दर्द व परेशानी को समझते हुए बकाये भुगतान की भुगतान कराने का रास्ता निकालें। संवेदको का बैंक से उधार है , व्यापारियों का पैसा बकाया है , मजदूरी भुगतान नहीं कर पाने की स्थिति में परिवार चलाना भी काफी दुभर हो गया है।

## मासिक प्रेसवार्ता : उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गिनायी जिला प्रशासन की उपलब्धियां, कहा

# रबी की खेती में नुकसान उठानेवाले किसानों को दी जायेगी आर्थिक राहत

**पत्रकारों ने भी एक-एक कर जिले की महत्वपूर्ण समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बुधवार को मासिक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में जिले भर के विभिन्न विभागों की उपलब्धियों पर आंकड़े वार परिचर्चा हुई। इस दिशा में जिले के सभी वरीय पत्रकारों ने भी एक एक कर जिले की महत्वपूर्ण समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।

इस दौरान पत्रकारों ने उपायुक्त द्वारा गठित जन शिकायत निवारण सेल के बारे में पूछा जिसपर उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार, मीडिया, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से कई समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त होते हैं। उक्त सभी समस्याओं का अनुपालन एवं उसकी कार्रवाई में विलम्ब न हो एवं किसी एक व्यक्ति को अपने आवेदन को समर्पित करने के बाद बार बार सरकारी कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए जन शिकायत सेल का गठन किया गया है। जिसे जिला स्तर के मॉनिटरिंग टीम द्वारा लगातार मॉनिटर किया जाएगा एवं ये सुनिश्चित किया जाएगा की सभी समस्याओं का निवारण निर्धारित समय अंतराल में हो जाए। इसके अलावा उपायुक्त ने एक और जानकारी दी कि जिला स्तर पर एक ऑनलाइन पोर्टल के भी गठन करने पर कार्य किया जा रहा है, जिसके माध्यम से जनता अपने घरों से ही समस्याओं के विषय में ऑनलाइन अपलोड कर सकेंगे और जिला मॉनिटरिंग टीम उक्त सभी समस्याओं का ससमय निवारण करवाना सुनिश्चित करेंगे।

पत्रकारों ने सूखे के स्थिति में किसानों को सरकार द्वारा दिए जाने वाली सुविधाओं एवं कार्ययोजना के बारे में पूछा। उपायुक्त ने जानकारी दी कि तीन चरणों में इस समस्या का निवारण करने का प्रयास किया जा रहा है। पहले चरण में वैसे किसान जिन्हें रबी की खेती में नुकसान हुआ है उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करते हुए आर्थिक राहत देने का कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरे चरण में वैकल्पिक खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है एवं किसानों को प्रशिक्षण सहित अन्य सरकारी सहायता दी जा रही है। वहीं वैसे किसान जो सुरक्षित पलायन करना चाहते हैं या वैसे लोग जो जिले से बाहर जाकर अच्छी आमदनी कमाना चाहते हैं वैसे लोगों की भी जिम्मेदारी लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तत्कालीन सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अलावा कई अहम मुद्दों पर पत्रकारों ने उपायुक्त से प्रश्न पूछे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जारी थाना पुलिस ने भेजा जेल



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक लड़की ने असरो निवासी पुनित एक्का पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर जारी थाना में एक आवेदन दिया। आवेदन प्राप्त होते ही जारी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया। जिसमें स्वयं थाना प्रभारी मनीष कुमार पुअनि देवानंद राना, पुअनि अंकु कुमार स. अनि अरूण कुमार पांडेय धामिन स. अनि किष्टो राम जारी थाना सशस्त्र बल के जवान ने गढ़ा असरो से आरोपी को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने प्रेस कांफ्रेस करते हुए बताया कि गढ़ा असरो निवासी पुनीत एक्का (26) पिता नोर्बट एक्का, ग्राम गढ़ा असरो, थाना जारी, जिला गुमला के द्वारा ग्राम गढ़ा असरो के सिकट्टा गढ़ी जगह के पास जबरदस्ती दुष्कर्म करने की बात बताई गई और पीड़िता की शिकायत पर कांड दर्ज करते हुए रात्रि में ही वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और पीड़िता को चिकित्सीय जांच हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया।

### अधेड़ महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी और सहयोगी फरार, थाना में प्राथमिकी दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के निकटस्थ एक गांव में मगंलवार की देर रात्रि एक अधेड़ महिला के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया। इस मामले में एक युवक को मुख्य आरोपी और दूसरे को सहयोगी के रूप में चिन्हित किया गया है। जिसको लेकर गुमला थाने में लिखित शिकायत दर्ज की गई है। मामला को संज्ञान लेते हुए पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी में जुट गई है, परंतु अभी तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि 10 से 11 के बीच में दो युवक घर में अकेली रह रही अधेड़ महिला के घर में घुसकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इसके बाद सुबह होते ही अधेड़ महिला का परिवार महिला को लेकर गुमला थाना पहुंचा और लिखित शिकायत थाने में दी है। बताया जाता है कि आरोपी दोनों युवकों में एक युवक जुलाई 2016 को एक महिला से दुष्कर्म के मामले को लेकर जेल गया था जो डेढ़ माह पूर्व जेल से बाहर आया है। इसके बाद फिर से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इधर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि आरोपी दोनों युवकों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस हिरासत में होंगे।

### पैसा डबल करने का झांसा देकर 13 लाख रुपये ठगी की प्राथमिकी दर्ज

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पैसा डबल करने का झांसा देकर तीन अज्ञात लोगों द्वारा 13 लाख रुपए ठगी करने को लेकर लकेया गांव निवासी युवक नीरोज उरांव (31) ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस बाबत जानकारी देते हुए थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि नीरोज उरांव ने 13 लाख रुपए ठगी करने को लेकर तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। दर्ज केस में कहा गया है कि बीते 12 अगस्त को तीन लोग खुद को बिहार का बताते हुए उसके बसिया रोड़ स्थित किराये के मकान में उसके दुकान आए, उससे पैसा डबल करने की बात कहकर 500 रुपए मांगा और 1000 रुपए कर देकर चले गए। दुबारा वे लोग बीते 20 अगस्त को आए तो उसने अपने पास से आठ हजार रुपए दिया जिसे उन लोगों ने डबल करके 16 हजार रुपए देकर फिर चले गए। बाद में फोन करके उन्होंने 15 लाख जमा रखने और उसे डबल करने की बात कही। साथ ही डबल पैसा का 50 प्रतिशत सुद लेने की बात कही। बीते 28 अगस्त को सुबह नौ बजे के करीब तीनों लोग बिना नंबर के सफेद रंग के स्विफ्ट कार में आए और पैसा मांगा, नीरोज ने 13 लाख रुपए उन्हें दे दिया, जिसे उनलोगों ने एक लिफाफे में डाला और कुछ देर बाद एक लिफाफा देकर वे सभी लोग वहां से वाहन में बैठकर चले गए। नीरोज ने लिफाफा खोलकर देखा तो उसमें पैसे की जगह सिर्फ कागज का टुकड़ा भरा था। इसे लेकर पीड़ित ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराकर उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल चेंबर के अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में गुमला अनुमंडल पदाधिकारी सह नगर परिषद के प्रशासक रवि जैन के नाम एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें नगर के कुछ जर्जर सड़कों को नाली सहित बनवाने हेतु आग्रह किया गया। यह मांग पत्र उनके कार्यालय में समर्पित किया गया। पत्र में प्राथमिकता के आधार पर गुमला नगर के चार सड़कों का उल्लेख है। चेंबर मिडिया प्रभारी मो. इम्तियाज ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी सह नगर परिषद प्रशासक से पूर्व में ही इस संबंध में वार्ता हो चुकी थी। प्रतिनिधिमंडल में चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा के साथ उपाध्यक्ष अभिजीत जयसवाल, सचिव बबलू वर्मा, मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज, कार्यकारिणी के ब्रिज फोगला आदि शामिल थे।

### गैस सिलेंडर के दाम कम होने पर चेंबर अध्यक्ष ने जताया पीएम का आभार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने प्रधानमंत्री द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर में 200 रुपये की राशि कम किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है और पीएम को चैंबर की तरफ से बधाई दी। धन्यवाद देते हुए उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा उठाया गया यह सराहनीय कदम है। इससे आम नागरिकों को खास कर-के हमारी घरेलू महिलाओं और व्यापारियों को काफी सुविधा होगी। अब घरेलू गैस सिलेंडर 900 रुपये में मिलेंगे और उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर 700 रुपये में मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आगे भी आशा करते हैं कि आमजन के हित में प्रधानमंत्री ऐसी योजनाएं लाते रहेंगे।

### स्वतंत्रता सेनानी अमानत अली के सौ वर्ष की आयु पूरी करने पर कांग्रेसियों ने मनायी खुशी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता सेनानी, झारखंड आंदोलनकारी व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमानत अली ने अपने जीवन के एक सौ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस पर गुमला के कांग्रेसियों ने खुशी मनाई है। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि अमानत अली को वे निजी तौर पर जानते हैं। चूंकि उनके पिता स्व. बिहारी लाल कसेरा से अमानत अली का गहरा लगाव था। जिस कारण पिता से अक्सर अमानत अली के त्याग, समर्पण व देश के प्रति समर्पित भावना की बातें सुनते थे। आज उनके पिता इस दुनिया में नहीं हैं। लेकिन अपने नेक कार्यो की बदौलत अमानत अली ने जीवन का सौ साल पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि ईश्वर उन्हें दीर्घायु प्रदान करें।

## चाइबासा जिला बल के जवान की मौत के बाद लोगों ने दफन के लिए कब्र स्थल में नहीं दी दो गज जमीन

**हाई वोल्टेज ड्रामा के बाद मामला थाना पहुंचा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के खड़िया पाड़ा निवासी 45 वर्षीय नवीन बाखला जो जिला सशस्त्र बल चाईबासा में पोस्टेड थे। लंबी बीमारी के कारण 27 अगस्त को उनकी मौत हो गई। जिसके बाद 29 अगस्त को उनका शव खड़िया पाड़ा लाया गया। साथ ही अंतिम संस्कार के लिए खड़िया पाड़ा कब्रिस्तान ले जाया गया। मगर लोगों ने शव को दफन किये जाने पर रोक लगा दी। जिसके कारण मौके पर काफी हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। मामले की जानकारी सदर थाना की पुलिस को दी गई। जिसके बाद थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव दफनाने का विरोध कर रहे लोगों को समझाया। मगर लोग सुनने को तैयार नहीं हुए। जिसके बाद पंचायती भी की गई। मगर पंचायती में भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला। तब मृतक के परिजन व पंच प्रेम कूजूर, नोवेल लकड़ा आदि ने थाना में लिखित आवेदन देकर शव को दफन करने से रोके जाने को लेकर सुनील केरकेट्टा, अनिल कूजूर, मधु तिर्की, शिरोमणि बाड़ा के खिलाफ लिखित शिकायत की है। इसके बाद परिजन शव को पैतृक गांव डुमरी बेहरा टोली ले जाकर दफन किये। मृतक का भगिना सह झामुमो नेता रंजन तिर्की ने बताया कि उनके मामा नवीन बाखला अपने पीछे पत्नी सरिता बाखला, बच्चे अशीत बाखला व एलिजा बाखला को छोड़ गए हैं। मामा नवीन बाखला सपरिवार खड़िया पाड़ा में रहते थे। परिवार के लोगों के निधन होने पर खड़िया पाड़ा स्थित सामूहिक कब्र स्थल में दफन होता था। मगर नवीन के शव को कुछ लोगों ने साजिश के तहत दफनाने नहीं दिया। रंजन तिर्की ने कहा कि यह आने वाले दिनो में समाज के लिए हानिकारक बन सकता है।

दफन क्रिया में मृतक के पिता जरी प्रिंसेट बखला, जेरन्दा बखला, ओलिया कुजूर, पुष्पा टोप्पो, मंजू बखला अंजेला बखला, जेम्मा बखला, अभय बखला, प्रेम कुदा, नोबेल लकड़ा, मेडाई टोप्पो, सचिन टोप्पो, जेवियर टोप्पो आदि सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बुधवार का दिन बसिया दुर्घटनाओं का दिन रहा। जिसमें कुल तीन दुर्घटना हुई। तीसरी दुर्घटना में घायल बंगरकेला निवासी संदीप मिंज (35), पिता समीर मिंज की अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी अनुसार संदीप मिंज कुम्हारी बाजार से अपने घर बंगरकेला जा रहा था इसी बीच बंगरकेला के पास पेशाब करने के लिए बाइक से उतरा तभी कुम्हारी से आ रहे एक अज्ञात टेम्पू ने उसे धक्का मार दिया, जिससे वो घायल हो गया।

### टेंपो से गिरकर एक स्कूली बच्चे की मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थानांतर्गत किन्दिरकेला पेट्रोल पंप के पास टेम्पो से गिरकर एक स्कूली बच्चे की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह लगभग साढ़े 6 बजे किन्दिरकेला निवासी शेरशाह खान की पुत्री शशिलता परवीन कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम कोनबीर की छात्रा प्रत्येक दिन की भांति टेम्पू से स्कूल स्कूल जा रही थी इसी बीच किन्दिरकेला पेट्रोल पंप के पास टेम्पो से गिरकर घायल हो गयी। जिसे स्थानीय लोगों द्वारा बसिया रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। डॉक्टर द्वारा मृत घोषित होने के बाद परिजन शव को घर ले गए। स्कूली बच्चे को स्कूल लाने ले जाने के लिए टेम्पो संचालक एक टेम्पो में 12 से पंद्रह बच्चों तक को लाद कर स्कूल लाते-ले जाते हैं।

## सुविधा और सफाई विहीन हैं कब्रिस्तान और श्मशान

**मिशन बदलाव ने डीसी से अंतिम पड़ाव में सुविधा बहाल करने की मांग रखी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** मिशन बदलाव की टीम प्रत्येक धर्म के अंतिम पड़ाव यानी कब्रिस्तान, श्मशान आदि में घूम कर वहां आम लोगों की जरूरतों और मिली सुविधाओं का जायजा ले रही है। इस संबंध में मिशन की महिला जिला अध्यक्ष सैयदा खातून और नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा के नेतृत्व में उपायुक्त से मिलकर मांग पत्र भी दिया गया है। श्मशान घाट की समस्याओं को लेकर मिशन बदलाव का कहना है कि श्मशान या कबिस्तान वो जगह है जहां पर हर परिवार के सदस्य एवं सभी धर्मों के लोगों का जाना होता है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में तो श्मशान घाटों पर तमाम सुविधाएं न के बराबर हैं। वहां न ही बिजली पानी की सुविधा है न आवश्यक संसाधन हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के अंतिम पड़ाव अभी भी सुविधाविहीन हैं। इन जगहों पर बिजली, पानी और छाया तक की व्यवस्था नहीं है। अंतिम संस्कार के लिए जाने बाले सैकड़ों लोग सर्दी, गर्मी और बरसात में दो तीन घण्टे खड़े रहकर अंतिम संस्कार की क्रिया में भागीदारी करते हैं और बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह बन जाती है। मिशन बदलाव के जिला सचिव सैयदा खातुन ने कहा कि गुमला विधानसभा के विधायक एवं संसद से अपील की है कि सभी शमशान घाट में अपने निधि और कोष का उपयोग कर सभी सुविधाओं का बहाल करें।

### बहनोई ने साले को ईट से सिर में मारकर किया घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुरदरी थाना अंतर्गत बहागड़ा निवासी 27 वर्षीय संतोष उरांव को उसके ही बहनोई नौडीहा करंज टोली निवासी शिवचरण उरांव ने सिर में ईट से मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद संतोष का दिमागी हालत खराब हो गयी और उसकी याददाश्त चली गई। परिजनों द्वारा घायल को रात 10:00 बजे सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं इलाज कर रहे डॉक्टर ने सीटी स्कैन कराने की सलाह दी। घटना के बारे में संतोष की पत्नी ने बताया कि दोनों हम लोग धान का रोपा रोपने नौडीहा करंज टोली अपने ससुराल गए थे। मंगलवार की अपराह्न दोनों साला बहनोई शराब पीने चले गए। वहीं किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। जिसके बाद शिवचरण ने संतोष के सिर में ईंट से मार दिया। इसके बाद वह किसी को नहीं पहचान रहा है। उसकी याददाश्त चली गई है।

### कृषि विज्ञान केंद्र ने किया रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन




**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर के द्वारा मंगलवार को बिशनपुर पंचायत के पंचायत भवन में रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिशनपुर प्रखंड की प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी ने किया। इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के द्वारा किसानों में जागरूकता आएगी। कार्यक्रम में अंचल अधिकारी धनंजय पाठक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के किसानों के द्वारा मोटा अनाज बड़े पैमाने पर किया जाता है। कार्यक्रम में विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि जहां हम पुराने समय में इस प्रकार के अनाजों की भरमार थी लेकिन बीच के समय में धान एवं गेहू की उपयोगिता बढ़ाने के कारण इनका क्षेत्रफल भी कम हुआ एवं उनके उपयोग में भी कमी आई लेकिन अब इसकी महत्ता को देखते हुए जहां किसानों में जागरूकता बढ़ी है। वहीं पर महिलाओं के द्वारा विभिन्न प्रकार की रेसिपी भी तैयार कर रही हैं और उपयोग कर रही हैं। अब जरूरत है उसे बाजार व्यवस्था देने की जिससे इन चीजों की मांग बढे। इस कार्यक्रम में डॉक्टर संजय कुमार ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि इस प्रकार की रेसिपी का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र तीन प्रखंडों में करेगा साथ ही साथ कृषि विज्ञान केंद्र महिलाओं के द्वारा उत्पादित विभिन्न सामग्रियों के बाजार हेतु विभिन्न संगठनों एवं विभागों के माध्यम से इन्हें बाजार सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। इस कार्यक्रम में लिलमणि तिर्की ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हम महिलाएं आने वाले दिनों में मोटा अनाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करती रहेंगी। इस कार्यक्रम में 65 प्रकार व्यंजन महिलाओं के द्वारा बनाया गया था जिसे प्रदर्शित किया गया। साथ ही साथ इस कार्यक्रम में डॉक्टर निशा तिवारी ,डॉक्टर नीरज कुमार, अटल बिहारी तिवारी, एन ओ राय, सुनील कुमार, डॉक्टर विनोद कुमार, योगेश कुमार, शुभम कुमार दास के साथ-साथ 95 महिलाओं ने भाग लिया।

## प्रदर्शन : राशन नहीं मिलने से नाराज लाभुकों ने डीलर के खिलाफ प्रखंड कार्यालय में जताया आक्रोश

# अंगूठा लगवा कर राशन नहीं देने की डीलर के खिलाफ की शिकायत

**ग्रामीणों ने सीओ को आवेदन सौंपते हुए महामाया जन वितरण प्रणाली की दुकान की जांच कर डीलर को अविलंब हटाने की मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सीओ ने तीन दिन के अंदर स्थलीय जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने के दिये निर्देश**

सीओ धनंजय पाठक ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा महामाया जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के द्वारा अंगूठा लगवा कर राशन नहीं दिए जाने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है। जो प्रथम दृष्टया में सही प्रतीत हो रहा है। जिसको लेकर प्रखंड पंचायती राज प्रभारी पदाधिकारी जितेंद्र उरांव सहायक गोदाम प्रबंधक बालचंद उरांव आदि पदाधिकारी की संयुक्त जांच टीम बनाई गई है, जिन्हें तीन दिन के अंदर स्थलीय जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की निर्देश दिया गया है। जांचों उपरांत ग्रामीणों का आरोप सच साबित हुआ तो निश्चित कार्रवाई होगी।

**बिशुनपुर।** अंगूठा लगवा कर महामाया महिला मंडल के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार के द्वारा राशन नहीं दिए जाने से संबंधित मामला बुधवार को तब प्रकाश में आया जब अचानक सेरका, चट्टी, जालिम, मैला, हीसीर, सियार टोली, नवागढ़, आदि गांव के ग्रामीण काफी संख्या में मुखिया जयमंती उरांव सरपंच हिरामुनी देवी एवं पूर्व मुखिया बिल्टू लोहार के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय पहुंचकर घेराव किया एवं अंचलाधिकारी धनंजय पाठक को समस्या से अवगत कराते हुए डीलर आयता भगत के खिलाफ आवेदन सौंपते हुए बताया है कि उक्त दुकान महामाया महिला मंडल के नाम से है परंतु उक्त राशन दुकान का असंवैधानिक तरीके से विगत कुछ वर्षों से आयता भगत के द्वारा संचालन किया जा रहा है। साथ ही साथ हम लाभुक ग्रामीणों को बुलाकर अंगूठा लगवा लिया जाता है और राशन बाद में लेने की बात कह कर भेज दिया जाता है। यह कोई नयी बात नहीं है।

इसी क्रम में लोगों ने बताया कि जून-जुलाई अगस्त का राशन कुछ लोगों को दे कर ज्यादातर लोगों का राशन डीलर द्वारा गबन कर लिया गया है। अगर तत्काल माह की बात करें तो अगस्त माह का राशन दुकानदार द्वारा नहीं दिया गया है जबकि गोदाम संचालन पदाधिकारी की मानें तो डीलर के द्वारा अगस्त माह का राशन दिनांक 14.7.2023 को ही उठाव कर लिया गया है। बावजूद अगस्त माह का ग्रामीणों का ऑनलाइन अंगूठा रजिस्ट्रेशन के उपरांत भी राशन वितरण नहीं किया गया है, जो गंभीर विषय है।

इधर ग्रामीण ने सीओ को आवेदन सौंपते हुए महामाया जन वितरण प्रणाली के दुकान की जांच करते हुए डीलर को अभिलंब हटाने की मांग की है ताकि समय से ग्रामीणों को राशन उपलब्ध हो सके।

मौके पर लाभुकों में पति प्रसाद उरांव, सारंग उरांव, सहदेव उरांव, सुखराम उरांव, पवन उरांव, करमदयाल उरांव, बासदेव उरांव, लक्ष्मी देवी, हिरमनिया देवी, रधनी देवी, सुंदरी देवी, मगंरी देवी, हीरो देवी सहित लगभग 300 कार्ड धारी उपस्थित थे।

## हिंदू-मुस्लिम बहनों ने पांकी विधायक की कलाई पर बांधी राखी, मिले उपहार



**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने नीलांबर पितांबरपुर स्थित अपने फार्म हाउस में बुधवार को रक्षा बंधन त्योहार को लेकर आयोजित कार्यक्रम में पांकी विस क्षेत्र के लगभग सभी जलसहिया बहनों के साथ रक्षाबंधन त्योहार मनाया। सभी प्रखंड से बारी-बारी से विधायक डॉ शशी भूषण मेहता की कलाई पर राखी बांधकर 2024 में झारखंड का मंत्री बनने की अग्रिम बधाई भी दी। इस कार्यक्रम में सैकड़ो जलसहिया बहनें विधायक डॉ मेहता को मिठाई खिलाकर उनकी कलाई पर राखी बांधी। वहीं पांकी विधायक कहा कि जलसहिया बहनों के मान सम्मान की रक्षा के लिए हम सदैव तत्पर रहेंगें। कहा कि जलसहियाओं का 48 महीनों ते रुके मानदेय को लेकर विधानसभा में आवाज भी उठाया है। जलसहिया बहनों द्वारा ड्रेस मांग किया गया था। हमने सभी जलसहिया बहनों को दो-दो साड़ी सेट और सिंगार की सामग्री सहित मिठाई के लिए 500-500 रुपये उपहार स्वरूप भेंट किया है। आने वाला समय में केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बननी तय है। जैसे ही भाजपा की सरकार प्रदेश में बनती है जल सहिया को मंथली वेतन चालू किया जाएगा। इस मौके पर गुलशन बीबी, अजमेटी खातुन, फिरोजा खातुन, जेहरा बीबी, सबनम बीबी, जीना खातुन, जिलाध्यक्ष पिंकी विश्वकर्मा, प्रखंड अध्यक्ष इंदु देवी, अंशु देवी, पिंकी देवी, विवाह देवी, अनीता देवी,सरिता देवी, सरोज देवी,असम देवी, सुनैना देवी, प्रतिमा देवी आदि उपस्थित थीं।

## पुलिस जवानों को राखी बांधकर मनाया रक्षा बंधन पर्व

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर राजकीय कृत विद्यालय की छात्राओं ने बुधवार को जैप आठ में पहुंच कर पधाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को राखी बांधी। बच्चों ने कहा कि देश के सैनिक व पुलिस जवान निरंतर अपनी तैनाती को लेकर त्योहारों में शामिल नहीं हो पाते हैं। यह आम जनों के सुरक्षा को लेकर अपनी खुशियों को त्याग देते हैं। ऐसे जवानों की कलाई सुनी न रहे इसीलिए विद्यालय की ओर से रक्षाबंधन कार्यक्रम पुलिस जवानों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने कतार में खड़े होकर जैप आठ के पुलिस भाईयों के माथे पर चंदन, रोली और अक्षत का तिलक लगाने के बाद उनकी कलाईयों पर राखी बांधी। वहीं, प्राचार्य अमरेश सिंह ने बच्चों को रक्षा बंधन पर्व की बधाई दी। जबकि एएसआई अभय कुमार ने बताया कि रक्षा बंधन का त्योहार बहन अपनी भाई की रक्षा करने के लिए कसम खाते हैं। कहा कि जब भगवान श्री कृष्ण सुदर्शन चक्र चला रहे थे तो उनकी उंगली कट गई थी। उनकी बहन द्रौपदी ने अपनी साड़ी के कोर फाड़ कर उंगली बंधी थी। उस दिन सावन पूर्णिमा का दिन था। तभी से यह त्योहार मनाया जाता है। कार्यकर्म में अभय कुमार, एएसआई बुचू पाल, शिवनारायण, गोपाला सिंह, हरेंद्र कुमार, संतोष साह आदि उपस्थित थे।

## कार्रवाई : आरोपित पेशेवर अपराधी, जांच में जुटी पुलिस

# तीन लुटेरे गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** सतबरवा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को तीन समाजविरोधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना की जानकारी सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने इस दिन संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि विगत 17 अगस्त को बरवाडीह रोड के चोन्हवा घाटी के पास एक बाइक और मोबाइल फोन की लूट हुई थी, जिसे तीन लोगों ने मिलकर अंजाम दिया था। जिसका सतबरवा थाना में कांड संख्या 8723 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। इसके बाद पलामू एसपी रिश्मी रमेशन और एसडीपीओ ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में अनुसंधान शुरू किया गया। इस दौरान पुलिस को सफलता मिली और पाटन थाना क्षेत्र से राजन कुमार पासवान पिता मुखलाल मांझी, अरमान अंसारी और कंचन कुमार जो घटना में शामिल थे तीनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इससे पहले भी एक बार इन लोगों ने एक बाइक लूटी थी जो उन्हीं के रिश्तेदारों का था। पता चलने पर उन्होंने वापस लौटा दिया था। ये लोग जब लूट कांड को अंजाम देते थे उस समय मोबाइल लेकर नहीं जाते थे, ताकि पुलिस उनका पता लगा। इनके पास से दो बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। वहीं, छापामारी दल में थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, एसआई शिव कुमार, एसआई राहुल कुमार गुप्ता, आरक्षी विकास कुमार समिति पुलिस के जवान शामिल थे।



पकड़े गए आरोपितों की जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

## डीलर ने राशन कार्ड धारी को राशन देने से किया इंकार

**उटारी/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत मुरमा खुर्द ग्राम पांडेपुर टोला बाधपर में महिला दास समूह ने राशन कार्ड धारी ललन राम को पंचिंग लगवाकर राशन देने से इनकार कर दिया है। अगस्त महीने का राशन नहीं देने से कार्डधारी आक्रोश में है। अगस्त माह का राशन गबन करने के खिलाफ में प्रखंड प्रमुख अलका कुमारी को प्रखंड कार्यालय में आवेदन देकर राशन मुहैया कराने की अपील की है। उटारी प्रखंड के एमओ को भी प्रखंड कार्यालय में आवेदन देकर महिला दास समूह डिलर के खिलाफ में कानूनी कार्रवाई करते हुए राशन कार्डधारी को राशन मुहैया कराने को अपील की गई है। महिला दास समूह डीलर इससे पहले भी कई बार इसी तरह राशन गबन कर चुकी है।

## कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने की जरूरत : डॉ ईश्वर

सोना सोबरन योजना के तहत प्रखंड कार्यालय में लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोना सोबरन योजना के तहत बुधवार को दर्जनों लाभुकों के बीच धोती-साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रंभा कुमारी और संचालन मुकेश कुमार ने किया। लाभुकों के बीच धोती-साड़ी व लुंगी का वितरण भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की ओर से संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने की जरूरत है। जिसमें विभागीय अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है। जिसका निर्वहन ईमानदारी के साथ किया जाना चाहिए। ताकि योजनाएं धरातल पर उतर सके। इससे पहले प्रमुख रंभा कुमारी और उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह ने ईश्वर सागर चंद्रवंशी को बुके देकर प्रखंड कार्यालय में स्वागत किया। मौके पर जिला पार्षद विजय रविदास, प्रभारी बीडीओ विक्रम आनंद, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, इमामुल हक गुड्डू, बैद्यनाथ राम, विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज लाल, अनूप कुमार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, अमरेश तिवारी, मनीष कुमार, विजय रवि आदि थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रेम, सहयोग व विश्वास की डोर को बांधे रखता है रक्षाबंधन : निदेशक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर किड्स जोन स्कूल में बुधवार को रक्षाबंधन त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के सभी कक्षाओं में छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधी। एक-दूसरे को चॉकलेट व मिठाई खिलाकर आपसी विश्वास और भाइचारे को बढ़ावा दिया। वहीं, विद्यालय के निदेशक कामरान खान ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्रेम, सहयोग और विश्वास को बढ़ावा देता है। इस दौरान सभी छात्रों ने अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर शिक्षक अरविंद कुमार, प्रियांशी कुमारी, ज्योति चौहान, हलीमा खातून, खुशबू परवीन, हिना नाज, समन, अर्श, अदनान खान व छात्राओं में निहारिका, नंदनी, मोनी कुमारी, अनुष्का कुमारी, मीरा, जयकुश, सबनम, जिकारा, जहांगीर, शाहिल, जिशान, विशाल, आयुष, आदर्श, प्रिंस, कृष्णा और जितेंद्र आदि मौजूद थे।

### भाजमो के जिलाध्यक्ष ने जिला कमेटी का किया विस्तार

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पूर्व वित्त मंत्री सरयू राय की पार्टी भारतीय जनतंत्र मोर्चा पलामू के जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने बुधवार को जिला कमेटी का घोषणा की। जिला कमेटी में उपाध्यक्ष हरि नारायण प्रजापति व प्रेम रंजन तिवारी, महामंत्री अरविंद पांडे, अमित केसरी व गोरख पाठक, जिला मंत्री रोहित मेहता, अमित दूबे, दिलीप बैठा, सर्वजीत भारती व अनुज शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील सिंह, मीडिया प्रभारी चंद्रेश कुमार शर्मा, जिला कार्य समिति में अनूप शर्मा, राजा विश्वजीत दुबे, सूर्य देव पासवान, नागेश्वर साव, त्रिपुरारी विश्वकर्मा, भागलपुरी यादव, देवेंद्र प्रजापति, विकास ठाकुर, पिंटू सोनी और संरक्षक शत्रुघ्न ओझा को बनाया गया है। पांडे ने कहा है कि बाकी बचे हुए पदाधिकारी की घोषणा बाद में की जाएगी। जिला अध्यक्ष जिले के घोषित पार्टी पदाधिकारियों से आशा व्यक्त किया है कि दृढ़ संकल्पित होकर पार्टी के लिए कार्य करेंगे और जनता की समस्याओं को उठाएंगे। समस्याओं का समाधान करेंगें।

### पोषण ट्रैकर व मातृत्व वंदना योजना का लाभ पहुंचायें : किरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को बाल विकास परियोजना अंतर्गत संचालित 248 आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं की मासिक बैठक हुई। इस दौरान महिला पर्यवेक्षिका किरण कुमारी, नीलम कुमारी व पोषण ट्रैकर के परियोजना सहायक राकेश कुमार ने बताया कि पोषण ट्रैकर में लाभार्थी की प्रविष्टि, आधार का सत्यापन, वजन, ऊंचाई की शत प्रतिशत प्रविष्टि करें और गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लिये फॉर्म भरकर जमा करें। इस मौके पर दमयंती देवी, नीलिमा सिन्हा, चंद्रावती देवी, प्रमिला सिंह, विद्या सिन्हा, सुशीला देवी, लीलावती देवी, जहांआरा वेगम, बासमती देवी, जयंती देवी आदि उपस्थित थी ।

## माता-पिता के आशीर्वाद के बिना हर काम अधूरा : आनंद शंकर

ज्योति प्रकाश महिला बीडीओ कांलेज में मनाई गई ज्योति बाबू की 103वीं जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता





**मेदिनीनगर।** समाज के धरोहर रहे स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की 103वीं जयंती बुधवार को ज्योति प्रकाश महिला बीईडी कॉलेज में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कॉलेज की छात्राओं के लिए स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की स्मृति में चल रहे निःशुल्क विद्यालय ज्योति प्रकाश विद्यापीठ के बच्चों और शहर के जाने-माने शास्त्रीय संगीत गायक राम और श्याम कॉलेज की छात्रा काजल कुमारी द्वारा भजन गाकर श्रद्धांजलि दी गई। नेहा रानी ने पिता पर बहुत अच्छा कविता बोला। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी की प्रतिमा पर उनकी पत्नी द्रौपदी देवी, बड़े पुत्र आनंद शंकर, पौत्र आकर्ष आनंद, पौत्र वधू सह कॉलेज की निदेशक शिवानी आनंद और शहर से आए अतिथि पत्रकार देवव्रत जी, ज्ञानचंद पांडे, सुरेश जैन, राजेश्वर पांडे, नवल तुलसियान, प्रभात अग्रवाल, डॉ आरपी सिन्हा, सरस जैन, कृष्ण अग्रवाल, अविनाश वर्मा, जय शर्मा, शीला सिंह ने सामूहिक रूप से प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित करते हुए माल्यार्पण किया। इस अवसर पर मां द्रौपदी देवी ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश द्वारा लिखी एवं नई रूप से पुनः छापी गई किताब सीधा रास्ता का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के बड़े पुत्र आनंद शंकर ने सबों का स्वागत करते हुए अपने पिता की स्मृति में कहा कि वह हमेशा साहित्य, संगीत और शिक्षा के प्रति समर्पित रहते थे। वे हमेशा कहते थे साहित्य, संगीत एवं शिक्षा तीनों मां सरस्वती का वरदान है। उनकी उपासना करने वाले समाज के सर्वोत्तम लोग होते हैं। इस लिए साहित्य, संगीत एवं शिक्षा देने के लिए खोली गई संस्थाओं को मंदिर कहा जाता है। जहां मां सरस्वती की पूजा होती है। यह मंदिर जितना खुलेगा समाज उतना ही तरक्की करेगा। आज हमारे पिता के सहयोग से खोली गई ज्योति प्रकाश जनता शिवरात्रि कॉलेज एवं रोटरी स्कूल आनंद शंकर हजारों लोगों को शिक्षा दे रही। अब हमारा परिवार इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए अपने अन्य व्यवसाय के साथ ही महिलाओं के लिए जहां ज्योति प्रकाश महिला बीईडी कालेज और ज्योति प्रकाश विद्यापीठ निःशुल्क पाठशाला का निर्माण कराया वहीं हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल एवं जेनी किड्स भी निर्माण कर उस कड़ी को आगे बढ़ा रहा है। अब हम जल्द संगीत महाविद्यालय का निर्माण करने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम का संचालन साक्षी गुप्ता और प्रियंका पांडे ने किया। इस मौके पर राजदेव उपाध्याय, अरविंद अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह होरा, पुनीत सिंह, अरविंद गुप्ता, नरेंद्र पांडे, राजहंस अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, डिंपल, आलोक माथुर, रितेश कुमार कटर, सुबोध गुप्ता, संजय भगत, संजय सिंह और नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।


## अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान महिला की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड क्षेत्र के बेरु गांव निवासी तरन्नुम बीबी (36) नामक महिला का न्यू लाइफ लाइन नामक नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान मौत हो गई। बताते चलें कि मंगलवार को तरन्नुम बीबी को सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। पर चंद पैसों के लालच में एनएम सुनीता देवी और स्वास्थ्य सहिया सरोज देवी ने परिजनों को बहला फुसलाकर अपने निजी न्यू लाइफ लाइन नर्सिंग होम में ले गई। पर वहां प्रशिक्षित डॉक्टर नहीं रहने के कारण महिला की मौत हो गई। जिससे परिजन और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। चिकित्सा प्रभारी डॉ रिय्याज अनवर ने स्वास्थ्य सहिया सरोज देवी को तत्काल निलंबित कर दिया है। वहीं, न्यू लाइफ लाइन नर्सिंग होम को मजिस्ट्रेट सीआई महावीर प्रसाद, चिकित्सा प्रभारी रिय्याज अनवर ने सील कर दिया। गौरतलब है कि पांकी में ऐसे दर्जनों अवैध नर्सिंग होम हैं जहां हमेशा इस तरह से मरीजों की जान गंवानी पड़ती है। पिछले महीने सफदर नर्सिंग होम में भी एक मरीज की मौत हो गई थी। भोले भाले लोग अक्सर दलालों के चक्कर में आकर मरीजों का इलाज कराने पंहुचते रहते है। पर प्रशिक्षित डॉक्टर नहीं रहने के कारण इलाज के दौरान कई मरीजों की मौत हो जाती है। लेकिन इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई कर्रवाई नहीं की जाती है। इस कारण अवैध नर्सिंग होम पर लगाम नहीं लग पाता है। इससे झोला छाप डॉक्टरों का भी मनोबल बढ़ा रहता है। जांच के नाम पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लीपापोती की जाती है।

## स्पोर्ट्स



सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने यूएस ओपन में दमदार वापसी करते हुए एलेक्सजेंटर मुलर को सीधे सेटों में 6-0,6-2,6-3 से हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली है।

## सफलता : एलेक्जेंडर मुलर को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे

# जोकोविच ने जीत के साथ की दमदार वापसी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने यूएस ओपन में दमदार वापसी करते हुए एलेक्जेंडर मुलर को सीधे सेटों में हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। जोकोविच ने पहले दौर का मुकाबला 6-0, 6-2, 6-3 से अपने नाम किया। उन्होंने बुधवार को स्पेनिश खिलाड़ी बनार्बे जपाटा मिरालेस के खिलाफ दूसरे दौर का मुकाबला भी खेला। इस जीत के साथ ही जोकोविच फिर से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे।

23 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच को पिछले साल अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी, क्योंकि उन्होंने कोविड-19 का टीका नहीं लगवाया था। दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच ने यूएस ओपन के पहले दौर में अपने शत-प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड बरकरार रखा और लगातार 17वीं बार इस टूनार्मेंट के पहले दौर का मुकाबला अपने नाम किया। इस जीत के बाद वह 11 सितंबर को जारी होने वाली एटीपी विश्व रैंकिंग में जोकोविच स्पेनिश खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज को हटाकर नंबर एक खिलाड़ी बनेंगे।

### 2021 में मेदवेदेव से हारे थे

आर्थर ऐश स्टेडियम में कोको गॉफ का मैच लगभग तीन घंटे तक चला और फिर पुरुषों के बराबर महिलाओं को पुरस्कार राशि मिलने की 50वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम के कारण जोकोविच का मुकाबला काफी देर से शुरू हुआ। इससे पहले जोकोविच अमेरिका में यूएस ओपन में 2021 में खेले थे तब फाइनल में डेनिल मेदवेदेव ने उन्हें हरा दिया था।

## भारत लौटे 18 साल के प्रज्ञानानंद, चेन्नई में स्वागत को उमड़ी भारी भीड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर और मौजूदा समय में सबसे बेहतरीन शतरंज खिलाड़ी प्रगनाननंदा शतरंज विश्व कप में सबसे युवा उपविजेता बनने के बाद अपने घर लौट आए हैं। 18 साल के प्रगनाननंदा ने इस साल शतरंज विश्व कप में दुनिया के कई बेहतरीन खिलाड़ियों को हराने के बाद जमकर सुर्खियां बटोरी हैं और वह बेहद लोकप्रिय हो चुके हैं। वह जब अपने घर लौटे तो चेन्नई में लोग बड़ी संख्या में उनका इंतजार कर रहे थे।

भीड़ के बीच प्रगनाननंदा को सुरक्षा के साथ ले जाया गया। इस दौरान उनके प्रशंसकों ने उन पर फूलों की बारिश की। उन्हें बुके और शॉल के साथ सम्मानित किया गया। प्रगनाननंदा के स्वागत का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उनके प्रति चेन्नई के लोगों का प्यार देखने को मिल रहा है। प्रगनाननंदा ने गर्मजोशी और उत्साहपूर्ण स्वागत पर प्रसन्नता व्यक्त की और उस क्षण की भव्यता को स्वीकार किया। हार्दिक कृतज्ञता के साथ, उन्होंने उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया जो उनकी पूरी यात्रा में उनके साथ खड़े रहे, उनके प्रोत्साहन ने इन लोगों की भूमिका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## लालगढ़ के पंजरी खुर्द गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भवन की रखी गयी आधारशिला, हुआ भूमि पूजन



आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भूमिपूजन करते पुरोहित।

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** लालगढ़ पंचायत के पंजरी खुर्द में बनने वाले आंगनबाड़ी केंद्र भवन का बुधवार को मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने आधारशिला रखी। इसे लेकर भूमि पूजन भी किया गया। बतातें चले कि विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत के पंजरी खुर्द गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण होना है। जिसे लेकर बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र भवन की आधारशिला रखी गयी। इससे पहले कई ग्रामीणों के उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन लालगढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने बतौर जजमान किया। मौके पर पंसस सूरजमल राम, पूर्व पंसस प्रताप कुमार, पंचायत सचिव चंदा सिन्हा, रोजगार सेवक जितेंद्र कुमार चौधरी, वार्ड सदस्य राम विकास पाठक, राजीव पाठक, भूमिदाता महेंद्र पाठक, मुकेश पाठक, आनंद पाठक, सौरभ पाठक, पंकज ठाकुर, जितेंद्र चौधरी, बसंत पासवान, देवेंद्र पाठक, दिनेश पाठक, कृष्ण चौधरी, गौतम पाल, संतरा देवी, पूनम देवी और मीरा देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 31 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



## न्यूज रील्स

### लोकसभा-विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि उनकी पार्टी पांच राज्यों में इस साल होनेवाले विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। विपक्षी दलों के आइएनडीआइए गठबंधन की मुंबई बैठक से एक दिन पहले इस एलान से साफ हो गया है कि बसपा विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेगी।

### कर्नाटक में गृह लक्ष्मी योजना शुरू

मैसूरु। राहुल गांधी ने बुधवार को मैसूरु में कर्नाटक सरकार की गृह लक्ष्मी योजना का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और रणदीप सुरजेवाला मौजूद रहे। योजना के लिए रजिस्ट्रेशन करनेवाली 1 करोड़ 09 लाख 54 हजार महिलाओं के खाते में 2000 रुपये पहुंच गये। राहुल ने कहा कि हमने 100 दिन के अंदर पांच वादे पूरे कर दिये।

### चंद्रयान-3 ने पहली फोटो भेजी

बेंगलुरु। चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर ने बुधवार सुबह विक्रम लैंडर की एक तस्वीर क्लिक की। रोवर पर दो नेविगेशन कैमरे लगे हैं, जिनसे ये फोटो क्लिक की गयी है। इसमें विक्रम लैंडर पर लगा पेलोड 'चास्टे' सतह पर ड्रिलिंग करता दिख रहा है।

## खेल : अंतरराष्ट्रीय मानकों वाली खेल अकादमी का उद्घाटन

# किट में सभी के लिए खेल की शुरुआत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर किट एंड किस द्वारा सभी के लिए खेल कार्यक्रम शुरू किया गया है। मंगलवार को किट दिलिप तिर्की हॉकी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में किट एंड किस के संस्थापक अच्युत सामंत, पैरालिंपियन और विश्व पैरा बैडमिंटन चैंपियन प्रमोद भगत, किट एंड किस स्पोर्ट्स के महानिदेशक डॉ. गगनेंदु दास प्रमुख ने भाग लिया और भारत के खेल दिग्गज गोरब ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी। ध्यानचंद को याद करते हुए श्री भगत ने कहा, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प ने ध्यानचंद को परिचय दिया. वह




खेल की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि खेल एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने एवं प्रोत्साहित करने में किट एवं किस ने अग्रणी भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर श्री सामंत ने खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि अगर आप धैर्य, दृढ़ संकल्प और एकाग्रता के साथ खेलना जारी रखेंगे तो एक न एक दिन सफलता जरूर मिलेगी. उन्होंने छात्रों को किट और किस में व्यापक खेल बुनियादी ढांचे का अच्छा उपयोग करके विभिन्न खेलों में देश और राज्य का नाम रोशन करने की सलाह दी। श्री सामंत ने कहा कि उनका एक सपना है कि कैसे किट और किस 10 से 12 खिलाड़ी 2028 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रमोद भगत के नाम पर किट एंड किस स्पोर्ट्स एकेडमी और प्रमोद भगत इंडोर बैडमिंटन हॉल का उद्घाटन किया गया। बचपन में खेलने का अवसर नहीं मिलने के बावजूद, श्री सामंत ने खेल को विकसित करने का प्रयास जारी रखा। चूंकि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक राज्य में खेलों के विकास के लिए बड़े कदम उठा रहे हैं, श्री सामंत हमेशा सही खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करते हैं। देश में खेल प्रतिभाएं तो बहुत हैं लेकिन उनके पास अवसरों की कमी है। चूंकि किट और किस में अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल बुनियादी ढांचा है, इसलिए प्रतिभाओं को वहां उचित प्रशिक्षण दिया जायेगा। कुल मिलाकर बच्चों को 17 अलग-अलग सेक्शन में लिया जाएगा, जबकि प्राथमिक चरण में बच्चों को 13 सेक्शन में लिया जाएगा और हर सेक्शन में 100 बच्चों को लिया जायेगा। प्रतिभाशाली बच्चों को शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में सफल होने के लिए प्रशिक्षण और अन्य अवसर दिए जाएंगे।

## डुमरी उपचुनाव को लेकर लक्ष्मण सिंह ने की जनसभा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के डुमरी विधान सभा मझलाडीह में उपचुनाव को लेकर जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, महादेव दुबे, आदित्य साहु, यशोदा देवी, नागेंद्र महतो, अमित तिवारी, सोनू, एनडीए प्रत्यासी यशोदा देवी जी के लिए जनता से भारी से भारी मतों से विजय बनाने की अपील की गयी। यह चुनाव राज्य सरकार का दिशा निर्देश तय करेगा।

## कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा प्रबंधित कृषि विज्ञान संस्थान (आईएएस) ने 20 सदस्यीय प्रतिनिधि टीम के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बालिअंता ब्लॉक अंतर्गत पाणिकटा गांव के किसानों को जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया था। कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने पाणिकटा के ग्रामीणों को फसलों को रासायनिक उर्वरकों से दूर रखते हुए बैगन फसलों में कांडबिंधा कीड़ों की समस्या का बेहतर प्रबंधन करने के बारे में सिखाया और उन्हें जैविक उर्वरकों की आवश्यकता के बारे में भी बताया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में गांव के लगभग 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए कृषि महाविद्यालय के डीन प्रो. संतोष कुमार राउत, ग्राम संयोग करण कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अंशुमान जेना और सोआ कृषि विस्तार विभाग के सहायक प्रोफेसर सिमंतिनी शासनी ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

# एलवी प्रसाद नेत्र संस्थान ने आमजनों से नेत्रदान का संकल्प लेने का किया आग्रह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** नेत्र दान के महत्व के बारे में जन जागरूकता पैदा करने और लोगों को मृत्यु के बाद अपनी आंखें दान करने के लिए प्रेरित करने के लिए हर साल 25 अगस्त से 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्र दान पखवाड़ा मनाया जाता है। पूरे वर्ष, और विशेष रूप से, नेत्रदान पखवाड़े के दौरान, एलभि प्रसाद आई इंस्टीट्यूट (एलभिपीईआई) जनता के बीच नेत्रदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित करता है। नेत्र बैंकिंग के विभिन्न पहलुओं पर नेत्र देखभाल कर्मियों के लिए शैक्षिक कार्यक्रमों की भी योजना बनाई गई है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गुणवत्तापूर्ण कॉर्निया ऊतक की उपलब्धता कॉर्निया अंधापन से निपटने में बाधा न बने। कॉर्निया रोग भारत में अंधेपन का एक प्रमुख कारण है। भारत में 10 मिलियन अंधे लोगों में से 2 मिलियन से अधिक भारतीय कॉर्निया अंधापन से प्रभावित हैं - उनमें से 60% 12 वर्ष से कम उम्र के हैं। यह कॉर्निया रोग, चोट या संक्रमण के कारण हो सकता है जहां आंख का कॉर्निया अपारदर्शी हो जाता है। अपारदर्शी कॉर्निया वाला व्यक्ति देख नहीं सकता है, इस स्थिति को कॉर्निया अंधापन के रूप में जाना जाता है। कॉर्निया अंधापन की भयावहता बहुत बड़ी है और किसी देश पर इसका प्रतिकूल प्रभाव और भी बड़ा है। ‍ह्लहम लोगों से आग्रह करते हैं कि वे आगे आएं और नेत्रदान का संकल्प लें। नेत्रदान किसी व्यक्ति की मृत्यु और उसके परिवार वालों की सहमति के बाद ही हो सकता है। इसलिए यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि नेत्रदान का संकल्प लेने वाला व्यक्ति अपने परिवार के सदस्यों को सूचित करता है और उनसे अपनी मृत्यु के बाद इसे निष्पादित करने का अनुरोध करता है। नेत्र दान करके, हम किसी ऐसे व्यक्ति को दृष्टि दान कर सकते हैं जो देखने में सक्षम नहीं है, और मृत व्यक्ति की स्मृति को जीवित रख सकते हैं, ह्लडॉ सुजाता दास, मेडिकल डायरेक्टर, दृष्टिदान आई बैंक, मिथु तुलसी चंद्राई कैंपस, एलभि प्रसाद आई इंस्टीट्यूट कहती हैं।

# एनटीपीसी में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन हुआ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार की पहल के तहत राष्ट्रीय खेल दिवस 2023 का आयोजन 29 अगस्त 2023 को कोयला खनन मुख्यालय में कर्मचारी कल्याण संघ के सहयोग से समावेशी और फिट समाज के लिए एक समर्थक के रूप में खेलः थीम के साथ किया गया था। हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में भारत में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कर्मचारियों ने सामूहिक भागीदारी और फिटनेस गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल को अपने दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवा) श्री टी के कोनार द्वारा ः फिट इंडिया प्रतिज्ञाः ली। इस कार्यक्रम में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, इस अवसर पर खेल को समर्पित दिन



मनाने के लिए इनडोर खेल यानी शतरंज और कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा, सबसे फिट और स्वस्थ कर्मचारी को खोजने के लिए कर्मचारियों के बीच प्लैंक व्यायाम प्रतियोगिता आयोजित की गई। राष्ट्रीय खेल दिवस देश के खेल नायकों और चैंपियनों को भी समर्पित है, जो देश को गौरवान्वित करने में उनके योगदान और समर्पण का सम्मान करते हैं। खेल के मूल्योंः अनुशासन, दृढ़ता, खेल भावना, टीम वर्क के बारे में जागरूकता बढ़ाने और फिट और स्वस्थ रहने के महत्व पर जोर देते हुए बड़े पैमाने पर जनता को खेल को अपनाने और इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# एमसीएल में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2022-23 का समापन और पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस), भुवनेश्वर क्षेत्र। एवं ।। के तत्वावधान में 29 अगस्त 2023 को संबलपुर स्थित कंपनी मुख्यालय में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2022-23 का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। एमसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) ओपी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में मुख?य अतिथि के रूप में श्री प्रभात कुमार, महानिदेशक, डीजीएमएस, धनबाद उपस्थित थे जबकि एसडी चिद्दरवार उप महानिदेशक (डीजीएमएस), दक्षिण पूर्वी क्षेत्र, रांची सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस समारोह का शुभारंभ मंगलदीप प्रज्वलन व सुरक्षा ध्वजारोहण के साथ हुई। समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने उन कोयला खनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित



किया जिन्होंने देश की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान देते हुए तथा अपने कर्तव्य का पालन करते हुए जीवन का बलिदान दिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा 23 स?टल वाली प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया। उक?त प्रदर्शनी में नयी पहल, उपकरण प्रदर्शन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित उपकरण प्रदर्शित किए गए जो खनन कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महानिदेशक श्री प्रभात कुमार ने सुरक्षा मानकों को बढ़ाने में एमसीएल की उल्लेखनीय प्रयासों की भूरी भूरी प्रशांसा करते हुए कहा कि वर्चुअल रियलिटी-आधारित प्रशिक्षण में एमसीएल की अग्रणी पहल की भी सराहना की, जिसमें खनन क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने की क्षमता पर प्रकाश डाला। श्री कुमार ने बल देते हुए कहा कि कोयला खनन क्षेत्र में प्रौद्योगिकी उपयोग के साथ उत्पादन कई गुना बढ़ा है। इसलिए, कार्यस्थल पर उन्नत सुरक्षा सुविधाओं को शामिल करना समय की मांग है। उन्होंने आगे सलाह दी कि हमें सुरक्षा बढ़ाने के लिए अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रौद्योगिकी को अनुकूलित करने में अतिरिक्त प्रयास करना चाहिए। सीएमडी ओपी सिंह ने अपने संबोधन में एमसीएल के संकल्प 'सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है' को दोहराते हुए कहा कि सुरक्षा सुनिश्चित करतु हुए एमसीएल को हमेशा नंबर वान कोयला उत्पादक कंपनी बनाये रखने पर बल दिया एवं एमसीएल को एक नम?बर कंपनी बनाने हेतु डीजीएमएस, ट्रेड यूनियन नेताओं और एमसीएल परिवार के सहयोगात्मक प्रयासों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि 17000 श्रमिकों को वीआर आधारित सिम्युलेटेड प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों को हाई-टेक स्मार्ट कक्षाओं में अपग्रेड किया जा रहा है। सुरक्षा पखवाडा समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में कंपनी कार्य में उत्कृष्टता प्रदर्शित करने वाले कर्मियों, ठेकेदारों, खानों और क्षेत्रों को अतिथियों द्वारा 86 पुरस्कार प्रदान किए गए एवं एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया।

# 31 अगस्त से भुवनेश्वर क्षेत्र में ट्रेन सेवाएं सामान्य हो जायेंगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** रेलवे सुरक्षा आयुक्त आज मंचेश्वर और भुवनेश्वर के बीच खुर्दा रोड-बारंग तीसरी लाइन के अंतिम चरण के सिग्नलिंग कार्यों का निरीक्षण करेंगे। पूर्व तट रेलवे के विभिन्न स्थानों पर बुनियादी ढांचे और सुरक्षा संबंधी प्रमुख कार्य 12 से 30 अगस्त के बीच चल रहा था। मंचेश्वर रेलवे स्टेशन के लेआउट में बड़े बदलावों के साथ-साथ 17 से 30 अगस्त तक भुवनेश्वर और मंचेश्वर के बीच तीसरी लाइन से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना कार्य शुरू किया गया। भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन में सिग्नलिंग प्रणाली की प्रमुख पुनर्व्यवस्था। इस अवधि के दौरान भुवनेश्वर कोच रखरखाव डिपो में प्रवेश और निकास बुरी तरह प्रभावित हुआ। परियोजना कार्य के दौरान भुवनेश्वर से चलने वाली या गुजरने वाली कुछ ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द कर दिया गया था।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**